वर्ष 73 अंक 170 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 20 मार्च, 2026
चैत्र शुक्ल पक्ष 02, विक्रम संवत् 2083
नगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

सफलता अंतिम नहीं है और
असफलता घातक नहीं है।
मायने रखता है तो बस
आगे बढ़ने का साहस।
-अज्ञात

**ऑफ बीट**

## एक साथ खरीदी 4 लॉटरी टिकट, चारों में जीता



*अमेरिका के साउथ कैरोलिना से एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आई है, जहां एक महिला ने ऐसा कारनामा कर दिखाया जिसे सुनकर हर कोई हैरान है, इस महिला ने एक ही बार में चार लॉटरी टिकट खरीदे और हैरानी की बात यह रही कि चारों टिकट जीतने वाले निकले। यह घटना अब सोशल मीडिया पर चर्चा का बड़ा विषय बन चुकी है और लोग इसे किस्मत का कमाल बता रहे हैं। महिला ने बताया कि उसने ये टिकट लिबर्टी शहर के वेस्ट मेन स्ट्रीट पर स्थित स्टॉप-अ-मिनिट स्टोर से खरीदे थे, उसने 5-5 डॉलर के चार स्क्रैच-ऑफ टिकट लिए थे। आमतौर पर ऐसे टिकट छोटे इनाम देते हैं, लेकिन इस बार कहानी बिल्कुल अलग थी। महिला ने यह टिकट सिर्फ यूं ही खरीदे थे, लेकिन उसे अंदाजा नहीं था कि यह फैसला उसकी जिंदगी बदल देगा। महिला के मुताबिक, पहले दो टिकट से उसे कुल 20 डॉलर मिले। तीसरे से 5 डॉलर का इनाम मिला, लेकिन चौथे टिकट ने किस्मत बदल दी। यह 'नियॉन जैकपॉट' गेम का टिकट था, जिसमें उसे 2 लाख डॉलर का बड़ा जैकपॉट मिल गया।*




### 22 महीने की सबसे बड़ी गिरावट: सेंसेक्स 2497, निफ्टी 776 अंक टूटा

# शेयर बाजार धड़ाम, निवेशकों के 13 लाख करोड़ से अधिक डूबे

**मुंबई, जेएनएन।** शेयर बाजार में गुरुवार को 22 महीने की सबसे बड़ी गिरावट रही। सेंसेक्स 2497 अंक (3.26 फीसदी) गिरकर 74,207 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 776 अंक (3.26 फीसदी) की गिरावट रही, यह 23,002 पर आ गया है। बैंकिंग-ऑटो शेयर्स में सबसे ज्यादा बिकवाली रही। इससे पहले 4 जून 2024 को सेंसेक्स 5.74 फीसदी गिरा था। जियोपॉलिटिकल तनाव और जंग जैसी स्थिति में महंगाई बढ़ने का खतरा रहता है। इससे कंपनियों का मुनाफा कम हो सकता है। ऐसे में निवेशक उनके शेयर बेचना शुरू कर देते हैं और इसे सुरक्षित जगह निवेश करते हैं। इससे बाजार में गिरावट आती है। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कल के 439 लाख करोड़ से घटकर आज 426 लाख करोड़ रुपए पर आ गया है। यानी सिर्फ एक दिन में निवेशकों की वेल्थ में 13 लाख करोड़ रुपए की कमी दर्ज की गई है।

**एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन का इस्तीफा, शेयर 5 फीसदी गिरा:** एचडीएफसी बैंक के पार्ट-टाइम चेयरमैन और इंडिपेंडेंट डायरेक्टर अतनु चक्रवर्ती ने देर रात पद से इस्तीफा दे दिया। इससे आज इसके शेयर में 5.11 फीसदी की गिरावट रही। ये 43 रुपए गिरकर 800 रुपए पर आ गया है। चक्रवर्ती ने बैंक के कामकाज के तौर-तरीकों पर सवाल उठाए हैं। इस्तीफे की वजह बताते हुए लिखा-पिछले दो साल के दौरान मैंने बैंक के भीतर कुछ ऐसी घटनाओं और तौर-तरीकों को देखा है, जो मेरे व्यक्तिगत मूल्यों और नैतिकता से मेल नहीं खाते। चक्रवर्ती के जाने के बाद रिजर्व बैंक की मंजूरी से केकी मिस्त्री को 19 मार्च से तीन महीने के लिए अंतरिम चेयरमैन नियुक्त किया गया। मिस्त्री बैंक के बोर्ड में नॉन-ईडी काम कर रहे थे।

### बाजार गिरने की तीन बड़ी वजहें




- **अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध से सप्लाई चेन बिगड़ गई है।**
- **कच्चे तेल के दाम बढ़कर 114 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गए हैं।**
- **अमेरिका, एशियाई बाजारों में गिरावट का असर भारत पर।**

### एशियाई बाजार में गिरावट

- जापान का निक्केई इंडेक्स 3.38 फीसदी गिरा, 53,372 पर बंद हुआ।
- साउथ कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 2.73 फीसदी गिरा, 5,847 पर बंद।
- हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 2.02 फीसदी गिरकर 25,500 के अंक पर बंद हुआ।
- चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 1.39 फीसदी नीचे 4,006 पर बंद हुआ।

### अमेरिकी बाजार में 18 मार्च को गिरावट रही

- डाउ जोन्स 768 अंक (1.63 फीसदी) गिरकर 46,225 के स्तर पर बंद हुआ।
- टेक बेस्ड इंडेक्स नैस्डैक कंपोजिट 1.46 फीसदी गिरकर 22,152 पर बंद हुआ।
- एसएंडपी 500 इंडेक्स 91 अंक (1.36 फीसदी) गिरकर 6,624 पर बंद हुआ।

### गैस की कीमतों में 30 फीसदी तक का उछाल

ईरान की ओर से खाड़ी देशों के एनर्जी ठिकानों पर नए हमलों के बाद गुरुवार को ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल और नेचुरल गैस की कीमतों में 30 फीसदी तक की तेजी रही। जंग शुरू होने के बाद से भारत में क्रूड की कीमतें लगभग दोगुनी होकर 146 डॉलर पर पहुंच गई हैं। इसके बढ़ने से भारत में गैस सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ सकते हैं।

### चांदी 20 हजार गिरी सोना भी 7 हजार सस्ता

सोने-चांदी की कीमतों में गुरुवार को गिरावट रही। एक किलो चांदी की कीमत 20 हजार घटकर 2.30 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले कीमत 2.50 लाख रुपए किलो थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 7 हजार गिरकर 1.48 लाख पर आ गया है। इससे पहले 18 मार्च को सोना 1.55 लाख प्रति 10ग्राम था।

### भारत में क्रूड की कीमतें 146 डॉलर के करीब

पश्चिम एशिया में जंग से पहले 27 फरवरी को इंडियन बास्केट क्रूड की कीमतें 71 डॉलर थी, जो 18 मार्च को बढ़कर 146 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं। वहीं, इंटरनेशनल बेचमार्क ब्रेंट क्रूड 73 डॉलर के नीचे था। आज इसकी कीमत 114 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गई है।

### एक-दो हफ्ते तक यही तेजी रही तो कीमतें बढ़ाने का होगा दबाव

भारत जरूरत का 85 फीसदी कच्चा तेल और 50 फीसदी से ज्यादा गैस आयात करता है, इसलिए वहां की हर हलचल हमारी जेब और इकोनॉमी पर असर डालती है। अगर कच्चा तेल इसी स्तर पर बना रहा, तो सरकारी तेल कंपनियों के लिए मौजूदा कीमतों पर पेट्रोल-डीजल बेचना मुश्किल होगा। ऐसे में आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 10 से 15 रुपए तक की बढ़ोतरी का दबाव बन सकता है। सरकारी तेल कंपनियों ने फिलहाल मार्जिन को कम या घाटा सहकर कीमतों को कंट्रोल में रखा है। हालांकि, इसके बावजूद अगर अगले 1-2 हफ्ते तक क्रूड इसी स्तर पर बना रहता है, तो सरकार के पास दाम बढ़ाने के अलावा कोई चारा नहीं बचेगा।

# परंपरा, आधुनिकता के संतुलन से राज्य को बनाएंगे समृद्धः सीएम

### तीसरे जल गंगा संवर्धन अभियान का इंदौर से आगाज

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार का उद्देश्य परंपरा और आधुनिकता के संतुलन के साथ राज्य को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि आने वाली पीढ़ी को गौरवशाली विरासत के साथ बेहतर भविष्य मिल सके। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान हमारी सनातन संस्कृति की सबसे पवित्र धारा का अभियान है। मुख्यमंत्री गुरुवार को इंदौर के इस्कॉन मंदिर पसिसर में जलगंगा संवर्धन अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मप्र नदियों का मायका है, जहां से 250 से अधिक नदियां निकलती हैं।

मां नर्मदा के पवित्र जल से मप्र के साथ गुजरात में भी आनंद की धारा बह रही है। हमारी नदी जोड़ो परियोजनाओं का लाभ पड़ोसी राज्य राजस्थान, उत्तर प्रदेश को भी मिल रहा है। जल संचय के अभियान में देशभर के जल स्त्रोतों के विकास कार्य करने का निर्णय लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल संरक्षण को राष्ट्रीय अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। पिछले वर्षों में प्रदेश में लाखों जल संरचनाओं पर कार्य किया गया है। उन्होंने नागरिकों से जल संरक्षण में भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि यह अभियान केवल सरकारी नहीं, बल्कि जन-जन का आंदोलन होना चाहिए। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की नगरी के इस्कॉन मंदिर से हो रही है।



### कुएं-बावड़ी का जीणोद्धार करना होगा

सीएम ने कहा, इंदौर के जानापाव से निकली चंबल आगे बढ़कर यमुना में मिलकर गंगा जी की धारा को समृद्ध करती है। हमारी नदियां शरीर की रक्त धमनियों की तरह है, जो पृथ्वी माता को जीवन देती हैं। ब्रह्मांड में जल के महत्व से हम सभी परिचित हैं। अगर जीवन को सफल करना है, तो प्राचीन समय के उन कुएं, नदियां, तालाब, बावड़ी का जीर्णोद्धार करना होगा। डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान समय में आधुनिक संसाधन जीवन को सुखद और आनंदमय बनाने के लिए हैं। बिजली से एसी चलाते समय खिड़की-दरवाजे बंद रहने से संकट की स्थिति भी बन सकती है, इसलिए घरों में बिजली के सर्किट, कॉमर्शियल लाइनें और उपभोक्ताओं की लाइनों की समय-समय पर जांच होनी चाहिए। इलेक्ट्रिक व्हीकल की चार्जिंग के दौरान विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

# मल्होत्रा विधायक बने रहेंगे, पर वेतन नहीं

- सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट का फैसला खारिज
- शर्तें-राज्यसभा चुनाव में वोटिंग नहीं डाल सकेंगे, वेतन भी नहीं मिलेगा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मप्र की विजयपुर विधानसभा सीट को लेकर चल रहे कानूनी विवाद में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मल्होत्रा की विधायकी बरकरार रखते हुए मप्र हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच के उस आदेश को खारिज कर दिया है, जिसमें रामनिवास रावत को विधायक घोषित किया गया था। सुप्रीम कोर्ट में मल्होत्रा का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने दलीलें पेश कीं। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की डबल बेंच ने मल्होत्रा को राहत तो दी लेकिन अंतिम फैसला आने तक पाबंदियां भी लगाई हैं। ऐसे में मल्होत्रा जून में होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए वोट नहीं डाल पाएंगे। जब तक कोर्ट इस मामले में अपना अंतिम निर्णय नहीं सुना देता, तब तक उन्हें विधायक के रूप में मिलने वाला वेतन, भत्ते नहीं दिए जाएंगे। अगली सुनवाई 23 जुलाई को होगी।










# माँ भगवती की ड्योढ़ी में माथा टेकने पहुंचे श्रद्धालु




## चैत्र नवरात्रि प्रारम्भ, माता के जयकारों से गूंजे मंदिर, रानीतालाब रहा विशेष आस्था का केंद्र

**जागरण,रीवा।** माता के जयकारों के साथ गुरुवार को चैत्र नवरात्र व नवसंवत्सर का प्रारम्भ हो गया। जिलेभर के देवी मंदिरों में अलसुबह से ही आस्था का सैलाब उमड़ा रहा। सुबह से दोपहर तक भक्तगण माता के दर्शन के लिए मंदिरों की ड्योढ़ी में टिके रहे। वहीं शाम होते-होते भक्तों की टोली फिर माता के दरबार में जम गई। इस दौरान भक्तों ने माता के दर्शन किये और विधि-विधान से हवन, पूजन आदि किया। मंदिरों में भजन, भगत का दौर भी साथ-साथ चलता रहा। नवरात्रि के पहले दिन गुरुवार को रानी तालाब स्थित माता काली के दरबार में नगर के करीब 30 हजार से अधिक भक्तों ने माथा टेका। भक्तों में महिला व पुरुष सभी शामिल रहे, जो लगातार जय माता की, जोर से बोलो जय माता की आदि जयकारे लगाते रहे। भोर से ही नगर के भक्त माता रानी की एक झलक पाने मंदिर की ओर भागते नजर आये और कतारबद्ध होकर माता के दर्शन लिये। वहीं भक्तों को नारियल समेत पूजन की सामग्री के लिए परेशान न होना पड़े, इसके पहले ही जिला प्रशासन द्वारा दुकानें आवंटित कर विधिवत लगवाई जा चुकी हैं। मंदिर परिसर में बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रही। नगर निगम प्रशासन द्वारा भी अन्य व्यवस्थाएं कराई गई। ज्ञात हो कि चैत्र नवरात्रि पर माता रानी के दरबार में वैसे तो सामान्य दिनों में भी भक्तों की भीड़ रहती है, लेकिन नवरात्रि के दिनों में भीड़ बढ़ जाती है। ऐसे मंदिर में आने वाले भक्तों को देवी का दर्शन आसानी से हो सके, इसके लिए पुलिस ने बैरक लगाकर व्यवस्था बनाई है।

### फूलमती माता मंदिर में उमड़ी भीड़

वार्ड 15 में स्थित फूलमती माता मंदिर में भक्तों की अपार भीड़ जुटी रही। बताया गया है कि यहां पर भी हजारों भक्तों ने माता के दर्शन कर मंगल कामनाएं कीं। भीड़ ज्यादा देख पुलिस को यहां पर भी व्यवस्था अपने हाथ में लेनी पड़ी। नवरात्रि उत्सव का असर नगर से लेकर पूरे जिले में रहा। अधिकांश साधक व्रत रखकर मातारानी को जल चढ़ाने उत्सुक नजर आये।

**सुख-समृद्धि का मांगा आशीर्वाद :** शहर के अन्य देवी मंदिरों में भी भक्तगण सुबह से जल चढ़ाने पहुंचते रहे। माता को जल अर्पण कर श्रद्धालु घर की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगते रहे। श्रद्धालुओं की आस्था पर इस गर्मी का भी कोई प्रभाव नहीं दिखा, जिसके चलते पूरे दिन मंदिर परिसरों में श्रद्धालुओं का खासा उत्साह देखने को मिला। लक्ष्मण बाग, किला मंदिर, चिरहुला मंदिर व अन्य मंदिरों में भी रविवार को श्रद्धालुओं का जमावड़ा रहा। जिसे जहां माता के दर्शन हुए, सबने पूरी श्रद्धा के साथ उसका लाभ उठाया।

### सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश

माँ काली मंदिर रानी तालाब रीवा में चैत्र नवरात्रि मेला व भक्तगणों की सुरक्षा के लिए कलेक्टर ने पर्याप्त पुलिस जवानों की तैनाती के लिए एसपी रीवा व कमांडेंट होमगार्ड को निर्देश दिए हैं। जवानों की तैनाती के साथ गोताखोर की ड्यूटी लगाने को कहा है। अन्य व्यवस्था के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को कहा है।

**महालक्ष्मी कांच मंदिर में अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित :** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत्सर रामनवमी के पावन अवसर पर काँच से निर्मित महालक्ष्मी मंदिर में गुरुवार सुबह 10 बजे से अखंड ज्योति पूजा अर्चना के साथ प्रज्ज्वलित की गई और भक्तगणों को प्रसाद वितरण किया गया।

# इस वर्ष ऐतिहासिक होगा श्रीराम नवमी उत्सव : काली



## समिति के कार्यालय का संरक्षक सुनील सिंह ने किया शुभारंभ

**जागरण, रीवा।** गुरुवार को स्टेच्यू चौराहा, किला रोड स्थित श्री राम नवमी उत्सव समिति के कार्यालय का विधिवत मंत्रोच्चार एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सुनील सिंह एवं ननि नेता प्रतिपक्ष दीनानाथ वर्मा, वरिष्ठ समाजशेवी प्रह्लाद सिंह, प्रकाश तारानी, हरीश ढींगरा सहित समिति के कार्यकारी सदस्य, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में रामभक्त उपस्थित रहे। श्री राम नवमी उत्सव समिति के अध्यक्ष नरेश काली, सचिव दिव्यांशु गौतम एवं कोषाध्यक्ष अशोक मिश्रा, युवा प्रमुख विपिन मिश्रा, शोभा यात्रा प्रभारी अमित ठारवानी, प्रचार प्रसार प्रमुख अंशुमान गुप्त एवं अन्य पदाधिकारियों ने आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष श्री राम नवमी का आयोजन और अधिक भव्य, अनुशासित एवं जनसहभागिता के साथ संपन्न किया जाएगा। साथ ही श्रीराम नवमी के अवसर पर इसके लिए शहर भर में व्यापक साज-सज्जा तथा जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा तथा प्रत्येक घर तक आमंत्रण पहुँचाने की योजना बनाई गई है। उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम के पावन जन्मोत्सव को भव्य रूप देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी सहित विहिप विभाग संगठन मंत्री अवधेश सिंह, विभाग मंत्री विश्वनाथ खारौल, गोपाल दास माझी, नारायण ताम्रकार, प्रकाश गुप्ता, महेश ठारवानी, अमित डिगवानी, पीयूष त्रिपाठी, पप्पू मांजानी, सुमित माँजवानी समेत समिति ने सभी रामभक्तों एवं नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में परिवार सहित जुड़कर सनातन संस्कृति की गरिमा को आगे बढ़ाएं।



# पचमठा में नाट्य मंचन से जीवंत हुआ सम्राट विक्रमादित्य का युग



## महाराजा विक्रमादित्य पर आधारित भव्य विक्रमोत्सव का किया गया आयोजन

**जागरण, रीवा।** नवसंवत्सर एवं नवरात्रि के पावन अवसर पर रीवा के पंचमठा मंदिर में महाराजा विक्रमादित्य पर आधारित भव्य विक्रमोत्सव का आयोजन किया गया। सूर्यकोटि ब्रह्मध्वज के पूजन के साथ नववर्ष एवं कार्यक्रम की शुरुआत हर्षोल्लास के साथ हुई। इस ऐतिहासिक आयोजन का मुख्य आकर्षण रंग अनुभव शिक्षा समिति की नाट्य संस्था द्वारा विनोद मिश्रा के निर्देशन में प्रस्तुत सम्राट विक्रमादित्य के युग पर आधारित भव्य नाट्य मंचन रहा, जिसने उपस्थित जनसमूह को इतिहास की स्वर्णिम गाथा से जोड़ दिया। इस अवसर पर ज्वॉइंट कलेक्टर आरके सिन्हा ने कहा कि हमारी परंपरा और संस्कृति को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना हमारा कर्तव्य है। निगम उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि नाटक के माध्यम से सभी को हमारे स्वर्णिम इतिहास को जानने का अवसर मिला है। कार्यक्रम के शुभारंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा ब्रह्मध्वज का पूजन किया। इस अवसर पर विक्रम संवत के इतिहास पर आधारित पुस्तक भी अतिथियों को भेंट की गई। कार्यक्रम का संचालन दिनेश नामदेव एवं शिवानंद तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद अख्तर अली, राजबहोर, ज्वॉइंट कलेक्टर आरके सिन्हा, उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर सुरभि जैन, सहायक यंत्री राजेश चतुर्वेदी, गीता प्रतिष्ठानम से एसएन दुबे, बीएल मिश्रा, रमेश गिरी, जनप्रतिनिधि अशोक वर्मा, राजेश नामदेव सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

एन सी एल NCL नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(एक मिनीरत्न कम्पनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

निविदा सूचना

"सीआईएल एवं अनुषंगी कम्पनियों द्वारा सामग्री, कार्य एवं सेवाओं हेतु निर्गत सभी निविदाएँ www.coalindia.in/ सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी, सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं केंद्रीय लोक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त GeM Portal https://gem.gov.in के द्वारा भी प्रोक्योरमेंट किया जाता है।" R-79

# सड़क सुविधा से वंचित है पूर्व सांसद का सुमेदा गांव : वीरभद्र



**रीवा।** जिले के सेमरिया विधानसभा का सुमेदा गांव अभी तक किसी भी मुख्य सड़क से नहीं जुड़ पाया है, जबकि इस गांव के देवराज पटेल सांसद रह चुके हैं। इसके बावजूद सुमेदा गांव की जनता सड़क सुविधा से वंचित है। यह आरोप गांव के समाजसेवी वीरभद्र पटेल लगाते हुए बताया कि वर्तमान में बनकुइयां सुमेदा मार्ग बेहद जर्जर हालत में पहुंच गया है। सन 1978-79 में इस सड़क का मिट्टीकरण एवं मुरमीकरण किया गया था। इसके बाद से आज तक सड़क का निर्माण नहीं होने के कारण सुमेदा गांव की लगभग तीन हजार की आबादी धूल उड़ती सड़क में आने जाने के लिए मजबूर है। सन् 1978-79 में मुरमीकरण के समय बनकुइया से सुमेदा बिहरा गावं की लंबाई लगभग 7 किलोमीटर थी। इसके बाद यही सड़क 1996-97 में बनकुइयां से सुमेदा करियारी नदी और देवी मंदिर तक लगभग 6 किलोमीटर तक बनाई गई। इसके बाद सन् 2014-15 में सुमेदा गांव के अंदर 3 किलोमीटर प्रधानमंत्री सड़क का निर्माण किया गया। लेकिन किसी भी मुख्य मार्ग से इसे जोड़ा नहीं जा सका है। समाजसेवी वीरभद्र पटेल ने बताया कि बनकुइयां-सुमेदा मार्ग को डेगरहट चोरमारी होकर रामपुर बाघेलान से जोड़ा जा सकता है।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433

आयुष्मान में निःशुल्क एवं कैशलेश ईलाज की सुविधा उपलब्ध
कीमोथेरेपी | शिशु रोग विभाग | पथरी का ऑपरेशन
हड्डी का ऑपरेशन | कैंसर का ऑपरेशन | प्लास्टिक सर्जरी
जनरल सर्जरी | आकस्मिक सुविधा | यूरो सर्जरी
जबड़े का फ्रैक्चर
नेशनल हॉस्पिटल, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें- 18008890620, 8608600604 7566831551

शहर का तापमान/मौसम

अधिकतम 30.0°c | न्यूनतम 18.0°c

जिले भर में मौसम खुला रहने के साथ तेज धूप के आसार

• 11 • राज्य • 31 • संस्करण    मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

## द्वितीय ब्रह्मचारिणी



माँ दुर्गा की नव शक्तियों का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। यहां 'ब्रह्म' शब्द का अर्थ तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात् तप की चारिणी-तप का आचरण करने वाली। कहा भी है-वेदस्तत्त्वं तपो ब्रह्म-वेद, तत्व और तप 'ब्रह्म' शब्द के अर्थ हैं। ब्रह्मचारिणी देवी का स्वरुप पूर्ण ज्योतिर्मय एवं अत्यन्त भव्य है। इनके दाहिने हाथ में जाप की माला एवं बाएं हाथ में कमंड है। पूर्व जन्म में जब ये हिमालय के घर पुत्री-रूप में उत्पन्न हुईं थीं तब नारद के उपदेश से इन्होंने भगवान शंकर जी को पति रूप में प्राप्त करने कठिन तपस्या की। इसी से इन्हें तपश्चारिणी अर्थात ब्रह्मचारिणी नाम से अभिहित किया गया। एक हजार वर्ष उन्होंने फल-मूल खाकर व्यतीत किए थे। सौ वर्षो तक केवल शाक पर निर्वाह किया था। कुछ दिनों तक कठिन उपवास रखते हुए खुले आकाश के नीचे वर्षा और धूप के भयानक कष्ट सहे।

## नहीं दिखा ईद का चांद, अब शनिवार को मनाया जायेगा त्योहार



फाइल फोटो

**जागरण, रीवा।** एक माह रोजा रखने के बाद मुस्लिम समुदाय ने शुक्रवार को ईद मनाने की पूर्ण तैयारी कर रखी थी किन्तु शहर में गुरुवार को ईद का चांद नजर नहीं आया, समाजजनों ने आज (शुक्रवार) चांद दिखाई देने की संभावना जताई है जिसके चलते शुक्रवार की बजाय शनिवार को ईद का त्योहार मनाया जाएगा। समाजजनों का अनुमान है कि शुक्रवार को निश्चित तौर पर ईद का चांद दिखाई देगा। इस तरह अब पांचवें व आखिरी जुम्मे की नमाज आज अता की जायेगी। ईद के त्योहार की तैयारी पहले से ही कर ली गई है। बस चांद दिखने का इंतजार है।

## नगर निगम की नोटिस के बाद जर्जर बस स्टॉपरों की निर्माण प्रक्रिया शुरू

### नये टेंडर में बस स्टॉपर के साथ एक दुकान का भी किया जाएगा निर्माण





**जागरण, रीवा।** शहर में जर्जर हो चले बस स्टॉपरों का नया निर्माण किये जाने का टेंडर दो माह पूर्व जनवरी में निकाला गया था लेकिन निर्माण प्रारंभ नहीं हो पा रहा था। लेकिन नगर निगम की नोटिस मिलते ही निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। कॉलेज चौराहे में स्थित दोनों तरफ के बस स्टॉपरों को नया निर्माण के लिए खोद दिया गया है। नये बस स्टॉपरों का निर्माण नई डिजाइन में किया जाएगा। बस स्टॉपरों की नई डिजाइन में इसमें एक दुकान का निर्माण भी शामिल किया गया है। इसका टेंडर यूनिक एडवरटाइजिंग को मिला है। गौरतलब है कि पूर्व में शहर में 21 बस स्टॉपरों का निर्माण किया गया था। इनमे में अधिकांश बस स्टॉपरों की हालत काफी जर्जर हो गई थी। लोगों के बैठने के लिए कुर्सिया तक नहीं बची। वर्तमान में केवल चार बस स्टॉपर ही सही सलामत हैं। इनको छोड़कर शेष 17 बस स्टॉपरों के निर्माण के लिए जनवरी में नगर निगम द्वार टेंडर किया गया था जो फिर से यूनिक एडवर टाइजिंग को मिला है और अब इनके निर्माण का काम भी प्रारंभ कर दिया गया है।

## टांसपोर्ट नगर के डेवलपमेंट को नगर निगम का बड़ा प्लान

# ढाई एकड़ जमीन में बनेगा रीवा शहर का दूसरा अंतर्राज्यीय बस अड्डा

जागरण स्पेशल न्यूज

### पीपीपी मोड में न्यू बस स्टैंड की तर्ज पर होगा निर्माण, ननि ने कंसल्टेंट एजेंसी हायर करने भेजा प्रस्ताव





जागरण, रीवा

शहर के विकास में एक और नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। रीवा शहर में एक और अंतर राज्यीय बस स्टैंड की सौगात शहर वासियों को मिलेगी। इसके लिए नगर निगम ने जगह चिन्हित का औपचारिक कार्यवाही शुरू कर दी है। ट्रांसपोर्ट नगर में शहर का दूसरा आईएसबीटी बनेगा। इसका निर्माण भी पीपीपी मोड में किया जाएगा। यह सौगात शहर वासियों को आगामी दो वर्षों में मिल सकती है। बता दें कि नगर निगम आयुक्त डॉ.सौरभ सोनवणे द्वारा वर्षों से उपेक्षा का दंश झेल रहे शहर के ट्रांसपोर्ट नगर के विकास को लेकर लगातार कार्य किया जा रहा है। यहां पूर्व में लाजिस्टिक हब सहित लीज पर जमीनों को विक्रय करने की योजना पर काम किया जा चुका है, जिससे नगर निगम एक ओर आत्मनिर्भर बन रहा है, वहीं दूसरी ओर शहरी क्षेत्र के लोगों को लाभ मिल रहा है। अब आयुक्त ननि ने ट्रांसपोर्ट नगर में शहर का दूसरा आईएसबीटी बनाने की योजना पर काम शुरू किया है, जिसके लिए प्लान तैयार कर लिया गया है और अब इसके निर्माण संबंधी पूरा खाका तैयार करने के लिए कंसल्टेंट एजेंसी हायर की जानी है। जिसके टेंडर के लिए प्रस्ताव एमआईसी में भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही एजेंसी हायर कर आगे का कार्य शुरू होगा।

### लॉजिस्टिक हब का होना है टेंडर

नगर निगम द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर में ही लॉजिस्टिक हब बनाया जा रहा है। 31 हजार वर्ग फीट के करीब जमीन निगम लीज में देगा। जिससे निगम को आय होगी और लॉजिस्टिक हब बन जाने से यहीं शहर के भीतर स्टॉक होने वाला माल स्टॉक होगा। शहर के अंदर बड़ी गाड़ियों का प्रवेश बंद हो जाएगा। रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट नजदीक होने से इसके बनने से काफी लाभ होगा। रीवा शहर के ट्रांसपोर्ट को एक नई गति मिलेगी।

> ट्रांसपोर्ट नगर में पीपीपी मोड पर आईएसबीटी बनाने की योजना है। ढाई एकड़ जमीन में करीब 80 बसों के लिए अंतर्राज्यीय बस स्टैंड बनाया जाएगा। कंसल्टेंट एजेंसी हायर करने एमआईसी में प्रस्ताव भेजा गया है।
>
> **डॉ.सौरभ सोनवणे**
> **आयुक्त ननि**

### अभी 30 करोड़ लागत निर्धारित

बता दें कि जो प्लान अभी नगर निगम ने तैयार किया है, उसके अनुसार करीब ढाई एकड़ जमीन में अंतर्राज्यीय बस स्टैंड का निर्माण किया जाएगा। पीपीपी मोड पर बनने वाले इस बस स्टैंड के लिए अभी 30 करोड़ का प्रस्ताव तैयार है। जिसमें कामर्शियल बिल्डिंग, 80 बसों के खड़े होने की जगह, सहित बस स्टैंड के भीतर दुकान निर्माण आदि का प्लान अभी है। कसंल्टेंट एजेंसी द्वारा अभी इसमें जन सुविधा व निगम के आर्थिक लाभ को देखते हुए बदलाव भी किया जा सकता है।

### 14 वर्ष पूर्व हुआ था निर्माण

शहर में एक अंतर्राज्यीय बस स्टैंड पहले से ही है, यह बात अलग है कि यहां कुछ राज्यों के लिए ही बसें मिलती हैं, इसे भी पीपीपी मोड पर बनाया गया था, जिसका निर्माण वर्ष 2012 के करीब हुआ था। अब 14 वर्ष बाद एक बार फिर नगर निगम शहर के बढ़ते ट्रांसपोर्ट को देखते हुए इस योजना पर काम कर रहा है। बता दें कि ट्रांसपोर्ट नगर में सिटी बस स्टैंड पहले से है। अब अंतर्राज्यीय बस स्टैंड बनाया जाएगा। पुराने बस स्टैंड को भी यही शिफ्ट कर दिया जाएगा। शहर के बाहरी हिस्से में बस स्टैंड होने से कई तरह की समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

## प्रतिबंध लगा होने के बाद भी शहर में बेधड़क घुस रहें भारी वाहन



### अंधगति से चलाने के कारण आए दिन हो रही टूट-फूट, दुर्घटना भी घट सकती है

**जागरण, रीवा।** शहर के अंदर सुबह पांच बजे से रात्रि 11 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा हुआ है, इस अवधि में भारी वाहनों के प्रवेश करने पर 5 हजार रुपए जुर्माना व दण्ड का प्रावधान है, इसके बावजूद भारी वाहन चालक अपने वाहनों को शहर में लेकर चले आते हैं, शहर में प्रवेश कर ये नियमों का तो उल्लंघन कर ही रहे हैं साथ ही शहर में तेज गति से वाहन दौड़ाते हैं, जिससे आए दिए ऐसे वाहनों में टूट-फूट होती है, जिससे पूरा दिन भारी वाहन आवागमन को बाधित करते दिन-दिन भर खड़े रहते हैं। शहर के कॉलेज चौराहे के समीप अंदर घुसे भारी वाहन में तेजगति होने के कारण कुछ टूट-फूट हो गई है, जो गुरुवार सुबह से रात तक यहीं खड़ा रहा। तेज गति से शहर मे घुसे भारी वाहनों के कारण दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है, फिर भी भारी वाहन के चालक अपने वाहनों को शहर में घुसाने से बाज नहीं आ रहे, इस समस्या पर जिम्मेदार भी ध्यान नहीं दे रहे।

## आसमान पर छाए बादल, आंधी व बारिश की संभावना

**रीवा।** शहर में गुरुवार रात अचानक मौसम ने करवट बदली ली। दोपहर में आसमान पर बादल अठखेलियां करते रहे। रात को भी बादल छाए रहे और ठंडी हवा चलने लगी। समीपस्थ क्षेत्रों में हल्की बूंदे बरसने के समाचार मिले हैं। मौसम परिवर्तन को लेकर किसानों में चिंता बनी हुई है। खेतों में खड़ी अधिकतर फसलें पक चुकी है अथवा पकने की कगार पर हैं, ऐसे में यदि बारिश होती है तो किसानों को नुकसानी की आशंका है। हालांकि रात एक बजे तक ठंडी हवाएं चलती रही, किन्तु बूंदे नहीं बरसी, जबकि समीपस्थ जिले मैहर के अमरपाटन व आसपास के क्षेत्रों में बारिश होने के समाचार प्राप्त हुए हैं।

## दो माह पूर्व ही डामरीकरण कर भरे थे गड्ढे, फिर खोद डाली सड़क

### सड़क बनाने के पूर्व डाली जा सकती थी पाइपलाइन



**जागरण, रीवा।** छोटी पुल के समीप कबाड़ी मोहल्ले के सामने सड़क पर हो रहे गड्ढों के कारण शहरवासी लंबे समय से परेशान हो रहे थे, बरसात के दौरान तो सड़क पर हुए गड्ढे दिखाई नहीं देते थे, करीब दो-तीन माह पूर्व ही सड़क का डामरीकरण कर गड्ढों को पाटा गया था, जिसे पाइपलाइन डालने वालों ने फिर से खोद दिया। खोदी गई सड़क के ऊपर मिट्टी डालकर चलते बने। सड़क खोदने के कारण यहां फिर से आवागमन बाधित होने लगा, खोदी गई सड़क की ओर से वाहन चालक अपने वाहन न निकालकर समतल सड़क से निकाल रहे हैं, जिससे कभी भी यहां दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। सड़क कब बनेगी फिलहाल इसके बारे में मोहल्ले के रहवासियों को जानकारी नहीं है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि सड़क नहीं बनी तो खोदी गई सड़क पुनः गड्ढों में तब्दील हो जाएगी।

**बार-बार लगता रहा जामः** कार्य करने वालों ने यहां खनन का समय दोपहर के समय चुना उस समय इस मार्ग पर आवागमन का दबाव अधिक रहता है, जिससे सड़क खोदने व पाइपलाइन डालने तक यहां बार-बार जाम लगता रहा, जिससे लोग परेशान होते रहे।

## कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से करा लिया वारिसाना नामांतरण

### पीड़िता ने जवा तहसील के निर्णय के विरुद्ध कलेक्टर से की शिकायत

**जागरण, रीवा।** जिले के जवा तहसील न्यायालय का अजीबो गरीब मामला सामने आया है जिसमें कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत कर वारिसाना नामांतरण कर लिया गया है। जबकि पीड़िता द्वारा जवा तहसील में इस तरह का कोई आवेदन ही नहीं दिया गया था। अब पीड़िता द्वारा कलेक्टर से शिकायत कर जांच की मांग की गई है। कलेक्टर से की गई शिकायत में पीड़ित मुनान पुत्री स्व. इस्माइल खान पत्नी सलीम खान निवासी ग्राम नगमा थाना जवा ने बताया है कि मेरे नाम से जियामुद्दीन उर्फ पप्पू पिता मैनुद्दीन खान द्वारा न्यायालय जवा तहसीलदार के यहां वारिसाना नामांतरण करने हेतु आवेदन दिया गया था। जिसमें कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत कर वारिसाना नामांकन की कार्रवाई कराई गई है जिसमें वह भी वारिस बन गया। इस मामले में सच्चाई यह है कि पीड़िता द्वारा जवा तहसील में वारिसाना नामांतरण संबंधित कोई आवेदन ही नहीं दिया गया। ना ही उसके द्वारा पुल्ली बटवारा या शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। जियामुद्दीन द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर आदेश पारित कर गया है, इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और इसके लिए दोषी व्यक्ति को दंडित कराने की मांग की है।

## शहर में लगे कचरे के ढेर, खुले नालियां दे रहीं मच्छरों को बढ़ावा

### मच्छरों के डंक से शहरवासी परेशान, शाम होते ही टूट पड़ते हैं



**जागरण, रीवा।** शहरवासी इन दिनों मच्छरों से खासे परेशान हैं, सड़क के साथ ही घरों में भी मच्छरों का अंबार है, शाम होते ही शहरवासियों पर मच्छरों का झुंड टूट पड़ता है, वहीं दिन भी लोगों को मच्छर काटकर अज्ञात बीमारियां बांट रहे हैं। मच्छरों की भरमार का मुख्य कारण शहर में जगह-जगह डले कचरे के ढेर को हटाया नहीं जा रहा, वहीं जगह-जगह खुले नाले व नालियां भी मच्छरों के पनपने में सहायक हो रहे हैं। दिन-प्रतिदिन मच्छरों की संख्या में इजाफा हो रहा है, किन्तु इससे बचाव के जिम्मेदारों कोई कदम नहीं उठाए जा रहे। पूर्व में प्रशासन द्वारा शहर सहित अंचलों में डीडीटी पावडर का छिड़काव करवाया था, मलेरिया विभाग का जिम्मा डीडीटी पावडर छिड़कवाने का था ताकि मच्छरों में इजाफा होने से रोका जा सके, किन्तु वर्तमान में शहरवासियों को मच्छरों से निजात दिलाने ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे। शहरवासियों की मानें तो विगत कुछ सालों से शहर में डीडीटी आदि का छिड़काव नहीं करवाया गया। समय-समय पर निगम द्वारा नाले-नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव करवाया था, कुछ वर्षों से यह व्यवस्था भी देखने को नहीं मिली, जबकि निगम के पास नाले-नालियों में छिड़कने के लिए उक्त सामग्री आती है। शहरवासी मच्छरों का डंक झेलने को मजबूर हैं।

## कांग्रेस ने घोषित की जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी

### नए चेहरों को मिली जगह पुराने आमंत्रित बने

### एक बार फिर अमहिया व राहुल गुट को महत्व

**रीवा।** जिला एंव शहर अध्यक्ष की नियुक्ति लगभग चार महीने बाद कांग्रेस की जिला व शहर कमेटी का गठन किया गया है। जिला अध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष ने विभिन्न पदों के पदाधिकारियों की घोषणा की है। घोषित टीम में जिला और शहर दोनो में ज्यादातर नए व युवा चेहरों को जगह दी गई है। इनमें से कुछ अमहिया तो आयज सिंह राहुल गुट के नेताओं को महत्व दिया गया है। जबकि पुराने चेहरों का अमंत्रित सदस्य की भूमिका में रखा गया है। टीम की घोषणा करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि ग्रामीण में 1 पद संगठन महासचिव, 1 कोषाध्यक्ष, 10 उपाध्यक्ष, 15 महामंत्री, 20 सचिव एवं 2 पद में सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किये गये हैं। जिसके अनुसार संगठन महासचिव रवि तिवारी, कोषाध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय, उपाध्यक्ष चक्रधर सिंह, राजेन्द्र सिंह रिमारी, सुंदरलाल चौधरी, अरुण तिवारी (मुन्नू), रामायण सिंह पटेल, वृन्दा प्रसाद तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, धर्मेन्द्र तिवारी (बब्बुल), हरिशंकर शुक्ला, महेन्द्र उपाध्याय, महामंत्री महेन्द्र नीरत, राकेश सिंह, अरुण सिंह पिंटू, सुंदरिया आदिवासी, केशकली साकेत, मधुसूदन सिह, शीलध्वज सिंह, सौरभ मिश्रा, संतोष उपाध्याय, कमलाकांत तिवारी, आशा कुशवाहा, विपिन पाण्डेय, अनिल सिंह पिंटू, नरेन्द्र सिंह तिवारी, मयंक धर द्विवेदी, सचिव भूपेन्द्र सिंह, लक्ष्मण कुशवाहा, तरुणेन्द्र द्विवेदी, रमेश बंसल, राजेन्द्र सिंह डाढ़, इन्द्रजीत सिंह, रामपाल यादव, संजय पाण्डेय, लालमणि कोल, गुलाम मुर्तजा, वीरेन्द्र सिंह गुड्डा, रामलाल पाण्डेय, बृजेश शर्मा, हर्षवर्धन त्रिपाठी, वीरेन्द्र पटेल, राममिलन कोल, सतीष सिंह तिवारी, बृजभान सिंह पटेल, अरविंद सिंह, बृजलाल बौद्ध, सोशल मीडिया बलराम तिवारी एवं पंकज पाण्डेय जबकि विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में गिरीश सिंह, डॉ. अरुणेन्द्र शेखर मिश्रा, शिवबालक पाण्डेय, जोखूलाल आदिवासी, रामनायक सिंह, बृजेन्द्र पाण्डेय, रामप्रभाव विश्वकर्मा, लालमणि पांडे, पंकज सिंह पंकू, ललित सिंह, रघुवंश कुशवाहा, मान सिंह, अशोक मिश्रा, शेषमणि मिश्रा, धर्मेश शुक्ला, लक्ष्मी शंकर मिश्रा, गोविन्द दास तिवारी, सत्यनारायण शर्मा, सविता तिवारी, रामसुशील पटेल, पन्नालाल यादव, बृजभूषण शुक्ला, दिनेश नारायण पिड़िहा, शांति तिवारी, रामदयाल चौरसिया को मनोनीत किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि विशेष आमंत्रित सदस्यगण जिला स्तरीय समन्वय समिति के सदस्य भी रहेंगे।

### शहर कांग्रेस में इन्हें मिली जगह

एवं शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू ने बताया कि शहर कांग्रेस कमेटी में 1 पद संगठन महासचिव, 1 कोषाध्यक्ष, 6 उपाध्यक्ष, 10 महामंत्री, 10 सचिव एवं 1 पद में सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किये गये हैं। जिसके अनुसार संगठन महासचिव सज्जन पटेल, कोषाध्यक्ष शिवेन्द्र मिश्रा उपाध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी काकू, संदीप सिंह बघेल, राम प्रकाश तिवारी डैडू, मकदूम खान, राजेन्द्र तिवारी, प्रदीप नारायण सिंह मुन्ना महामंत्री सुशील बढ़ौलिया, सत्या द्विवेदी, अमित द्विवेदी बेटू, दिलीप ठारवानी, जलसागर शुक्ला, जमुना चतुर्वेदी, ममता सिंह परिहार, विजय तिवारी, श्याम सिंह बघेल, निजावत हुसैन, सचिव रामलखन ताम्रकार, जितेन्द्र त्रिपाठी, सुशीला कुशवाहा, सोनू साकेत, पुष्पेन्द्र शर्मा, हरीश लेडवानी, सुदामा यादव, नीलम पाण्डेय, प्रमोद मिश्रा, हीरेन्द्र सिंह बंटू, सोशल मीडिया रावेन्द्र सिंह को मनोनीत किया गया है। विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में सरदार प्रहलाद सिंह, चंद्रमणि शुक्ला, भगवान सिंह तिवारी, गोविंद शुक्ला, संजय तिवारी, एड

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों के नेम प्लेट हटे नहीं, ईई की रात में कर दी गायब

### कौन लेकर गया जानकारी ही नहीं

**रीवा।** नगर निगम मुख्य कार्यालय में अजीबो-गरीब मामला प्रकाश में आया है। नगर निगम कार्यालय में कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी के चैम्बर के बाहर लगी नेम प्लेट मंगलवार की रात गायब हो गई। यह नेम प्लेट गई कहां और किसने गायब की, यह जानकारी भी अधिकारियों को नहीं हो सकी। बुधवार को यह मामला नगर निगम में चर्चा का विषय बना रहा। लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। कहा जा रहा था कि कार्यपालन यंत्री जैसे पद के अधिकारी के बाहर लगी नेम प्लेट कहां गायब हो गई, उसे चोरी किया गया या फिर किसी ने शरारत वश इसे गायब किया। वहीं लोगों का कहना था कि जो अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उनकी नेम प्लेट अब तक निगम प्रशासन नहीं हटा पाया लेकिन जो अधिकारी वर्तमान में कार्यरत हैं उनके नेम प्लेट गायब किए जा रहे हैं। बता दें कि बीते माह नगर निगम के सहायक यंत्री एसके गर्ग व अंबरीश सिंह सेवानिवृत्त हुए थे, इनके चैम्बर के बाहर लगी नेम प्लेट अब भी लगी हुई है। ऐसे में कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी के चैम्बर के बाहर से नेम प्लेट गायब होने पर कई तरह के सवाल खड़े किए जा रहे हैं। इस चैम्बर को पाने के लिए पूर्व में भी खींचतान निगम में ही अधिकारियों के बीच हो चुकी है।

## घर पहुंच के नाम पर घंटों इंतजार, एक स्थान पर खड़ा कर देते हैं वाहन

### उपभोक्ताओं का कहना इससे बेहतर तो एजेन्सी से ही वितरण करें



**जागरण, रीवा।** गैस एजेन्सी संचालकों द्वारा गत शनिवार को सिलेण्डर वितरण के दौरान एनाउंस किया गया था कि कल से घर पहुंच सेवा शुरू कर दी जाएगी, यानी उपभोक्ताओं को न तो कतार में लगना पड़ेगा न ही एजेन्सी आना पड़ेगा, उन्हें घर बैठे सिलेण्डर उपलब्ध होगा। लेकिन वर्तमान में गैस एजेन्सियां लोगों के घरों तक सिलेण्डर पहुंचाने में नाकारा साबित हो रही हैं। सिलेण्डर भरा वाहन एक स्थान पर ले जाकर खड़ा कर दिया जाता है। जहां से उपभोक्ताओं को गैस सिलेण्डर वितरित किए जा रहे हैं। सिलेण्डर लेने आए लोगों को एजेन्सियों द्वारा घर पहुंच सुविधा के नाम पर घंटों इंतजार करवाया जा रहा है। सिलेण्डर लेने के लिए उपभोक्ता वाहन के आने तक निर्धारित स्थल पर खड़े राह तकते रहते हैं। कोई ऑफिस का काम छोड़कर, कोई दुकान छोड़कर आता है। इस संबंध में जब इंतजार कर रहे उपभोक्ताओं से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि वे लोग सिलेण्डर लेने यहां आए हैं, मोहल्ले अथवा घरों में सिलेण्डर नहीं पहुंचा रहे, हमें यहां खड़े एक घंटा होने को आया, अभी तक वाहन नहीं पहुंचा। जबकि जिसे ब्लैक में सिलेण्डर बेचना हो तो उसके घर, दुकान तक पहुंचाया जा रहा है, हम यहां खड़े इंतजार कर रहे हैं, इससे बेहतर तो उपभोक्ताओं को एजेन्सी में ही गैस सिलेण्डर वितरण करना चाहिए, कम से कम वहां इंतजार तो नहीं करना पड़ेगा।

**आज भी नहीं हुई होटल, रेस्टोरेंट की जांच :** गैस सिलेण्डरों की कालाबाजारी नहीं रुकी है, होटल, रेस्टोरेंट पूर्वानुसार ही संचालित हो रहे हैं, वहीं ठेले वाले भी खुलकर घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यावसायिक उपयोग कर रहे हैं,किन्तु शहर में कहीं पर भी गैस सिलेण्डरों की जांच नहीं की जा रही है।

## अवैध उत्खनन मामले में नियम विरुद्ध डिप्टी रेंजर को सौंपी गई जांच

### अधिकारियों की मिलीभगत से उलझता जा रहा दिलीप बिल्डकॉन के जब्त किये गये वाहनों का मामला



फाइल फोटो

**जागरण, रीवा।** बरसैता जंगल की जमीन में अवैध उत्खनन करते जब्त किये दिलीप बिल्डकॉन के वाहनों का मामला लगातार उलझता जा रहा है। वन विभाग के अधिकारियों ने पहले तो बिना वन अपराध दर्ज किये मामला रफा दफा करने की कोशिश की लेकिन राजधानी स्थित अधिकारियों की दवाब में बिल्डकॉन के लाइजनिंग मैनेजर सहित 9 लोगों वन अपराध दर्ज कर लिया गया है। इसके बाद भी स्थानीय अधिकारियों द्वारा नियम विरुद्ध उसी वीट के डिप्टी रेंजर को मामले की जांच सौप दी गई है जिनके रेंज में अवैध उत्खनन किया गया है। नियमानुसार अवैध कटाई, अतिक्रमण एवं अवैध उत्खनन के मामलों में एसडीओ स्तर के अधिकारियों ने जांच करानी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं किया गया है जिससे अब मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म हो रहा है।

गौरतलब है कि गुढ़ के बरसैता में वन विभाग की भूमि में दिलीप बिल्डकॉन ने नल जल योजना के पाइप लाइन बिछाने के लिए बिना अनुमति के उत्खनन किया था। जिस पर वन विभाग द्वारा मौके पर 8 वाहन जब्त किए गए थे। इस मामले को पहले वन विभाग के अधिकारी बिना कार्रवाई के ही रफादफा करने की कोशिश में थे। मामला उझला तो 6 दिन बाद दिलीप बिल्डकॉन के लाइजनिंग मैनेजर आकाश मिश्रा सहित 9 लोगों के खिलाफ वन अपराध के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। दिलीप बिल्डकॉन कंपनी को जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन डालने का काम मिला हुआ है। दिलीप बिल्डकॉन कंपनी शासन के मिशन की आड़ में वन अधिनियम के तहत बनाए गए नियमों का खुलेआम उल्लंघन करने की कोशिश कर रहा है। इसकी मनमानी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि चंद महीनों में ही कई प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं।

### लगातार तोड़ रही है नियम

दिलीप बिल्डकॉन कंपनी के सामने वन विभाग के नियम कायदे बौने साबित हो रहे हैं। वन विभाग लगातार वन अपराध दर्ज कर वाहनों को जब्त कर रहा है। पेनाल्टी लगा रहा है इसके बावजूद बिना अनुमति के धड़ल्ले से कंपनी वन क्षेत्रों में उत्खनन का काम कर रही है। वर्तमान समय में बरसैता में किए गए अवैध उत्खनन मामले में वन अपराध दर्ज करने में की गई हीलाहवाली ने इस बात पर मुहर भी लगा दी है कि उसे वन विभाग के आला अफसरों का संरक्षण मिला हुआ है। दिलीप बिल्डकॉन ने पहली पार वन अपराध नहीं किया है। इसके पहले भी कई बार उसने नियम तोड़े। कई मर्तबा अपराध दर्ज हुआ है। दिसंबर में इनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। तीन कम्प्रेशर ट्रैक्टर जब्त किए गए थे। वाहन गुढ़ में खड़ा कराया गया था। इसके बाद फिर से यह अपराध दिलीप बिल्डकॉन कंपनी कर बैठी।

दिलीप बिल्डकान ने गुढ़ क्षेत्र के बरसैता में भी करने की कोशिश की। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर 8 वाहनों को जब्त किया था। इसमें 2 चेन माउंटेन मशीन, 1 जेसीबी और 5 डीजी कम्प्रेशर मशीनें थीं। सभी को जब्त कर बरसैता में ही खड़ा करा दिया गया था। बिल्डकॉन के लाइजनिंग मैनेजर सहित 9 लोगों वन अपराध दर्ज किया गया है।

## युद्ध के बहाने गैस भंडारण की बताई जा रही कमी : शिव सिंह

**रीवा।** घरेलू गैस कीमतों में वृद्धि का विरोध रोकने अमेरिका इजरायल बनाम ईरान युद्ध के बहाने देश में गैस भंडारण की कमी बातकर केंद्र सरकार महंगाई में पर्दा डालने का काम कर रही है। उक्त आरोप लगाते हुए सपा राष्ट्रीय सचिव शिव सिंह ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि युद्ध के प्रारंभिक दौर पर ही एलपीजी गैस का मूल्य 60 रुपए बढ़ाकर देशवासियों के रसोई पर बड़ा हमला किया गया है। शिव सिंह ने कहा कि एक तरफ सरकार कहती है कि पश्चिम एशिया में तनाव के कारण आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव है और दूसरी ओर कहती है कि देश में वर्तमान में रसोई गैस की कोई भारी कमी नहीं है सरकार के पास पर्याप्त भंडारण है, इसका मतलब देशवासी गैस की कीमतों पर बढ़ोतरी का विरोध न करें इसलिए सरकार ने देश को लाइनों में खड़ा होने के लिए मजबूर करने का काम किया है। शिव सिंह ने यह भी कहा कि देश की सरकार में जन विरोधी नेताओं का जमावड़ा है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

## संपादकीय

# इंदौर हादसे ने उठाए सुरक्षा पर गंभीर सवाल

*इंदौर में ईवी चार्जिंग के दौरान धमाके से 8 की मौत ने सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं। बिना पुख्ता इंफ्रास्ट्रक्चर और एसओपी के इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना जोखिम भरा है। सुरक्षित चार्जिंग स्टेशन समय की मांग हैं। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसका उद्देश्य यही है कि बढ़ते वायु प्रदूषण का मुकाबला किया जाए और पेट्रोल एवं डीजल पर निर्भरता भी कम हो। इसीलिए सार्वजनिक परिवहन में भी बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक बसों को शामिल किया जा रहा है।*

*कम खर्च में चलने और एक बेहतर विकल्प होने के कारण भी लोग ऐसे वाहनों को धीरे-धीरे अपनाने लगे हैं। मगर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि नई तकनीक के जहां फायदे होते हैं, वहीं इसमें कई स्तरों पर जोखिम भी छिपे होते हैं। बिजली से चलने वाले वाहनों में तकनीकी गड़बड़ियों और आग लगने की घटनाओं से अब कई सवाल उठने लगे हैं।*

*इंदौर में बुधवार तड़के एक इलेक्ट्रिक कार को चार्ज किए जाने के दौरान हुए धमाके के बाद इमारत में आग लगने से आठ लोगों की मौत की घटना ने सचेत किया है कि क्या ये वाहन सुरक्षित हैं? गौरतलब है कि मकान के बाहर कार को चार्ज किए जाने के दौरान 'चार्जिंग प्वाइंट' में शार्ट सर्किट हुआ। इसके बाद आग की लपटों ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें घर में रखे एलपीजी सिलेंडरों ने घटना को भयावह रूप दे दिया। रही कसर उस रहवासी क्षेत्र ने पूरी कर दी, जहां दमकलों को अंदर तक आने में एक घंटा से अधिक समय लग गया और लोग जिंदा जल गए।*

*कोई दो मत नहीं कि आग लगने की ऐसी घटनाओं के बाद उन लोगों का विश्वास कमजोर होगा जो पेट्रोल की गाड़ियों को छोड़ कर इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदने का मन बना रहे हैं। यह उचित ही है कि विशेषज्ञों की एक समिति से इंदौर अग्निकांड की जांच कराई जाएगी। इसका जो भी निष्कर्ष सामने आए, लेकिन इससे स्पष्ट होगा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण और इसके संचालन में कहां कमी रह गई।*

*सवाल है कि ऐसे वाहनों के इस्तेमाल और सुरक्षा के लिए कोई मानक संचालन प्रक्रिया अब तक क्यों नहीं अपनाई गई? इसके बारे में पहले से लोगों को क्यों नहीं बताया जाता। आखिर गलियों में या घरों के सामने अपने इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने के लिए लोग क्यों मजबूर हैं। यह निराशाजनक ही है कि सड़कों के किनारे और रिहाइशी इलाकों में जगह-जगह पर्याप्त संख्या में चार्जिंग स्टेशन अभी तक नहीं बनाए जा सके हैं। ऐसे में बिजली से चलने वाले वाहनों को सड़कों पर उतार देने भर से उत्सर्जन कम करने या तेल पर निर्भरता घटाने का लक्ष्य पूरा नहीं होगा।*

*इसी तरह दिल्ली के पालम में अनियोजित निर्माण और सुरक्षा अनदेखी ने एक ही परिवार के 9 लोगों की जान ले ली। जर्जर बिजली सिस्टम और दमकल के खराब उपकरणों ने बचाव में देरी की। दिल्ली में अनियोजित विकास की आपाधापी में जिस तरह से नियमों को धता बताया जाता रहा है, उसका नतीजा बार-बार किसी हृदयविदारक हादसे के रूप में सामने आता है।*

*इन घटनाओं से कई पुराने सवाल उठ रहे हैं, जिन पर अक्सर चर्चा होती है।। इस हादसे में सुरक्षा नियमों की अनदेखी और विफलता के सवाल अहम हैं। संकरी गलियों के कारण आग लगने पर दमकल गाड़ियां पहुंचने में समय लेती हैं। अक्सर, इमारतों में अग्नि सुरक्षा संबंधी इंतजाम नहीं होते। सवाल उठता है कि आगे का रास्ता क्या हो? किसी भी हादसे का सबक यह होना चाहिए कि भविष्य के लिए ठोस इंतजाम किए जाएं।*

*सरकार ने अग्नि सुरक्षा आडिट की बात दोहराई है। जरूरी है कि काम धरातल पर दिखे। विडंबना यह है कि आए दिन किसी न किसी इलाके में आग लगने और उसमें भारी नुकसान की खबरें आती रहती हैं, हादसे के बाद तमाम एजंसियां खानापूर्ति करती हैं और नतीजा ढाक के तीन पात रहता है।*

## प्रसंगवश

# दुराग्रह ग्रसित होने से बचे चुनाव आयोग

*पांच राज्यों के चुनाव होने हैं, शीर्ष अधिकारियों की अग्नि-परीक्षा नहीं होनी है। अधिकारी भाजपाई या तृणमूल के बंधक नहीं होते। वे कानून और संविधान के प्रति जवाबदेह होते हैं। कोई अपवाद हो सकता है कि 'काली भेड़' साबित हो। उसे दंडित किया जा सकता है। उसका तबादला किसी 'काले पानी' की तरफ किया जा सकता है, लेकिन पश्चिम बंगाल में जिस तरह वरिष्ठ आईएएस और आईपीएस के तबादले किए गए हैं, वे न तो न्यायसंगत हैं और न ही निरपेक्ष हैं। चुनाव आयोग ने अपराह्न 4 बजे चुनावों की तारीखें घोषित की हैं और गहरी रात, अर्थात् आधी रात, में बंगाल के मुख्य सचिव, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक, कानून-व्यवस्था के प्रमुख, कोलकाता के पुलिस आयुक्त आदि के एक साथ तबादले कर दिए गए। हम मानते हैं कि संविधान का अनुच्छेद 324 चुनाव आयोग को व्यापक शक्तियां देता है, लेकिन ये तबादले राजनीतिक मंशा और दुराग्रह से किए गए हैं। यह भी सर्वोच्च अदालत का फैसला है कि ऐसे शीर्ष अधिकारियों के तबादले दो साल से पहले नहीं किए जा सकते। ये अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में वरिष्ठतम होते हैं और संघ लोक सेवा आयोग इनकी अनुशंसा करता है। कोई राजनीतिक बॉस इनका नियोक्ता नहीं है। सवाल यह भी है कि चुनाव आयोग को कैसे पता कि ये अधिकारी निष्पक्ष चुनाव और हिंसामुक्त माहौल में चुनाव नहीं करा सकते अथवा ये सभी अधिकारी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के वफादार हैं? आयोग ने एक ही झटके में बंगाल की शीर्ष नौकरशाही को हिला कर रख दिया। क्या रोजमर्रा का प्रशासन चुनाव आयोग चलाएगा? यदि बंगाल में प्रशासनिक बदलाव किया गया है, तो तमिलनाडु और केरलम में ऐसा क्यों नहीं किया गया? असम में दिखावे को पांच जिलों के एसएसपी बदले गए हैं। संदेह होता है कि चुनाव आयोग किसी की 'कठपुतली' बनकर काम कर रहा है। भारत के लिए यह विडंबना और दुर्भाग्यपूर्ण है, क्योंकि हमारा चुनाव आयोग वैश्विक स्तर पर एक उदाहरण रहा है और विभिन्न देशों के प्रतिनिधि हमारे चुनावों के दौरान 'पर्यवेक्षक' की भूमिका में होते हैं।*

*बेशक बंगाल में राजनीतिक हिंसा का पुराना इतिहास रहा है। पहले वामपंथी गांव-गांव, कस्बा-दर-शहर हत्याएं कराते थे। अब 2011 से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का राजनीतिक काडर हत्याएं कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी सार्वजनिक मंच से इन राजनीतिक हिंसाओं का उल्लेख कर चुके हैं। लोकसभा चुनाव में 7 ऐसी हत्याएं की गईं और 740 लोग घायल हुए। उनमें से जिंदा बचने वालों का कोई अधिकृत आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। घर तक जला दिए गए। हत्या के बाद शवों को पेड़ से लटकाया जाता रहा। केरलम में तो हिंसा का ऐसा बर्बर रूप है कि विरोधी पक्ष के सक्रिय कार्यकर्ताओं और नेताओं की टांगें तक तोड़ कर उन्हें अपाहिज बना दिया जाता है। कोई भी नौकरशाह इस राजनीतिक हिंसा को रोक नहीं सकता। चुनाव आयोग मुगालते में होगा! तमिलनाडु में भी द्रविड़ बनाम हिंदू और गैर-द्रविड़ के दरमियान उग्रता, क्रूरता के कई उदाहरण सामने आते रहे हैं। उन राज्यों के मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक सरीखे शीर्षतम नौकरशाहों को क्यों नहीं बदला गया? सिर्फ इतना ही नहीं, लोकसभा चुनाव, 2024 से पहले गुजरात, उप्र, बिहार, हिमाचल, झारखंड, उत्तराखंड आदि राज्यों में सिर्फ गृह सचिव बदले गए थे। हिमाचल और झारखंड को छोड़ कर शेष राज्यों में भाजपा-एनडीए सरकार थी और आज भी है। जब महाराष्ट्र, हरियाणा, उप्र, मप्र आदि में विधानसभा चुनाव थे और विपक्षी कांग्रेस ने कुछ वरिष्ठ अधिकारियों को बदलने की मांग की थी, तो चुनाव आयोग ने खारिज क्यों कर दिया था? इन राज्यों में भी भाजपा-एनडीए सरकारें थीं और आज भी हैं। साफ लग रहा है कि चुनाव आयोग का व्यवहार पक्षपातपूर्ण रहा है। दरअसल संवैधानिक संस्था के मायने ये नहीं हैं कि आयोग निरंकुशता और स्वच्छंदता से काम करे, फैसले ले।*



# त्वमेव माता च पिता त्वमेव...






यह कैसी आश्चर्यजनक ज्ञान की परम्परा है... हम सनातन भारतीयों की... हमारा...जो पूर्ण पुरुष है... जो पुरुषोत्तम है... जो भगवान है... श्री हरिनारायण - विष्णु... जो हमारा पालनहार परमात्मा है... उसे हम सबसे पहले माँ कह कर प्रणाम करते हैं... किन्तु यह कैसा भेद है कि... हमारी ज्ञान की श्रृंखला ने ... और हमारे तपस्वी ऋषिगणों ने...प्रथम जिसे माँ कहा है... फिर उसी को पिता कहा है....परम पुरुष... आदिपुरुष पूर्णात्मा... शंख चक्र पद्म गदाधारी... चतुर्भुज... पूर्णपुरुष नारायण को... हमारे ऋषि-मुनि... हमारा भारतीय वाङ्मय... हमारी सनातन ज्ञान परम्परा... सर्वप्रथम 'माता' कह कर सम्बोधित करते हुए उन्हें नमन् करती है....उनका वन्दन करती है... उन्हें प्रणाम कर सर्वप्रथम कहती है... 'त्वमेव माता'... उस के बाद वह उसी 'नारायण' को... जिसे पहले माता कह कर पुकारती है... उसी से कहती है... 'च पिता त्वमेव'... अर्थात् तुम पिता हो...

इस सनातन श्लोक में यह दिव्य ज्ञान का भेद छुपा है कि...सृष्टि के रचयिता भगवान 'ब्रह्मा' का जन्म भगवान श्री कमलनयन- हरिविष्णु की नाभि से निकली कमल 'नाल' पर... खिले हुए कमल के ऊपर हुआ... उसी पर विराजमान होकर ही तो बह्मा सृष्टि की रचना करते हैं... जीवों की उत्पत्ति करते हैं... जड़ और चेतन की रचना करते हैं...भगवान विष्णु जो पद्मनाभ हैं उनकी नाभि से निकले पद्म पर बैठकर ही तो ब्रह्मदेव वेदों को धारण करते हैं...जैसे माँ के गर्भ में... शिशु माँ की नाल से जुड़ा रह कर पंच तत्वों को ग्रहण करता हुआ... जीवन... आकार... और... विस्तार... पाता है ठीक उसी प्रकार नारायण की नाभि से जुड़ी नाल से उत्पन्न हो कर... 'ब्रह्म'... ज्ञान का... रचना का... जीवोत्पत्ति का विस्तार पाते हैं... इस नाते ... वह 'ब्रह्मा' जिन्होंने सारा संसार बनाया है वह नारायण की संतान ही तो हुए...'विष्णु' से ही तो 'ब्रह्म' जन्मे... श्री हरिविष्णु भगवान पद्मनाभ की नाभि से निकली कमलनाल से ही तो जुड़कर उत्पन्न हुए हैं सृष्टि के रचयिता 'ब्रह्म देव'... इसीलिए भगवान 'विष्णु' परम पुरुष... पूर्ण पुरुष होकर भी 'ब्रह्म' की 'माता' हुए... क्योंकि... यह सारा संसार 'ब्रह्मा' की रचना है अतः हम सब 'ब्रह्मा' की संतानें हैं इस नाते से... 'विष्णु' भले ही चतुर्भुज पूर्ण पुरुष हों... भले ही नारायण हों... भले ही वह पुरुषोत्तम हों... पर सबसे पहले वह हैं तो... 'माता' ब्रह्मा की भी और हम सब प्राणियों की भी...इसीलिये हमारी ज्ञान परम्परा ने... उस पूर्णात्मा... पूर्ण पुरुष...परम पुरुष... को भी... सबसे पहले 'त्वमेव माता' कह कर नमन किया है...कितनी सुन्दर कल्पना है... कितने स्तुत्य विचार हैं... माँ के बिना जन्म कहाँ...? माँ के बिना सृष्टि कहाँ...? माँ के बिना पालन कहाँ...? माँ के बिना आधार कहाँ...? अगर ईश्वर को संसार रचना है... तो उसे भी अपने शरीर के अन्दर पहले एक 'कोख' की रचना करनी होगी... उस परमात्मा को भी 'गर्भ' धारण करना होगा... परम पिता को भी... पहले 'माता' बनना होगा... तभी कर पायेगा वह परमात्मा भी संसार की उत्पत्ति और... जन्म दे सकेगा... जड़ और चेतन को...यह बात तब पूरी तरह समझ में आयेगी हमें... जब हमारी ज्ञान परम्परा के इस सर्वाधिक लोकप्रिय पुण्य-श्लोक का हम वाचन करेंगे... जो कहता है- कि...

*त्वमेव माता च पिता त्वमेव*
*त्वमेव बन्धुश्च च सखा त्वमेव*
*त्वमेव विद्या च द्रविणम् त्वमेव*
*त्वमेव सर्वमम् मम् देव देवाः ।।*

हे ईश्वर... हे नारायण... तुम पिता हो... बन्धु हो... मित्र हो...विद्या हो... धन-सम्पदा हो... तुम हमारे सर्वस्व हो... परन्तु हे देवाधि- देव....सब से पहले तुम हमारी 'माता' हो... तुम हमारी माँ हो...मुझे लगता कि विश्व की किसी भी दूसरी संस्कृति में... दुनिया की किसी भी दूसरी सभ्यता में... भारत के अलावा किसी भी दूसरे देश की ज्ञान- दृष्टि में... माँ का इतना महत्व... इतनी सुन्दर कल्पना नहीं होगी... ? जो ईश्वर को भी... नारायण को भी... नर रूप होने के पश्चात भी नारी स्वरुपा माँ बना दे...

सच्चाई भी यही है कि... बिना नारी के पुरुष का अस्तित्व ही कहाँ है... नारी ही तो जीवन का माधुर्य है और नर तथा नारी की पूर्णता ही तो... 'माता' का स्वरुप है... बिना माँ के तो कुछ है ही नहीं उसके बिना सब अस्तित्व हीन है...माँ ही प्रथम गुरु है...

प्रत्येक शिशु को... वाणी का प्रथम शब्द ... ज्ञान का प्रथम अक्षर उसकी माँ ही तो देती है... इसी लिए सारी दुनिया... सारा संसार कहता है... 'मातृ भाषा'.. 'मदर टंग' सारी दुनिया में कोई भी... 'पितृ-भाषा'...या... 'फादर-टंग' नहीं कहता... क्योंकि भाषा की जननी... माँ है... पिता भले ही संतति देता हो... पर माँ ही जन्म और पालन देती है... ठीक वैसे ही जैसे यह... पुण्यमयी 'पृथ्वी माँ' हर माँ की 'कोख' को पंच-तत्व देती है... जिन पंच तत्वों से रचा गया है 'ईश्वर' द्वारा हमारा यह शरीर... जिसके लिये संत तुलसीदास कहते हैं-

**क्षिति जल पावक गगन समीरा ।**
**पंच तत्व रचित यह अधम शरीरा।।**

तभी तो माँ की गर्भ-भूमि और ईश्वर की रचित यह 'पृथ्वी-भूमि'... एक सी पवित्र हैं... दोनों को ही एक सी ही प्राणियों को जन्म देने वाली 'कोख' माना गया है... न जाने कितने अनगिनत जीव-जन्तु ऐसे प्राणी हैं जो अपनी-अपनी माताओं से जन्म लेने के बाद भी रहते इसी धरती माँ के गर्भ के अन्दर हैं... सम्पूर्ण विश्व ने... किसी भी... भूमि... वतन या देश को या राष्ट्र को 'मातृभूमि' मादरे वतन... या... 'मदर लैन्ड' कह कर ही सम्मानित किया है... किसी भी भाषा... किसी भी जुबान... किसी भी संस्कृति और तहजीब में आज तक किसी राष्ट्र को... 'पितृ-भूमि' या 'फादर-लैन्ड' नहीं कहा गया... सम्पूर्ण विश्व की मानवीय संस्कृति और सभ्यता ने यह सम्मान और स्थान सिर्फ माँ को दिया है...

हमारी सनातन भारतीय हिन्दुत्व की अवधारणा में... गले में भुजंगों की माला धारण करने वाले... मसान की राख लपेटे रहने वाले... नंदी पर सवार... त्रिशूल डमरू धारण करने वाले... कैलाश वासी... भोले शंकर को भी तो... अपने ही 'आदि-पुरुष' के शरीर के अन्दर 'स्त्रीत्व' रूप को धारण कर 'अर्ध-नारीश्वर' बन जाना पड़ा था... चाहे वह पूर्ण-पुरुष नारायण हों...या फिर... 'आदि पुरुष' भगवान शंकर हों... बिना 'मातृत्व' के रूप के... उनका 'ईश्वरत्व' भी अधूरा है... अपूर्ण है... तभी तो शास्त्र परम् पुरुष और आदि पुरुष से कहता है 'त्वमेव माता'... हे ईश्वर...! तुम सबसे पहले माँ हो... फिर और जो भी हो... सो हो... तनिक सोचिये हमारी हिन्दुत्व की अवधारणा की दो मूलभूत शक्तियाँ... प्रथम सर्व श्रृंगारित... सर्व विधि सुंदर... सुसज्जित... पूर्ण पुरुष... पुरुषोत्तम... भगवन् श्री हरि विष्णु... जिनके श्री चरणों में दुनिया भर का ऐश्वर्य लिये... श्री लक्ष्मी सेवा करती हैं... और दूजे... औघड़दानी... मस्त-मौला... रात-दिन धूनी रमाकर... तप करने वाले... भांग धतूरा खाकर ... सांपों की माला पहनने वाले... बाघाम्बर पहन कर ... मसान की राख लपेटने वाले...अनोखा श्रृंगार करने वाले... अपनी जटाजूट को सजाने के लिए... पतित-पावनी गंगा और दूज के चन्द्र को धारण करने वाले... हमारे आदि-देव...देवाधि-देव... महादेव... भोले शंकर... चन्द्रशेखर... जिनकी सेवा में..त्रैलोक्य की शक्ति स्वरुपा... ज्योति की पुंज... माता पार्वती सदा रत रहती हैं...भला उन्हें 'स्त्रीत्व' को धारण कर... अर्धनारीश्वर बनने की क्या जरूरत थी... ?

पुराण वर्णन करते हैं कि... जब सृष्टि का क्रम विस्तार नहीं प्राप्त कर पा रहा था... ब्रह्मा की सतानें 'मनु' और 'शतरुपा' भी जब सृष्टि क्रम को पर्याप्त विस्तार न दे पायी... तब नर और नर हो कर भी नारी का महत्व समझने के लिये...नारी शक्ति को और अधिक पुण्यमय सलिला... और अधिक उर्वरा बनाने के लिये... देवाधिदेव... आदि देव श्री शिव-शम्भू ने... अपने ही शरीर के वाम भाग को... नारी रूप में परिवर्तित कर... अर्धनारीश्वर का रूप धरा... और जानी पीड़ा व करुणा नारी की और विस्तार दिया...सृष्टि में मनुज संतति को...

भारतीय ज्ञान दर्शन दो बातों को बतलाता हैं... प्रथम तो... गर्भ की जो प्रसव पीड़ा है मानव को... उससे बड़ी कोई पीड़ा मानवीय शरीर को नहीं होती... और... संतान का जो सुख है नारी को... उससे बड़ा कोई दूसरा सुख नहीं है... यहाँ एक तीसरी दृष्टि भी हमारे शास्त्र देते हैं... कहते हैं... वह राजा हो या रंक... साधु हो या पाखन्डी... दानवीर हो या ठग... महात्मा हो या हो पापी... प्रत्येक प्राणी को अपने कर्मों के अनुसार जन्म लेने के लिए माँ के गर्भ में नौ महीने या कुछ कम ज्यादा अवधि (अलग-अलग योनियों के अनुसार) वास करना ही पड़ेगा... शास्त्र कहते हैं... 'जीवात्मा' के लिये 'गर्भ-'वास' के कष्ट से बड़ा कोई दूसरा कष्ट नहीं है... देवी भागवत में... जगदम्बा माँ के जो एक हजार नाम बतलाये गये हैं... उनमें एक नाम है... 'गर्भवासादि दुःख हरिण्यै' अर्थात देवी माँ वह हैं जो गर्भवास के दुःखों को हर लें...गर्भवास के दुख का तो तभी हरण होगा... जब जीवात्मा को 'मोक्ष' मिल जायेगा... और तब वह अलग-अलग योनियों में भटक कर बार-बार जन्म नहीं लेगी... जीवात्मा को यह मोक्ष देगी उसकी माँ देवी माँ...

माँ ही तो देवी है... और देवी ही तो माँ है... एक ही बात है... एक ही रूप हैं... माँ ही दुर्गा है... लक्ष्मी है... और... सरस्वती है... माँ में ही तो यह सारी शक्तियाँ समायी हुई हैं तभी तो कहा गया है कि- 'त्वमेव माता'...

***कहने को माँ अक्षर भर है...***
***पर शुरु होता है जिन्दगी का सफर यहाँ से***
***कर्मों की बेड़ियाँ छुड़ाने...***
***माँ ही लाई, हमें दुलार कर***
***कुमार्ग से बचाया... सद्मार्ग दिखलाया***
***जिन्दगी का पहला पाठ पढ़ाया***
***माँ में उकार - मकार सब...***
***जगत का उसमें भेद समाया***
***उसी कुमुदनी की नाल से जुड़ा जीव***
***जगत में 'ब्रह्म' कहलाया...***

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की बेवसाइट)
https://adhyatmsanatandharma.com

## युद्ध विभीषिका

**ईरान ने खाड़ी देशों पर पलटवार करके बता दिया-युद्ध तुमने शुरू किया, खत्म हम करेंगे**

# भारी नुकसान फिर भी ईरान कर रहा पलटवार?

**सुधीश पचौरी**

अमेरिका को इस तरह फंसा देख बहुत-से लोगों को मजा भी आ रहा है कि अब आया ऊंट पहाड़ के नीचे, पर बहुत-से परेशान भी हैं कि जब अठारह दिन में ही दुनिया में तेल और गैस का संकट हो गया, तो आगे क्या न होगा? आखिर भारी नुकसान उठाने के बाद भी ईरान पलटवार कैसे कर रहा है?

कहां तो चले थे 'मागा' बनाने, यानी 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' और कहां अब वह 'होर्मुज स्ट्रेट' में रास्ता 'मांग' रहे हैं। कल तक सर जी दुनिया के सबसे बड़े 'मारते खां' थे, अब 'भागते खां' नजर आते हैं और भारी बर्बादी के बाद भी ईरान है कि ताल ठोक रहा है कि आजा लड़ ले...हम आखिरी दम तक लड़ेंगे... सच! अंकल सैम, जितना मुंह था, उससे बड़ा कौर खाएगा। अब न खाए बन रहा है, न उगलते। भई गति सांप छछुंदर केरी! अंकल सैम बुरे फंसे। बड़बोले जी कल तक हांक रहे थे कि मैंने आठ युद्ध रोके हैं, वही अब इस्राइल के साथ ईरान पर थोपे युद्ध को खत्म नहीं कर पा रहे हैं।

अंकल सैम में हमें कई बार 'हॉलीवुड' के 'सुपरमैन', 'स्पाइडरमैन', 'हीमैन', 'डर्टी हैरी', 'रेंबो' और 'कैप्टन अमेरिका' तथा 'बैटमैन' के 'जोकर' व 'मोगेंबो' का 'मिक्स' नजर आता है, जिसने दुनिया को हॉलीवुड का 'सेट' समझ लिया है, जहां से वह दुनिया को बचाने के बहाने अपनी 'गनबोट डिप्लोमेसी' के जरिये उस पर 'टोटल कंट्रोल' कर सकता है। कुछ वक्त पहले, जो जिस-तिस को धमकाते फिरते थे कि मेरी नहीं मानी, तो टैरिफ लगाकर बर्बाद कर दूंगा, आज दुनिया के देश इस हेकडी पर मन ही मन हंसते हुए मौके के इंतजार में हैं कि कब 'हंप्टी-डंप्टी' जी नीचे गिरें। अपनी दुनिया दुर्भाग्य से आज ऐसे कथित महाबली के सामने है, जो गब्बर की तरह एक दिन धमकाता है कि खबरदार जो रूस से तेल खरीदा और अगले दिन कहने लगता है कि रूस से खरीद सकते हो, जैसे उसके कहे बिना कोई पानी नहीं पिएगा।

अंकल सैम इसी मायने में लोगों को डरावने से अधिक मनोरंजक लगते हैं-कभी जेलेंस्की को बगल में बिठा कर ऐसे डांटते दिखते हैं, मानो वह बच्चा हो... ऐसे ही कभी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को भरी सभा में तीन बार 'उठक-बैठक' करा देते हैं और वे किसी बालक की तरह ऐसा करते दिखते भी हैं। पर जब से भारी नुकसान उठाने के बाद ईरान ने पलटवार शुरू किया है, तब से अमेरिकी दुर्जेयता की सारी धज बिखर गई है और अब तो 'नाटो' देशों से गुहार करते दिखते हैं कि 'होर्मुज स्ट्रेट' के लिए अपने-अपने जहाज भेजो... लेकिन 'नाटो' वाले सीधे 'नो' कहकर इस युद्ध से अपना



पल्ला झाड़ रहे हैं। साफ है, अब दुनिया में अमेरिका की 'रिट' चलनी बंद हो रही है। कहां तो आए थे ईरान की 'सत्ता बदलने' व उसकी 'न्यूक्लियरबाजी' को 'नष्ट' करने, पर शीर्ष इस्लामी नेतृत्व के खात्मे के बाद भी न अंकल सैम ईरान की इस्लामी सत्ता को बदल पाए, न 'न्यूक्लियरबाजी' को ही नष्ट कर पाए।

पहले आदरणीय गाते रहे कि 'मैं चाहे ये करूं, मैं चाहे वो करूं.. मेरी मर्जी...', कि हम दुनिया के तेल के मालिक बनेंगे...सो एक दिन वेनेजुएला के 'मादुरो' को उठा लिए और वेनेजुएला के तेल पर कब्जा कर लिए, फिर इजराइल के साथ मिलकर सोचा कि ईरान को भी 'वेनेजुएला' बना देंगे, पर ईरान ने वेनेजुएला बनने से इन्कार कर दिया और खाड़ी में अमेरिका के मित्र देशों पर प्रत्याक्रमण करके बता दिया कि युद्ध भले तुमने शुरू किया हो, खत्म हम करेंगे... बुरा टैम, अंकल सैम! अपने अहंकार में अंकल सैम 'सैमुअल हंटिंगटन' की द क्लैश ऑफ सिविलाइजेशंस की सीख को ही भूल गए कि शीतयुद्ध के बाद का यह दौर 'धार्मिक, सांस्कृतिक व सभ्यतामूलक संघर्षों' के युद्ध का दौर है। देखा जाए तो, ईरान इन दिनों एक धार्मिक-सांस्कृतिक-सभ्यतामूलक युद्ध ही लड़ रहा है। हो सकता है, अमेरिका के लिए यह प्रकटतः 'आर्थिक-राजनीतिक व सामरिक' युद्ध हो, लेकिन ईरान के लिए यह एक 'धार्मिक सभ्यतामूलक युद्ध' ही है। सैमुअल हंटिंगटन की उक्त पुस्तक आज की 'बहुध्रुवीय दुनिया' के देशों के बीच बढ़ते नए तनावों और विवादों को समझने-समझाने में काफी हद तक मददगार नजर आती है। हंटिंगटन का कहना है कि शीतयुद्ध के बाद के दौर में देशों, राज्यों या राष्ट्रों के बीच झगड़ों की अपेक्षा जनता के बीच सांस्कृतिक व सभ्यतामूलक झगड़े हुआ करेंगे...संसार में सात-आठ 'धार्मिक व सांस्कृतिक सभ्यताएं' हैं, जिनके बीच की 'फॉल्ट लाइनें' उनके 'संबंधों' को तय करती हैं। हंटिंगटन का यह भी कहना है कि पश्चिम को अब दुनिया के देशों को आधुनिक व जनतांत्रिक बनाने के लिए अपनी 'दादागीरी' करने की आदत छोड़ देनी चाहिए, क्योंकि अब जो भी तनाव या संघर्ष होंगे, वे सांस्कृतिक सभ्यतागत पहचानों के बीच 'कॉम्पिटिशन' के परिणाम होंगे। इसीलिए, जैसे ही ईरान पर हमला हुआ, बहुत-से देशों में रहने वाली इस्लामी जनता ने ईरान पर हमले को 'पश्चिमी क्रूसेड', यानी 'पश्चिम के धार्मिक युद्ध' की तरह देखना शुरू कर दिया और जवाब में 'जिहाद' की भावना का इजहार करना भी शुरू कर दिया है।

बहुत-से कट्टरतावादियों व धार्मिक तत्ववादियों की नजर में अमेरिका और उसकी संस्कृति 'शैतान' का प्रतीक है। अमेरिका के 'ट्विन टावरों' को ध्वस्त करने के पीछे यही अवधारणा थी। आज भी बहुत-से धार्मिक तत्ववादी अमेरिका को 'इस्लामोफोबिस्ट' मानते हैं। इसलिए, यह लड़ाई अमेरिका के लिए प्रकटतः भले 'आर्थिक-राजनीतिक-सामरिक' हो, लेकिन ईरान के लिए 'धार्मिक, सांस्कृतिक व सभ्यतामूलक' ही है। इसीलिए, जिस युद्ध को अमेरिका चार-पांच दिन में खत्म हुआ मानता था, वह अभी तक चल रहा है। जब दुनिया इतने से ही त्राहि-त्राहि करने लगी है, तो आगे संकट और बढ़ना है। इसीलिए, ईरान बिना कहे अमेरिका के मित्रों की बांह मरोड़कर दुनिया पर दबाव बना रहा है कि वे अमेरिका को हतोत्साहित करें और शांति समझौते के लिए दबाव डालें। इस युद्ध को हम अगर आर्थिक-राजनीतिक युद्ध की तरह देखेंगे, तो हम यह नहीं समझ पाएंगे कि इतनी भारी बमबारी के बावजूद ईरान हथियार क्यों नहीं डाल रहा? वह इसीलिए हथियार नहीं डाल रहा, क्योंकि वह स्वयं 'पैन इस्लामिक विश्व' का एक हिरावल दस्ता है। ईरान पर इस हमले ने दुनिया के 'शियाओं' और 'सुन्नियों' के मतभेदों को भी पीछे कर दिया है, क्योंकि दोनों की वृहत्तर पहचान तो इस्लाम ही है, जिस पर आज पश्चिम का हमला हो रहा है। जो इस युद्ध के 'सांस्कृतिक' मानी समझते हैं, वे यही कहते हैं कि ईरान के लिए यह नया 'कर्बला' है। जब पुराने 'कर्बला' को वे आज तक नहीं भूले, तो इस नए 'कर्बला' को कैसे भूलेंगे?

## खुला मंच

# हमें नहीं मिले एग्जाम फ्रेंडली गुरू...

**अशोक गौतम**

हे मेरे परमादरणीय गुरुजनो! आप मेरे लिए ब्रह्मा, विष्णु, महेश से भी आगे हो। आपने मुझे अपने पैरों पर खड़ा होना सिखाया। आपने मुझे अहंकार के बदले गर्व से सिर ऊंचा करके जीना सिखाया। भले ही आज स्वाभिमानियों के बदले अहंकारियों के सिर उत्तरोतर ऊंचे होते रहे हों। आपने मुझे झूठ की मीनारों तले सच के साथ खड़े होना सिखाया। आपका आभार!

पर दुःख इस बात का है कि आपने कभी भी परीक्षाओं के दिनों में परीक्षा भवन की झूठी गरिमा बनाए रखते उसे सामूहिक नकल का अखाड़ा कभी नहीं बनाया। आपने मेरे पेपरों में नंबर कभी आंखें मूंद कर नहीं लगाए।

मेरे परीक्षा देने के दौर में आप भी जो परीक्षा भवन के भीतर जरा से भी आ जाते तो न जाने कितनों के पुण्य धुल जाते। पर नहीं, आपको तो गुरु के पद की गरिमा बनाए रखनी होती थी। बस, इसी बात को लेकर आज में आपसे बहुत नाराज हूं।

हे मेरे परमादरणीय गुरुजनो! आपने मुझे जमकर तराशा। पर दुख केवल इस बात का है कि आपने मुझे परीक्षा केंद्र में आज के आदरणीयों टीचरों की तरह नकल नहीं दी। आप मेरे वे गुरुजन रहे जो हरदम हर जगह मेरे साथ तो रहे, पर परीक्षा केंद्र में मुझे मुस्कुराते हुए अकेला छोड़ देते थे। आखिर क्यों? क्या आप आज के टीचरों की तरह एग्जाम फ्रेंडली नहीं हो सकते थे? परमादरणीय गुरु वह नहीं जो अपने शिष्य को परीक्षा केंद्र में अकेला छोड़ दे, गुणी गुरु वही जो परीक्षा केंद्र में अपने शिष्यों का जमकर साथ दे। अच्छा लगता है आज की तारीख में यह पढ़ देख कर कि समूह भावना परीक्षा भवन में तो कम से कम बची हुई है। अच्छा नहीं, बहुत अच्छा लगता है जब एग्जामिनेशन सेंटर की बिजली गुल कर सीसीटीवी को सीना दिखा सब समूह में बैठकर जात पात को भुला टीचर जी की अगुआई में सामूहिक नकल नहीं, कॉपिंग करते हैं। और वे सच्चे समाजवादी हो समान रूप से बिना किसी भेदभाव के सबको पेपर सॉल्व करवाते हैं तो मन ही नहीं, तन भी प्रफुल्लित हो उठता है। वाह! ये है सच्चा समाजवाद! वैसे भी अब सामूहिकता सहकारिता बची ही कहां है सर जी? सहकारी सभा की बैठकों तक में सब एक दूसरे को नंगा किए फिरते हैं। ऐसे में मुझे इस बात की खुशी नहीं, बहुत खुशी है कि चलो, देश का भविष्य न सही तो न सही, कम से कम सामूहिकता, सहकारिता का भविष्य तो उज्वल होगा। वैसे आज का दौर अक्लप्रियों का नहीं, नकलप्रियों का दौर है।

## अंडर-18 महिला क्रिकेट टीम के चयन हेतु ट्रायल 22 को


फाइल फोटो

**जागरण,रीवा।** रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आगामी 25 से 28 मार्च के बीच रीवा में खेली जाने वाली अंतरजिला क्रिकेट प्रतियोगिता (महिला, अंडर-18) में भाग लेने वाली रीवा जिले की महिला क्रिकेट टीम के चयन हेतु स्थानीय अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय क्रिकेट मैदान में 22मार्च को प्रातः 9:00 बजे से ओपन ट्रायल आयोजित किया गया है । उक्त जानकारी देते हुयेएसोसिएशन के मानसेवी सह सचिव अनुराग सेठी के द्वारा बताया गया कि चूंकि प्रतियोगिता 18 वर्ष से कम आयु की महिला खिलाड़ियों के बीच खेली जाती है अतः इसमें केवल वो ही महिला खिलाड़ी भाग लेने की पात्र होंगी जिनका जन्म 1 सितंबर 2007 को अथवा उसके पश्चात हुआ हो ।

**अंतरजिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेगी टीम**

अतः रीवा जिले की निवासी सभी पात्र व इच्छुक महिला खिलाड़ियों से निर्धारित तिथि व समय पर ट्रायल स्थल मे डिजिटल जन्म प्रमाण-पत्र, पिछले 3 वर्षों की अंकसूचियाँ तथा आधार हिस्ट्री की जानकारी सहित उपस्थित होंने का अनुरोध है । ट्रायल में भाग लेने हेतु प्रति खिलाड़ी 100 रु. का शुल्क निर्धारित किया गया है। नगर की सभी शिक्षण संस्थाओं के प्रबंधन से भी अनुरोध है कि वो अपनी संस्था में अध्ययनरत छात्राओं को भी इस ट्रायल में भेजने का कष्ट करें।

# कम तनख्वाह में नहीं होता गुजारा, युवा छोड़ देते हैं नौकरी

### हर रोजगार मेले में हो रही 100 से ज्यादा नियुक्तियां, फिर साल भर टिक नहीं पाते जॉब


फाइल फोटो

**जागरण,रीवा।** शहर और गांव में लगने वाले रोजगार मेले में सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर्स जैसे पद युवाओं को आकर्षित करते हैं, लेकिन नौकरी लगने के बाद एक साल में उनका इस जॉब से मोहभंग हो जाता है। कम तनख्वाह की नौकरी से उनका महानगरों में गुजारा मुश्किल हो जाता है। इस समय युवाओं के नौकरी से वापस आने में यहीं वजह बार-बार सामने आ रही है। रोजगार कार्यालय और ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से लगाए जा रहे रोजगार मेले में हर माह प्राइवेट कंपनियों की नौकरी ऑफर की जा रही है। इनमें सिक्योरिटी, मार्केटिंग, कस्टमर केयर, सेल्स, टेक्निशियन, फिटरए मैकेनिक जैसे जॉब युवाओं को ऑफर किए जाते हैं। सौ से ज्यादा नियुक्तियों में तनख्वाह 6 हजार से लेकर 12 हजार रुपए तक होती है। महानगरों में जॉब लगने पर कम से कम 60 फीसदी मामले में युवा दो माह की नौकरी मुश्किल से कर पाते हैं। तीसरे महीने मकान किराया देखकर ही तुरंत ही जॉब छोड़कर घर वापस लौट आते हैं। बहुत अधिक मजबूरी में ही युवा नौकरी में टिक पा रहे हैं। इस समस्या को पहले भी उठाया गया, लेकिन कोई भी इसे गंभीरता से नहीं ले पा रहा है। ऐसी नौकरी करने वाले युवा बताते हैं कि सिक्योरिटी गार्ड, मार्केटिंग, सेल्स, इंश्योरेंस, कस्टमर केयर, मिल्स श्रमिक जैसे जॉब में जाने वाले लोग पहले माह मकान तलाशते हैं तो उन्हें न्यूनतम किराया 4 हजार रुपए बताया जाता है।

#### काउंसलिंग का नहीं मिल रहा लाभ

बता दें कि वैसे तो रोजगार मेले में जॉब देने के बाद फिलहाल ट्रैकिंग की कोई व्यवस्था नहीं है, अधिकारियों सहित अन्य को यह जानकारी नहीं रह पाती है कि कितने युवा जॉब पर गए और कितने युवा लौट आए। जब कभी कोई युवा अधिकारियों से मिलकर जानकारी देता है या फिर लौटकर आया युवा दोबारा पहुंचता है तभी उनकी जानकारी हो पाती है और उनकी काउंसलिंग भी की जाती है, हालांकि काउंसलिंग का लाभ वर्तमान में होता नहीं दिख रहा है। घर का मोह और कम सैलरी से युवा जॉब छोड़ रहे हैं।

#### बड़ी कपनियों में स्किल्स और अनुभव

बड़ी कपनियों में स्किल्स और अनुभव के आधार पर जॉब ऑफर होते हैं। जिनमें 25 हजार रुपए से अधिक की तनख्वाह है। उनमें जिले के युवा प्रशिक्षित और स्किल्स के अभाव में चयनित नहीं हो पाते। रोजगार कार्यालय से जुड़े कर्मचारियों की मानें तो पूरे जिले में यह स्थिति बन रही है। छत्रपति नगर निवासी रोहन द्विवेदी ने बताया कि यहां से कंपनी ने जो बाते की थी उस हिसाब से व्यवस्थाएं नहीं थी, इसके अलावा वेतन कम होने से घर से खर्च लेना पड़ रहा था, जिसके चलते नोकरी छोड़नी पड़ी। इसी प्रकार अनंतपुर निवासी प्रकाश वर्मा ने बताया कि जितना वेतन ट्रेनिंग के नाम पर दिया जाता है, उतने में गुजारा नहीं हो पा रहा था। इसलिए वह वापस लौटकर खुद का ई-रिक्शा चला रहे हैं।

रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को जॉब लेटर दिए जा रहे हैं। कुछ युवाओं के जॉब छोड़ने के पीछे कम तनख्वाह और घर का मोह है। हमारी कोशिश उनकी बेरोजगारी खत्म करने की है। ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिल सके, यही प्रयास है। जिन युवाओं के बारे में जानकारी होती है कि वह जॉब छोड़कर आए हैं, उनकी काउंसलिंग की जाती है।

**अनिल दुबे, जिला रोजागर अधिकारी।**

## मानस भवन में सुंदरकांड पाठ का आयोजन 21 को

**रीवा।** मानस मंडल द्वारा नियमित रूप से प्रतिमाह आयोजित किए जाने वाले सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर शनिवार 21 मार्च को अपराह्न 3:00 बजे से मानस भवन में किया गया है, जिसमें वाद्य यंत्रों के साथ सुमधुर ढंग से सुंदरकांड गायन की प्रस्तुति की जावेगी। मानस मंडल अध्यक्ष सुभाष बाबू पांडे ने मानस मंडल से संबद्ध समस्त अनुरागी बन्धुओ, नगर के धर्म प्रेमी सज्जनों से सुंदरकांड पाठ में उपस्थित होकर सहभागिता निभाने तथा नियमित सुंदरकांड पाठ की श्रृंखला में अपना योगदान देने हेतु निवेदन किया है। इस अवसर पर मानस मंडल की ओर से उपस्थित समस्त सुंदर कांड पाठकर्ताओं को सुंदरकांड की पुस्तिका नियमित पाठ हेतु उपलब्ध कराई जाएगी। आयोजित पाठ के समापन उपरांत आरती एवं प्रसाद की व्यवस्था उपस्थित जनों हेतु मंडल की ओर से की गई है। प्रचार सचिव शिव शंकर दीक्षित ने जन सामान्य से आधिकाधिक उपस्थिति हेतु निवेदन किया है।

## एनएसएस शिविर में दिखा युवाओं का जोश

### खेलकूद के साथ की गयी भेड़ौरा नदी की सफाई



**रीवा।** महारानी लक्ष्मी बाई कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी (एमएलसीटी) द्वारा ग्राम पंचायत इटौरा में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के पाँचवें दिन युवाओं का उत्साह देखते ही बना। दिनभर विभिन्न सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के संचालक पुष्पेंद्र त्रिपाठी, प्राचार्य डॉ. अर्चना पटेल, डॉ. किरण सिंह, एनएसएस प्रभारी अनीशा शर्मा एवं नवीन तिवारी के मार्गदर्शन म सरपंच भास्कर दत्त साहू, पंचायत सचिव निलेश शुक्ला, सुरेंद्र मिश्रा एवं संजीव पांडे की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। प्रातःकालीन सत्र में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़, कबड्डी एवं खो-खो जैसे खेल शामिल रहे। इन प्रतियोगिताओं ने युवाओं में ऊर्जा, अनुशासन एवं टीम भावना का संचार किया। कार्यक्रम एमएलसीटी के क्रीड़ा अधिकारी नीरज विश्वकर्मा एवं समस्त स्टाफ के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसके पश्चात 'जल संरक्षण एवं जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत भेड़ौरा नदी में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणों ने मिलकर नदी की स्वच्छता का दायित्व निभाया और जल संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान एनएसएस प्रभारी सतेन्द्र सिंह ने ग्रामीणों को जल बचाने एवं जल स्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया। संध्या सत्र में अखिल तिवारी के मार्गदर्शन में प्रतियोगी परीक्षाओं पर विशेष मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को सफलता की रणनीति एवं भविष्य के अवसरों की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। पूरे दिन का आयोजन ऊर्जा, सेवा भावना एवं जागरुकता का उत्कृष्ट उदाहरण रहा।

## महिला सुरक्षा अधिकारों के प्रति जागरुकता बढ़ाने दिया प्रशिक्षण

### हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन अंतर्गत कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**जागरण,रीवा।** हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन अंतर्गत संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्टार होटल में एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सुरक्षा अधिकारों के प्रति जागरुकता बढ़ाना तथा संबंधित कानूनों एवं समसामयिक विषयों पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त संचालक शशि श्याम उइके एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया गया। संयुक्त संचालक ने स्वास्थ्य जागरुकता विषय पर जानकारी देते हुए महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता से संबंधित आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी ने घरेलू हिंसा की रोकथाम, दहेज प्रथा उन्मूलन तथा महिला संबंधी कानूनों की जानकारी विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों, कानूनी सहायता की उपलब्धता एवं सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए जागरुकता की आवश्यकता पर बल दिया। सहायक संचालक शलीन शर्मा ने जेंडर संवेदीकरण तथा साइबर सुरक्षा विषयों के संबंध में जानकारी दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम पर जानकारी दी। उन्होंने अधिनियम के प्रावधानों, शिकायत निवारण तंत्र एवं सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करने के उपायों पर प्रकाश डाला।

कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों द्वारा ऑडियो-वीडियो सामग्री एवं पावर प्वाइंट प्रस्तुतियों का प्रभावी उपयोग किया गया, जिससे विषयों को समझने में सुगमता हुई। कार्यशाला में विभिन्न जिलों से आए सीडीपीओ एवं पर्यवेक्षकों के साथ-साथ बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, ऑब्जर्वेशन होम तथा वन स्टॉप सेंटर के सदस्य भी प्रतिभागी के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सीडब्ल्यूसी की अध्यक्ष, जेजेबी के सदस्य एवं समाजसेवी सुश्री ममता सिंह द्वारा भी प्रतिभागियों को संबोधित किया गया एवं अपने विचार साझा किए गए। कार्यक्रम के समापन पर सीडीपीओ जीवेंद्र सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख वक्ताओं के साथ-साथ क्षेत्रीय स्वास्थ्य संचालक, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, जिला विधिक सेवा अधिकारी, निरीक्षक हरिजन थाना सुश्री निशा एवं समाज सेविका ममता नरेंद्र सिंह भी उपस्थित रहीं।

## उन्नत खेती और तकनीक पर हुआ मंथन

### कृषि विज्ञान केंद्र में कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा संपन्न




**जागरण, रीवा।** किसान कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र रीवा में एक वृहद कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। उपसंचालक सह परियोजना संचालक 'आत्मा' के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिकों और किसानों के बीच सीधा संवाद स्थापित कर आधुनिक कृषि तकनीकों और नवीन सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अजय कुमार पाण्डेय ने किसानों को समसामयिक कृषि कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से सलाह दी कि सरसों की कटाई के बाद खेत खाली न छोड़ें। अतिरिक्त आय के लिए ग्रीष्मकालीन मूंग और सब्जियों की खेती करें। उचित प्रबंधन से जायद के मौसम में किसान अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकते हैं।

संयुक्त संचालक कृषि यू.पी. बागरी ने नरवाई (फसल अवशेष) जलाने की प्रथा पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने किसानों को इसके दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करते हुए बताया कि नरवाई जलाने से वायु प्रदूषण में भारी बढ़ोत्तरी होती है और मिट्टी के जरूरी कार्बनिक पदार्थ नष्ट हो जाते हैं। भूमि के लिए लाभकारी सूक्ष्म जीव जलकर मर जाते हैं, जिससे मिट्टी की उर्वरता घटती है। सहायक संचालक कृषि डॉ. सुरेश पटेल ने भारत सरकार की डिजिटल पहल 'एग्रीस्टैक' और 'फार्मर रजिस्ट्री' पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किसानों का एकीकृत डेटाबेस बनने से बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी और ऋण व सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे किसानों को मिलेगा। साथ ही उर्वरक वितरण को सुगम बनाने के लिए ई-टोकन व्यवस्था की बारीकियों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के समापन सत्र में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. त्रिपाठी एवं संयुक्त संचालक यू.पी. बागरी ने वर्ष 2024-25 में आत्मा योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील किसानों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विभिन्न विकासखंडों से आए किसान, कृषि वैज्ञानिक, एटीएम और बीटीएम उपस्थित रहे।

## शासकीय विभागों का 62 करोड़ रुपए से अधिक का बिजली बिल बकाया

**रीवा।** जिले के विभिन्न शासकीय विभागों का 62 करोड़ रुपए से अधिक बिजली का बिल बकाया है। अधीक्षण यंत्री बीके शुक्ला ने शासकीय विभागों के कार्यालय प्रमुखों से अपेक्षा की है कि लंबित बिजली बिल का भुगतान कराएं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का 40.38 करोड़ रुपए, महिला एवं बाल विकास विभाग 6.41 करोड़ रुपए, स्कूल शिक्षा विभाग का 4.01 करोड़ रुपए, नगरीय विकास एवं आवास विभाग का 3.66 करोड़ रुपए, जल संसाधन का 3.44 करोड़ रुपए का बिजली का बिल बकाया है। इसी प्रकार लोक स्वास्य एवं परिवार कल्याण विभाग का 98 लाख रुपए, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का 38 लाख रुपए, आदिम जाति कल्याण विभाग का 35 लाख रुपए, लोक निर्माण विभाग का 25 लाख रुपए, उच्च शिक्षा विभाग का 17 लाख रुपए, राजस्व विभाग का 12 लाख रुपए, गृह विभाग का 6 लाख रुपए, वन विभाग का 6 लाख रुपए, कृषि विभाग का 4 लाख रुपए सहित अन्य शासकीय विभागों के एक करोड़ 76 लाख रुपए बिजली का बिल बकाया है।

## कृष्णा-राजकपूर ऑडिटोरियम में 21 को होगा पं. शंभूनाथ शुक्ल स्मरण समारोह



**जागरण, रीवा।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं विंध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पं. शंभूनाथ शुक्ल स्मरण समारोह का आयोजन 21 मार्च को कृष्णा-राजकपूर ऑडिटोरियम में किया जाएगा। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. चन्द्रकांत शुक्ल स्मृति पत्रकार सम्मान भी प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी पं. शंभूनाथ शुक्ल स्मृति समिति के अध्यक्ष पार्षद समीर शुक्ला ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए थी। उन्होंने बताया कि समारोह में हाईकोर्ट इंदौर खंडपीठ के प्रशासनिक जज न्यायाधिपति विजय कुमार शुक्ला मुख्य अतिथि होगे। समारोह की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के संभागीय प्रभारी विजय दुबे, सांसद जनार्दन मिश्रा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम, विधायक नागेन्द्र सिंह, प्रदीप पटेल, दिव्यराज सिंह, सिद्धार्थ तिवारी, नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय एवं जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता मौजूद रहेंगे। समारोह का शुभारंभ सयं 7 बजे से कृष्णा-राजकपूर ऑडिटोरियम में किया जाएगा। पार्षद समीर शुक्ला ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## हिन्दू एकता सेवा संघ ने मनाया चौथा स्थापना दिवस

**जागरण, रीवा।** हिन्दू एकता सेवा संघ द्वारा खन्ना चौराहा रामलीला ग्राउंड में चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ अवसर पर गुरुवार को अपना चौथा स्थापना दिवस मनाया गया। संघ के जिलाध्यक्ष जगबीर सिंह व राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला कमला सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान दोपहर 1 बजे भगवान श्रीरामचंद्रजी की स्तुति, 1:15 से सुंदरकाण्ड का आयोजन किया गया। शाम को नववर्ष मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सनातनी भाई-बहन ने उपस्थित होकर एक-दूसरे को बधाई दी। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

## घर-घर गूंजा शिव बाबा का संदेश

### ब्रह्मा कुमारीज साधकों का व्यापक जनजागरण अभियान




**रीवा।** नगर के विभिन्न प्रमुख स्थानों रेलवे कॉलोनी, शिल्पी कामता रेजिडेंसी, एग्रीकल्चर कॉलेज कैंपस, गली-मोहल्लों, विंध्य विहार कॉलोनी, टेकुआ गांव, ट्रांसपोर्ट नगर, गोड़हर, यूनिवर्सिटी, सिरमौर चौराहा, कॉलेज चौराहा, विवेकानंद पार्क तथा टीआरएस कॉलेज में ब्रह्मा कुमारीज द्वारा एक भव्य आध्यात्मिक जनजागरण अभियान संचालित किया गया। इस सेवा अभियान के अंतर्गत झूलेलाल दरबार ट्रस्ट में आयोजित विशेष कार्यक्रम में नगर के सिंधी भाई-बहनों की श्रद्धापूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम के माध्यम से सभी को शिव बाबा का दिव्य संदेश पत्र, श्री लक्ष्मी-नारायण के चित्रयुक्त पावन कार्ड प्रदान किए गए। कार्यक्रम में राजयोग मेडिटेशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जीवन जीने की कला, आंतरिक शांति, आत्मबल वृद्धि तथा दुआओं की शक्ति के विषय में विस्तार से समझाया गया। उपस्थित सभी जनों को आध्यात्मिकता के माध्यम से जीवन में सुख, शांति और संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा दी गई। इस सेवा कार्य में मुख्य रूप से राजयोगी बीके प्रकाश भाई, इंद्रानगर सेवाकेंद्र प्रभारी बीके नम्रता बहन, बीके ज्योति बहन, बीके विजय देव भाई, बीके रोहित भाई, बीके सूरज भाई, बीके पीयूष भाई, बीके सुभाष भाई सहित अनेक ब्रह्माकुमार एवं ब्रह्माकुमारी बहनों की सक्रिय सहभागिता रही। यह संपूर्ण अभियान समाज में आध्यात्मिक जागृति, नशा मुक्त जीवन और संस्कारों में शुद्धता लाने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ, जिससे नगर का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता से सराबोर हो उठा।

## कृपलानी कभी भी सत्ता के इर्द-गिर्द नहीं रहेः खरे

### आचार्य कृपलानी की पुण्य-तिथि मनाई



**रीवा।** समता सम्पर्क अभियान एवं पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय सिंधु भवन में स्वतंत्रता आंदोलन के योद्धा आचार्य जेबी कृपलानी की 44 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर एक विचार संगोष्ठी सरदार प्रहलाद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के सचिव शंकर सहानी ने किया। अध्यक्षीय भाषण में प्रहलाद सिंह ने कहा कि देश की आजादी के समय आचार्य कृपलानी कांग्रेस के अध्यक्ष जैसे प्रमुख पद पर विराजमान थे। यदि वह कांग्रेस से अलग होकर किसान मजदूर प्रजा पार्टी नहीं बनाते तो वह कभी भी प्रधानमंत्री बन सकते थे। उनका पूरा जीवन बेदाग रहा और उन्होंने पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया।

समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक अजय खरे ने कहा कि चंपारण आंदोलन में महात्मा गांधी का साथ देने के लिए वो पहली बार जेल गए और इस दौरान उन्होंने इतिहास के प्रोफेसर पद से इस्तीफा दे दिया। भारतीय संविधान के निर्माण में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई लेकिन कभी सत्ता के इंर्दगिर्द नहीं रहे। नारी चेतना मंच की नेत्री नजमुन्निशा डॉ श्रद्धा सिंह , साक्षी महंत मोटवानी ने भी अपने विचार रखे। संगोष्ठी में प्रमुख रूप से सरदार प्रहलाद सिंह, अजय खरे, बृहस्पति सिंह, संतू लाल आहूजा,नंद लाल कोटवानी, कन्हैयालाल मंगलानी, घनश्याम दास काकवानी, नारी चेतना मंच की नेत्री नजमुन्निशा गीता महंत डॉ श्रद्धा सिंह, इतवरिया, साक्षी महंत मोटवानी,दुर्गा साकेत, डॉ प्रकाश तिवारी, दीपक गुप्ता , अशोक सोनी, जयप्रकाश खेमचंदानी, दक्ष चुगवानी, राजकुमार ठिकवानी, विक्रम थवानी, विजय खिजवानी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## पर्यावरणीय और जल संकट मानव सभ्यता के सामने गंभीर चुनौतीः प्रो.तिवारी

### मॉडल साइंस कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन



**जागरण,रीवा।** शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं एनएमडीसी के सहयोग से नेचुरल रिसोर्सेस एंड एनवायरनमेंटल सस्टेनेबिलिटी विषय पर आयोजित दो-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सनत त्रिपाठी डीन एग्रिकल्चर महाविद्यालय, विशिष्ट अतिथि डॉ.अरुण कुमार त्रिपाठी प्राचार्य श्रीयुत महाविद्यालय रीवा एवं संतोष कुमार पाठक वरिष्ठ प्रबंधक भू-विज्ञान एनएमडीसी रहे। समापन समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र नाथ तिवारी ने की। द्वितीय दिवस के प्रथम तकनीकि सत्र में संरक्षक एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र नाथ तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते पर्यावरणीय संकट और जल की कमी को मानव सभ्यता के सामने एक गंभीर चुनौती है। जिस प्रकार मानव सभ्यता का विकास नदियों के किनारे हुआ, आज वही जल संसाधन संकट में हैं और यह समस्या वैश्विक स्तर पर गंभीर रूप ले चुकी है। डॉ. तिवारी ने कहा कि देश में बढ़ते लैंडफिल, प्लास्टिक कचरे की समस्या, प्रदूषित नदियाँ और जैव विविधता का ह्लास, असंतुलित विकास प्रक्रिया के स्पष्ट संकेत हैं। जल संकट पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि भारत में वर्षा का असमान वितरण और भूजल का अत्यधिक दोहन स्थिति को और गंभीर बना रहा है।

एनएमडीसी पन्ना के डिप्टी मैनेजर भूविज्ञान संतोष पाठक ने पन्ना के डायमंड की प्राप्ति एवं प्रकारों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ. मुकेश येंगल ने बढ़ती हुई जनसंख्या एवं जलसंसाधनों की कमी के कारण होने वाली समस्याओं की ओर अपना ध्यान आकर्षित कराया। शोधार्थी विजय कुमार सोनी अपने प्रस्तुतीकरण मे डायमंड के उत्खनन से संबंधित तकनीकों की जानकारी साझा की।

डॉ. सनत तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण ही कृषि के स्थायी विकास का आधार है। उन्होंने वैज्ञानिक पद्धतियों एवं पारंपरिक ज्ञान के समन्वय से टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि सेमिनार के सफल आयोजन हेतु आयोजकों को बधाई दी और कहा कि इतने कम समय में राष्ट्रीय सेमीनार कराना आसान नहीं होता। डॉ. अरुण कुमार त्रिपाठी ने कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठियां विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को नई दिशा प्रदान करती हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को शिक्षा का अभिन्न अंग बताते हुए युवा पीढ़ी को इसके प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

इन दो दिनों में लगभग 200 शोध कर्ताओं ने अपने शोध पत्र पंजीकृत किए तथा लगभग 150 से अधिक शोधार्थियों ने तकनीकी सत्रों में अपने शोध कार्य की विवेचना की। संयोजक डॉ. संदीप कुमार शुक्ला ने दो दिवसीय कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ. प्रीति विश्वकर्मा सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी ने तकनीकि सत्रों का संचालन किया। आयोजक सचिव डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार तिवारी ने उपस्थित सभी शिक्षाविदों, अतिथियों शोधार्थियों एवं छात्र-छात्राओं का आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम 250 की संख्या मे विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## स्कूल के सामने से पान-मसाला गुमटी को हटाकर स्कूल के अंदर रखवाई



**जागरण, रीवा।** किसी भी विद्यालय, कॉलेज आदि से 100 मीटर की दूरी तक कोई भी पान-गुटखा, सिगरेट आदि की दुकान नहीं लगाई जा सकती, उक्त नियम के चलते शहर के मार्तण्ड स्कूल के गेट के समीप लगी पान-गुटखा, सिगरेट की गुमटी को यहां से हटाया गया था, ताकि तम्बाकू, सिगरेट का बुरा प्रभाव बच्चों पर न पड़े। गुमटी हटाने वालों ने यहां से तो गुमटी हटा दी, किन्तु उसे जब्त करने की बजाय स्कूल परिसर में रखवा दी, यानी 100 मीटर की दूरी का पालन यहां और घटा दिया गया, बच्चों पर इसका क्या असर पड़ेगा। स्कूल के अंदर सुरक्षित रखवाई गई गुमटी से तो यही प्रतीत होता है कि इसे दोबारा उसी स्थान पर रखवाए जाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

**100 मीटर की दूरी तक नहीं होना चाहिए ऐसी कोई दुकान, फिर से लगने की संभावना**

# रीवा जिला जल अभावग्रस्त घोषित निजी नलकूप खनन पर लगा प्रतिबंध

## कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने जारी किया आदेश

**जागरण, रीवा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रतिभा पाल ने म.प्र. पेयजल परिरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2022 की धारा-3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए संपूर्ण रीवा जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और 15 जुलाई 2026 या वर्षा के आरंभ तक प्रभावी रहेगा। जारी आदेश के अनुसार जिले में इस वर्ष सामान्य औसत वर्षा से कम वर्षा हुई है। सिंचाई आदि कार्यों में भू-गर्भीय जल के अत्यधिक दोहन के कारण पेयजल स्त्रोतों के जल स्तर में कमी आई है। जिसके कारण जिले के सभी विकासखण्डों एवं नगरीय क्षेत्रों में नलकूपों और अन्य जल स्रोतों के जल स्तर में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है जिससे जिले में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित होने की आशंका है। पेयजल संकट की स्थिति को देखते हुए कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रीवा द्वारा नलकूप खनन में पूर्णतः प्रतिबंध लगाने की अनुशंसा की गई है।



जारी आदेश के अनुसार जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में बिना पूर्व अनुमति के नवीन नलकूप खनन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। कोई भी व्यक्ति एवं प्राइवेट ठेकेदार बिना अनुमति नलकूप खनन नहीं करेगा। यह आदेश सरकारी नलकूप खनन कार्यों पर लागू नहीं होगा। नदी, नालों, स्टॉपडैम और सार्वजनिक कुओं के जल को केवल घरेलू और पेयजल प्रयोजनों के लिए सुरक्षित कर दिया गया है। किसी भी शासकीय भूमि पर स्थित जल स्रोतों में पेयजल तथा घरेलू प्रयोजनों को छोड़कर अन्य किसी प्रयोजनों के लिए नहरों में प्रवाहित जल के अलावा अन्य स्रोतों का दोहन किन्ही भी साधनों द्वारा जल का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। निजी भूमि पर नलकूप खनन के इच्छुक व्यक्तियों को संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को निर्धारित प्रारूप और शुल्क के साथ आवेदन करना होगा। एसडीएम पीएचई विभाग से तकनीकी अनुशंसा प्राप्त करने के बाद ही अनुमति प्रदान करेंगे। सार्वजनिक जल स्रोत सूखने की स्थिति में प्रशासन जनहित में किसी भी निजी पेयजल स्रोत का एक निश्चित अवधि के लिए अधिग्रहण कर सकेगा।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध म.प्र. पेयजल परिरक्षण अधिनियम की धाराओं के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (2) के तहत एकपक्षीय रूप से पारित किया गया है। स्थानीय पुलिस, राजस्व विभाग, पीएचई और नगर निकायों के अधिकारियों को इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# झिरिया नाला पुल के ऊपर फूटी पेयजल पाइपलाइन

## व्यर्थ बह गया सैकड़ों लीटर पानी, शिकायत के बाद भी नहीं सुधरी

**जागरण, रीवा।** गर्मी के आते ही शहरवासियों के लिए पानी की उपयोगिता बढ़ गई है, ऐसे में दर्जनों जगह सीवर लाइन डाले जाने के दौरान पेयजल पाइपलाइन लिकेज अथवा क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे कई वार्ड के लोग पानी को तरस रहे हैं, सीवरेज के लिए खोदी गई सड़क को नहीं बनाया गया न ही क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों को दुरुस्त किया गया। वहीं अन्य स्थानों पर भी आए दिन पाइपलाइन फूट रही है। शहर के झिरिया नाला पुल के ऊपर मानस भवन के समीप पिछले कुछ दिनों से पाइपलाइन क्षतिग्रस्त है, लोगों के घरों में पहुंचने वाला सैकड़ों लीटर पानी सड़क और नालियों की भेंट चढ़ रहा है। जिसकी शिकायत आसपास के रहवासियों द्वारा जिम्मेदारों को की गई किन्तु अभी तक कोई क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को सुधारने नहीं पहुंचा।



### रीवा-गोविंदगढ़ सड़क में परेशान हो रहे लोग

# सिलपरा पुलिया के नीचे बना वाशिंग सेंटर, सैकड़ों की संख्या में धुलते हैं वाहन

## धुलाई के चलते ही उखड़ जाती है सड़क, शिकायत के बाद भी नहीं दिया जा रहा ध्यान

**जागरण,रीवा।** रीवा-गोविंदगढ़ मार्ग में एक तो सड़क चौड़ीकरण के चलते लोगों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर सिलपरा पुलिया के नीचे अघोषित वाशिंग सेंटर बन जाने से लोग परेशान हो रहे हैं। यहां से निकलने वाले हैवी वाहनों को यहां धोने के लिए ड्राइवर रोक देते हैं और घंटों वाहनों को धोते हुए खड़े रहते हैं, जिसके चलते यहां जाम लग जाता है। बुधवार को यहां लंबा जाम लगा रहा, जिसमें फंसे यात्री घंटों परेशान रहे। दोनों तरफ से वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। बता दें कि इस पुलिया के नीचे रोजाना सैकड़ों की संख्या में वाहन धोए जाते हैं और यही वजह है कि पुलिया के नीचे की सड़क उखड़ जाती है, कुछ माह पहले ही इस सड़क का सुधार कार्य लाखों रुपए खर्च कर किया गया था लेकिन यह सड़क फिर से उखड़ गई।

### सैकड़ों की संख्या में धुलते हैं वाहन

स्थानीय लोगों की माने तो यहां रोजाना डेढ़ सैकड़ा से अधिक बड़े व छोटे वाहनों की धुलाई की जाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मना करने पर वाहन चालक व वाहन मालिक विवाद करने लगते हैं व धमकाते भी हैं। बताया कि इन वाहनों की धुलाई घंटों चलती रहती है, एक वाहन हटता है तो दूसरा वाहन खड़ा हो जाता है, वाशिंग सेंटर की तर्ज पर इसका पूरा उपयोग किया जा रहा है।

### प्रशासन नहीं देता ध्यान

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस स्थान पर वाहनों की धुलाई का विरोध करते हुए ज्ञापन कलेक्टर सहित जिम्मेदार अधिकारियों को दिया गया था लेकिन आज तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई, कई बार तो अधिकारी खुद यहां जाम में वाहनों की धुलाई के चलते फंस जाते हैं लेकिन किसी प्रकार की कोई कार्यवाही उनके द्वारा भी नहीं की जाती है। सुबह से लेकर देर रात तक वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है। इतना ही नहीं कपड़े धोने के साथ-साथ नहाया भी यहीं जाता है।

### दीवार पर लिखाया तक नहीं

स्थानीय लोगो ने बताया कि हम लोगों ने यह तक मांग की कि यहां दीवार पर इतना ही लिखा दिया जाए कि यहां वाहन धोने पर जुर्माना लगाया जाएगा लेकिन इतना तक जिम्मेदार अधिकारियों ने नहीं लिखवाया। उन्होंने कहा कि यदि जुर्माने का प्रवधान हो जाए तो यहां वह खुद वीडियो-फोटो भेज कर गाड़ी नंबरों से प्रशासन व जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराते रहेंगे और इसी के हिसाब से उनको जुर्माना कर दिया जाए। जिससे डर पैदा होगा और वाहनों की धुलाई बंद हो जाएगी।

# हितग्राहियों को मिलेगा दो-दो माह का खाद्यान्न

**रीवा।** खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पात्र राशन कार्डधारियों को हर महीने निर्धारित मात्रा में उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न दिया जा रहा है। उपभोक्ताओं को मार्च-अप्रैल तथा मई-जून माह का खाद्यान्न एक साथ दिया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार मार्च और अप्रैल माह का खाद्यान्न 31 मार्च तक सभी उचित मूल्य दुकानों में उपलब्ध कराकर इसका 15 अप्रैल तक वितरण किया जाएगा। मई और जून माह का खाद्यान्न 15 अप्रैल से 15 मई की अवधि में उचित मूल्य दुकानों में भण्डारित किया जाएगा। इसका राशन कार्डधारियों को वितरण एक मई से 31 मई तक किया जाएगा। मार्च माह का खाद्यान्न उचित मूल्य दुकानों में जारी किया जा चुका है। इसके साथ अप्रैल माह के खाद्यान्न का वितरण कराएं। खाद्यान्न का वितरण पीओएस मशीन के माध्यम से कराएं। कलेक्टर ने सभी एसडीएम, तहसीलदार, जिला आपूर्ति नियंत्रक तथा सहायक आपूर्ति अधिकारियों को आवंटित खाद्यान्न का समय पर वितरण कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि उचित मूल्य दुकानों से हितग्राहियों को खाद्यान्न, शक्कर एवं नमक का पात्रता के अनुसार वितरण कराएं। जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम जारी ऑनलाइन आवंटन के अनुसार उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न की आपूर्ति कराएं। खाद्यान्न तथा अन्य सामग्री उचित मूल्य दुकान पहुंचने पर परिवहनकर्ता को तत्काल पीओएस मशीन से ऑनलाइन पावती प्रदान करें। हितग्राहियों को दो-दो माह का खाद्यान्न एक मुश्त प्रदान करें। एसडीएम राजस्व तथा खाद्य विभाग के अधिकारियों से उचित मूल्य दुकानों में भण्डारित और वितरित खाद्यान्न का सत्यापन कराएं। पात्र परिवारों को वितरित खाद्यान्न की मात्रा का विवरण पीओएस मशीन के माध्यम से दर्ज करके उसे पावती दें।

# नवरात्र के प्रथम दिन माँ के दर दिखा आस्था का सैलाब

**उचेहरा।** चैत्र नवरात्रों के प्रथम दिन से ही मंदिरों में सुबह से ही दर्शन करने वालो की भीड़ देखी गई आस्था के साथ जय कारे लगाते भक्तो ने मां के दर्शन किये नगर के वार्ड 8 में विराजी माँ शीतला माता को जल ढारने सुबह के समय अच्छी खासी भीड़ खासकर महिलाओं एबच्चों की रही कुछ इसी तरह माँ खेर माई मन्दिर का नजारा रहा।


## नाम सुधार सूचना

मै, विराज चतुर्वेदी तनय श्री श्याम सुन्दर चतुर्वेदी (VIRAJ CHATURVEDI S/O SHRI SHYAM SUNDAR CHATURVEDI), **निवासी ग्राम/पोस्ट-भोलगढ़, जिला-रीवा (म.प्र.) मेरा सही नाम विराज चतुर्वेदी तनय श्री श्याम सुन्दर चतुर्वेदी** (VIRAJ CHATURVEDI S/O SHRI SHYAM SUNDAR CHATURVEDI) & Date of Birth: 12.01.2004 **है। मेरे भारतीय जीवन बीमा निगम की जीवन किशोर पालिसी के पालिसी क्रमांक-376378648 में त्रुटिवश मेरा नाम कामदगिरि शर्मा तनय श्री श्याम सुंदर शर्मा** (Kamadigiri Sharma S/o Shri Shyam Sundar Sharma) & Date of Birth: 01.10.2002 **अंकित हो गया है. अत: प्रकाशन उपरान्त मुझे मेरे सही नाम विराज चतुर्वेदी तनय श्री श्याम सुन्दर चतुर्वेदी** (VIRAJ CHATURVEDI S/O SHRI SHYAM SUNDAR CHATURVEDI) **एवं सही जन्मतिथि:** 12.01.2004 **से जाना-पहचाना जावे एवं समी शासकीय / अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जावे।**

RN-83793 विराज चतुर्वेदी


# तेज आवाज हॉर्न वाली बाइक ने राहगीरों की नाक में किया दम



## जिम्मेदार सिर्फ औपचारिक कार्यवाही तक सीमित

**जागरण,रीवा।** शहर की सड़कों पर तेज रफ्तार में फर्राटा भरने वाले बाइकर्स और उनकी गाड़ियों में लगे तेज आवाज वाले हॉर्न, लोगों की परेशानी का सबब बन गए हैं। जैसे ही यह हॉर्न बजते हैं, सामने चलने वाले राहगीर दहशत में आ जाते हैं। शहर की कई सड़क ऐसी हैं, जहां इन बाइकर्स का आतंक मचा हुआ है। जगह-जगह प्वॉइंट लगाकर जांच करने वाली पुलिस इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करती। इन्हें बेचने वालों पर भी शिकंजा नहीं कसा जाता। लोग दोपहिया के साथ ही चार पहिया वाहनों में तेज आवाज वाले हार्न लगावा रहे हैं। इसके अलावा ज्यादा अवाज करने वाले व पटाखे निकालने वाले साइलेंसर से भी लोगों को परेशानी हो रही है।

**बीमारियों का खतरा :** तेज आवाज वाले इन हॉर्न के कारण सड़क पर चलने वाले लोग बीमारी का शिकार हो रहे हैं। बच्चों की सेहत पर इसका विपरीत असर पड़ रहा है। कई शोध हुए हैं, जिसमें यह बात सामने आई कि तेज आवाज वाले हॉर्न और वाहनों की आवाज के कारण बच्चों के मानसिक विकास में असर पड़ रहा है।

### हो रहा ध्वनि प्रदूषण

प्रेशर हॉर्न का धंधा शहर में बड़े पैमाने पर चल रहा है। दुपहिया वाहन चालक अपने वाहनों में एक नहीं बल्की दो-दो तेज आवाज वाले हॉर्न लगाते हैं। जिससे जमकर ध्वनि प्रदूषण भी होता है। हालांकि ध्वनि प्रदूषण मापने वाले प्रदूषण नियंत्रण विभाग के अधिकारी विशेष अवसरों पर ही जांच करते हैं, जिससे पुलिस भी बेफ्रिक होकर रहती है। प्रदूषण के बढ़ते स्तर की नियमित मॉनिटरिंग हो तो इन पर नियंत्रण लगाने का प्रयास किया जा सकता है।

### यहां बिक रहे प्रेशर हॉर्न

शहर के खन्ना चौराहा, ढेकहा, छोटी पुल के समीप, शिल्पी प्लाजा, धोबिया टंकी, न्यू बस स्टैंड सहित अन्य स्थानों पर ऑटो पार्ट्स की दुकानों में यह हार्न आसानी से बेचे जा रहे हैं। सबसे अधिक इनकी बिक्री खन्ना चौराहा में की जाती है। इन हॉर्नों की कीमत 500 से 5000 रुपए तक की है।

### यह पड़ रहा असर

- एकाग्राचितता की कमी
- मेमोरी वीक होना
- मानसिक विकास पर असर
- स्मरण शक्ति कमजोर होना
- छोटी छोटी बातों पर उत्तेजित

### बीमारियों का खतरा

- हृदय रोग, डायबिटीज, नींद न आना।
- व्यवहार में बदलाव, झुंझलाहट।

# जीडीसी का वाटर कूलर उगल रहा गर्म पानी, प्याऊ के नल बंद



## छात्राएं पानी छूते ही पिए बिना लौट जाती हैं, नहीं मिल रहा शीतल पेय

**जागरण, रीवा।** शिक्षा विभाग स्कूल, कॉलेज आने वाले छात्र-छात्राओं को हर सुविधा देने का दंभ भर रहा है, किन्तु धरातल की वास्तविकता कुछ और ही बयां कर रही है। जिसका एक उदाहरण शहर के एकमात्र शासकीय कन्या महाविद्यालय में देखा जा सकता है। गर्मी ने शुरूआत से ही अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है, ऐसे में स्कूल आने वाले विद्यार्थियों को गर्मी से सूख रहे हलक को राहत देने शीतल जल की आवश्यकता होती है, किन्तु महाविद्यालय में लगा वाटर कूलर शीतल जल के स्थान पर गर्म जल प्रदाय कर रहा है, जिसे छूते ही यहां पढ़ने वाली छात्राएं पानी बिना ही वापस लौट जाती हैं। जब छात्राओं से पूछा गया कि पानी क्यों नहीं पी रही हैं तो छात्राओं ने बताया कि पानी गर्म आ रहा है। फिर क्या करेंगी पूछने पर उन्होंने बताया कि घर जाकर पानी पिएंगी।

**प्याऊ भी अनुपयोगी पानी ही नहीं :** वाटर कूलर के समीप ही प्याऊ भी बनी है, किन्तु वह भी अनुपयोगी है, प्याऊ के नल सूखे पड़े हैं, छात्राओं ने बताया कि प्याऊ में भी पानी नहीं भरा गया, काफी समय से प्याऊ का उपयोग ही नहीं हुआ।


## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, झाँसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभवी और इच्छुक ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

**खुली निविदा संख्या :** JHS-RCNK-M-PVB-25-26-57

**कार्य का नाम :** एस एस - II/III शेड्यूल के दौरान वंदे भारत रेक के लिए बाहरी PU पेंट और विनाइल रैपिंग की आपूर्ति और अनुप्रयोग।"

**कार्य की लागत :** Rs. 2,20,78,195.45/- (18% जीएसटी सहित)

**अग्रिम राशि :** Rs. 2,60,400.00 | **कार्य पूरा होने का समय :** बारह महीने

**ऑनलाइन निविदा समापन तिथि एवं समय :** 11.04.2026 समय 11:00 बजे तक

- निविदा एवं निविदा प्रारूप के बारे में विस्तृत जानकारी **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। **620/26 (AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



## उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं.: JHS/Comm/e-Auction/26/143 **दिनांक:** 18.03.2026

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

| श्रेणी: पार्सल | केटलोग संख्या: JHS LEASING-59 |
|---|---|
| एसेट्स डिटेल्स: 01-ट्रेन संख्या-11123 में 01 एसएलआर-आर-। | |
| **ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समय: दिनांक 25.03.2026 को समय- 11:30 से** | |
| **ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समय: दिनांक 25.03.2026 को समय- 12:00 तक** | |

**नोट-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट- **www.ireps.gov.in** के **e-auction module** के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **606/26 (A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना संख्या CEN05GWL0126**

**ई-निविदा सूचना**

**उप मुख्य अभियंता (निर्माण) उत्तर मध्य रेलवे, ग्वालियर** भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु, ऑन लानइ **(E-Tendering)** के माध्यम से **(Single Packet)** खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदायें दिनांक **10.04.2026** को **15.00** बजे तक **website http://www.ireps.gov.in** पर ऑन लाइन जमा की जा सकती है। निविदा के विवरण निम्नानुसार है-

**क्र.सं.1. निविदा संख्या:** E-Tender Notice No. CEN05GWL0126

**कार्य का नाम:** एडीईन ग्वालियर के अंतर्गत सबलगढ़ से बीरपूर खंड के मध्य ट्रैक (नई जी सी लाईन) का रखरखाव का कार्य।

**अनुमानित लागत: ₹ 45,51,631.20, कार्य पूर्ण होने की अवधि:** 12 माह, **निविदा बंद होने का दिनांक: 10.04.2026, वैधता अवधि:** 60 दिन।

पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट Website **http://www.ireps.gov.in** को देखें। **610/26 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



## उत्तर मध्य रेलवे

**क्रमांक:- झाँसी/डब्ल्यू/टी/टेण्डर जनरल/53** **दिनांक: 18.03.2026**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या:** झाँसी-इन्जी.-ई-2026-53, **कार्य का नाम:** झाँसी डिवीज़न:- प्रोवीजन ऑफ यात्री शेड, वेटिंग हॉल, रिटायरिंग रूम, टिकट चेकिंग रूम एंड आरपीएफ रूम एट दरियागंज (डीएबायजी) स्टेशन।

| **अनुमानित लागत :** ₹ 1,85,88,491.00 | **अमानत राशि:** ₹ 3,71,800.00 |
|---|---|
| **निविदा बन्द होने की तिथि:** 13.04.2026 at 15:00 hrs. | |
| **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 12 माह। | |

- निविदा दिनांक **13.04.2026** को **15:00** बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखे। **615/26 (MG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



## उत्तर मध्य रेलवे

**पत्र सं-: JHS/M/O&F/EnHM/T/21** **दिनांक: 19.03.2026**

**अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI)**

**रेलवे स्टेशनों पर सफाई एवं हाउसकीपिंग कार्य हेतु अनुमोदित वेंडरों की सूची तैयार करने के संबंध में**

**स्थान: झाँसी मंडल के अंतर्गत कोई भी रेलवे स्टेशन**

उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी मंडल के अंतर्गत स्थित किसी भी रेलवे स्टेशन पर सफाई एवं हाउसकीपिंग सेवाओं हेतु अनुमोदित वेंडरों की सूची तैयार करने के उद्देश्य से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित की जाती है। इच्छुक एजेंसियाँ/व्यक्ति निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण विवरण सहित अपना आवेदन **वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (O&F), मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी - 284003** के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय **24.04.2026** को अपराह्न **15:00 बजे** तक है। विस्तृत सूचना एवं भागीदारी हेतु दिशा-निर्देशों के लिए कृपया उत्तर मध्य रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** पर अवलोकन करें। इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी/स्पष्टीकरण हेतु निम्नलिखित अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है- श्री जितेन्द्र साव, SSE/EnHM/T मोबाइल: 9794838133, श्री दयानन्द यादव, OS/EnHM मोबाइल: 9794838473

**मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक)**
**उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी**

**611/26 (ADM)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR


# मैहर मेले में उमड़ी भीड़, दिखी प्रशासन की पुख्ता व्यवस्था

**मैहर।** चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन त्रिकूट पर्वत पर विराजमान मां शारदा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे श्रद्धालु जयकारों के साथ मां के दरबार की ओर बढ़ते नजर आए। भीड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक और सुदृढ़ इंतजाम किए हैं, जिससे व्यवस्थाएं काफी हद तक सुचारू बनी रहीं। मंदिर परिसर से लेकर नीचे तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पूरे क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। नवरात्रि के प्रथम दिवस में प्रातः आरती के बाद शाम 06 बजे तक सीढ़ियों से 72010 , रोपवे मार्ग से 4500, वेन मार्ग से 1050 दर्शनार्थियों ने दर्शन कर लिया है कुल 77,560 दर्शनार्थियों ने प्रशासनिक व्यवस्था के बीच कुशलता ने दर्शन कर चुके हैं। खबर लिखे जाने तक श्रद्धालुओं की भीड़ डटी रही, उम्मीद जताई जा रही है कि यह आंकड़ा 90 हजार के पार पहुंच सकता है।




## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



## आवश्यकता है

सिक्यूरिटी गार्ड्स्, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर, गनमैन तुरंत संपर्क करें:- कृष्णा कवच सिक्यूरिटी सर्विस, वार्ड नं. 15 सरदार पटेल काम्पलेक्स बाणसागर रोड, समान तिराहा के पास, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)
मो. नं. : 6263107475, 9755189198

RN.-G.M. Sir (20/3)



## बेचना है

विंध्य विहार, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी रीवा में प्राइम लोकेशन पर 2516 एसक्वायर फिट प्लाट बिक्रय करना है। संपर्क करें:- 9685016521

RN.-G.M. Sir (25/3)


# विपक्ष देश का विरोध करने हुआ आमादा: एड.कुलदीप

**रीवा।** एडवोकेट कुलदीप सिंह सोमवंशी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि विश्व की महा शक्तियां युद्ध के मुहाने में आकर खड़ी हो गई हैं सम्पूर्ण विश्व को तृतीय विश्व युद्ध का डर सता रहा है। विचारणीय विषय है कि राहुल गांधी ने ऐसा क्या कहा कि ट्रंप ने एकाएक टैरिफ वार शुरू कर दिया। पूरा विपक्ष एक स्वर में भारत को अमेरिका से पुराने सम्बन्ध तोड़ने पर भविष्य में बुरे परिणाम भुगतने की आशंका जता रहा था। उन्होने कहा कि वर्तमान में अमेरिका इजराइल का ईरान के साथ युद्ध चल रहा है और तीनों ही मुल्क भारत के अच्छे मित्र हैं। ईरान के सुप्रीम लीडर खामनेई की मृत्यु पर मोदी जी के शोक संदेश न देने पर पूरे विपक्ष ने हंगामा मचा दिया था, आखिर में विपक्ष चाहता क्या है और उसे क्या करना चाहिए जो देश के हित में हो, विपक्ष तय नहीं कर पा रहा है। यदि मोदी जी विपक्ष के अनुरूप तीनों राष्ट्रों में से किसी के भी पक्ष में बोलते है तो वह पक्षपात होगा। एक विशेष वर्ग के अलावा विश्व के अलग अलग देशों में समूह में तथा छुटमुट रूप से भी नरसंहार होते हैं जो विपक्ष को कभी नहीं दिखते तथा उनके नेताओं को सांप सूंघ जाते हैं और वे शोक के एक शब्द नहीं बोलते हैं। ईरान द्वारा हेर्मुज मार्ग रोक देने से तेल व गैस न आने की स्थिति में विपक्ष मोदी जी को जिम्मेदार मान रहा था किन्तु तेल व गैस आने पर उसमें मोदी का कोई सहयोग न होना बता रहा है, जिससे स्पष्ट हो जाता है कि पूरा विपक्ष भ्रम में है तथा वह निर्णय नहीं ले पा रहा है उसे देश के हित में क्या करना चाहिये और क्या नहीं।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,रीवा जिला रीवा (म.प्र.)

निविदा सूचना क्र. 30/25-26/ ब०ले०लि०/का०यं०/लो.स्वा.यां./2026 रीवा, दिनांक 16.03.2026

**ई - टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना**

(01) निम्नलिखित कार्यो हेतु ई - टेण्डरिंग के माध्यम से आन लाइन निविदायें एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल की नलकूपों के खनन एवं अन्य कार्य से संबंधित दिनांक 03.07.2018 से प्रभावशील एकीकृत दर सूची एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक किए गए समस्त संशोधनों के आधार पर केन्दीयकृत नवीन पंजीयन के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा आनॅ लाइन प्रक्रिया के तहत आमंत्रित की जाती है।

आनॅ लाइन निविदा पब्लिशिंग का दिनांक 18.03.2026 डाक्यूमेंट डाउन लोड/ टेण्डर फार्म क्रय प्रारम्भ तिथि 18.03.2026 टेण्डर फार्म क्रय की अंतिम तिथि 01.04.2026 बिड सबमिशन प्रारंभ का दिनांक 18.03.2026 एवं बिड सबमिशन की अंतिम तिथि 01.04.2026 को सांय 5.30 बजे तक निर्धारित है। manadatory A & Financial bid open का दिनांक 03.04.2026 को अपरान्ह 3.30 बजे निर्धारित है।

(02) उक्त निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय बेवसाइट (http//www.mptenders.gov.in) पर प्रदर्शित है।

(03) निविदाएँ निर्धारित तिथि दिनांक 03.04.2026 को खोली जावेंगी।

(04) कार्य का विवरण :-

रीवा जिले के विकासखण्ड रीवा एवं रायपुर के विभिन्न ग्रामो की योजनाओं में जल जीवन मिशन के तहत पुनरीक्षित डी.पी.आर. अन्तर्गत आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी निर्माण, सम्पवेल निर्माण, ट्यबवेल पर आधारित रेट्रोफिटेड पाइप जलापूर्ति का निर्माण, निष्पादन, सबमर्सिबल मोटर पंप की स्थापना क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन, 90 दिवस के ट्रायल रन एवं कमिशनिंग आदि समस्त कार्य सामग्री एवं लेबर सहित।

| ई- टेण्डर नं० | योजना का नाम | विकासखण्ड | कार्य की अनु० लागत (रू. लाख में) | प्रतिभूति राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र की कीमत | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2026_PHED_491204_1 | तिवरिगवाँ, डेल्ही, सिलपरी, सोनारूपा, मोहगढ़, कछिगवाँ, मेथौरी, नदहा, हिनौती, मनिकवार-2, परसवार, माजन, धवैया-290, महुआ, अतरैला, पलिया-351 (सप्तम आमंत्रण) | रायपुर | 496.77 | 496770.00 | 15000.00 | 9 माह (वर्षा ऋतु |
| 2026_PHED_491206_1 | देवरा, रहट, अमिलकी, रघुनाथपुर, उमरी अगडाल, सकरवट, सिलपरा, भानपुर (द्वितीय आमंत्रण) | सिरमौर | 173.18 | 173180.00 | 12500.00 | 6 माह (वर्षा ऋतु |

निविदा सूचना से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी विभागीय बेवसाइट (http//mptenders.gov.in) पर प्रदर्शित है।

(चित्रांशु)
कार्यपालन यंत्री

जी-27673/25



## उत्तर मध्य रेलवे

**पत्र सं. No. JHS/Commercial/e-Auction/25/173** **दिनांक: 19.03.2026**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), झाँसी** द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती हैं:-

**E-AUCTION FOR CONTRACT UNDER**

| **श्रेणी:** प्रचार | **केटलॉग संख्या:** JHS-FOOD VAN-49 |
|---|---|
| **एसेट्स डिटेल्स:** **1.** Creation, operation and maintenance of FOOD VAN serving (24x7) in Ghosipura, Ghosipura-Motijheel Section, Milavali Railway Station & Betwa Club Tiraha Jhansi. | |
| **ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समय: 01.04.2026** at **11.00** hrs. | |
| **ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समय : 01.04.2026** at **12.00** hrs. | |
| **श्रेणी:** प्रचार | **केटलॉग संख्या:** JHS-NFR-MIX-50 |
| **एसेट्स डिटेल्स:** **1.** Advertisement right through non-digital media under RDN policy on the rooftop of the running room (rest house) situated behind the yatri shed at Virangana Lakshmibai Jhansi railway station. **2.** Provision for installation of drinks vending machines at Talbahat railway station. **3.** Creation, operation and maintenance of food van (serving customers 24x7) at Maharaja Chhatrasal station Chhatarpur. **4.** Operate and maintain of battery-operated vehicles (bov) with advertisement at Banda Jn. **5.** Contract for setting up gaming zone cum passenger/public entertainment centre at Gole Ka Mandir, Gwalior. **6.** E-auction for to install and operate salon service Kiosk at Morar Gwalior. **7.** Contract for multi-functional activity in railway land in circulating area of Maharaja Chhatrasal station Chhatarpur. | |
| **ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समय: 06.04.2026** at **11.00** hrs. | |
| **ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समय : 06.04.2026** at **12.30** hrs. | |

**नोट:** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के e-Auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **618/26 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## संक्षिप्त खबरें

### प्रदेश के पहले विस अध्यक्ष को किया याद

**विसं, भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के पहले अध्यक्ष स्व. कुंजीलाल दुबे को विधानसभा परिसर में उनकी जन्मजयंती पर याद किया गया। इस मौके पर सीएम डॉ. मोहन यादव और विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर सहित वरिष्ठ नेताओं ने उनके जीवनकाल पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री ने कहा है कि स्व. पं. कुंजीलाल दुबे तीन बार मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष रहे। विधानसभा अध्यक्ष के रूप में उन्होंने हिन्दी भाषा को प्रतिष्ठित स्थान दिलाने में बड़ा योगदान दिया। स्व. पं. दुबे के विधानसभा अध्यक्षीय कार्यकाल की सुदीर्घ सेवाओं और संसदीय परंपराओं को और भी समृद्ध बनाने में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

### समग्र शिक्षा के लिए प्रदेश को मिले 688.44 करोड़

**विसं, भोपाल।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रदेश को समग्र शिक्षा के लिए 688.44 करोड़ की चौथी किश्त जारी कर दी है। मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है,जिसे केन्द्रीय योजना की चौथी और अंतिम किश्त जारी की गई है। स्कूल शिक्षा उदय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में पूरी लगन और तत्परता से कार्य कर रही है। हमने प्रदेश में विद्यार्थी हित की समस्त योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया है। शासन का निरन्तर प्रयास रहता है कि स्कूली शिक्षा की बेहतरी के लिए कहीं भी धन की कमी नही आने दी जाए।

### मान्यता के लिए 25 तक आवेदन कर सकेंगे कालेज

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के निजी कॉलेजों की आगामी सत्र 2026-27 की मान्यता और नवीनीकरण करने के लिए आवेदन जमा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभाग ने सभी निजी कालेजों को निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित प्रारूप में 25 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अंतिम तिथि बीतने के बाद प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार आवेदन मिलने के बाद कॉलेजों का भौतिक निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान भवन, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, शिक्षकों की उपलब्धता, बुनियादी सुविधाएं और अन्य आवश्यक मानकों की जांच की जाएगी। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर ही संबंधित कॉलेजों को मान्यता या नवीनीकरण की स्वीकृति दी जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन कॉलेजों की मान्यता अवधि समाप्त हो चुकी है। या फिर समाप्त होने वाली है, उन्हें समय सीमा के भीतर आवेदन करना अनिवार्य होगा।

### ईवी चार्जिंग से जुड़े हादसे रोकने रणनीति बनाएंगे : डॉ. यादव



**जागरण, इंदौर।** इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग के दौरान घर में लगी आग से पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरूवार को इंदौर पहुंचे। पीड़ित परिवार के सदस्य दो दिन से जंजीरवाला चौराहा स्थित जैन श्वेतांबर धर्मशाला में रह रहा है। धर्मशाला के तेरापंथी सभागृह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हादसे में मृत कारोबारी मनोज पुगलिया के बेटों सौरभ व सौमिल से मुख्यमंत्री ने मुलाकात कर सांत्वना दी। करीब 20 मिनट परिवार के बीच रहे मुख्यमंत्री को परिवारजनों ने बताया कि गाड़ी की चार्जिंग के कारण नहीं बिजली पोल पर हुए शॉर्ट सर्किट के कारण घर में आग लगी।

# कलेक्टर बनाने के मामले में मप्र दूसरे राज्यों से पीछे, 10 साल तक इंतजार

## छग में 5 से 7 साल में, उड़ीसा में 5 से 6 साल में बन रहे कलेक्टर, मप्र में युव अधिकारियों को नहीं मिल रहा मौका

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के युवा अधिकारियों को कलेक्टर बनाने के मामले में मध्यप्रदेश अन्य राज्यों की तुलना में काफी पीछे है। स्थिति यह है कि मध्यप्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारियों को जिलों की कमान मिलने के लिए 7 से 9 वर्षों तक का इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि अन्य कई राज्यों के जिलों में तीन से चार साल के आईएएस अफसर कलेक्टरी संभाल रहे हैं। गौरतलब है कि अमूमन 4 से 6 साल की सेवा अवधि पूरी करने के बाद भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को कलेक्टर बनने का मौका मिलता है। ऐसा पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़, राजस्थान, झारखंड और उड़ीसा जैसे राज्यों में हो भी रहा है। इतने वर्ष की सेवा करने वाले अधिकारी जिलों की कमान संभालने लगते हैं। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में वर्ष 2017 बैच के अधिकारी कलेक्टर बनाए गए हैं, तो राजस्थान में वर्ष 2016 और उड़ीसा में वर्ष 2018 बैच के अधिकारी कलेक्टर बने हुए हैं। लेकिन मध्यप्रदेश में अब तक 2014 बैच के आईएएस अधिकारियों को जिलों की कमान मिल सकी है। यानि कि उन्हें 8 साल बाद कलेक्टर बनने का मौका मिला।



### 10 साल से इंतजार में हैं आईएएस

ऐसी स्थिति में यदि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2015, 2016 और 2017 बैच के अधिकारियों को कलेक्टर बनाया जाता है, तो उन्हें अपनी सेवा अवधि के क्रमशः10, 9 और 8 साल बाद ही कलेक्टर बनने का मौका मिल पाएगा। इनमें से कई अधिकारी राज्य के जिला पंचायतों, नगर निगमों, मंत्रालय में उपसचिव या फिर संचालनालयों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इन सभी को कलेक्टर बनने का इंतजार है।

### जताया है भरोसा

राज्य की पिछली सरकारों की तुलना में मौजूदा सरकार ने युवा आईएएस अफसरों पर भरोसा जताया है। सरकार नई पीढ़ी के आईएएस अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दे रही है। संभावित प्रशासनिक सर्जरी में ज्यादातर युवा अधिकारियों को जिलों की कमान सौंपी जा सकती है। यानि कि वर्ष 2015 से 2020 बैच के आईएएस अधिकारी जिलों के कलेक्टर बनाए जा सकते हैं।

### महिला को प्राथमिकता

मप्र के 17 जिलों की कमान महिला आईएएस के पास है। बड़े निकायों में भी महिला आईएएस बतौर कमिश्नर पदस्थ हैं। पहली बार इस सरकार के कार्यकाल में संभव हो सका है कि इतनी महिला आईएएस अधिकारी कलेक्टर हैं। कई जिलों में तो दो से तीन साल से महिला जिले की कमान संभाले हुए हैं। कई अहम विभागों की मुखिया भी महिला अधिकारी पदस्थ हैं।

### जिला पंचायतों में भी नए अफसरों को मौका

प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो राज्य सरकार जिला पंचायतों में प्रमोटी आईएएस अधिकारियों के स्थान पर नए बैच के अधिकारियों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी के तौर पर पदस्थ कर सकती है। जानकारों की मानें तो किसी भी अधिकारी को कलेक्टर बनाने से पहले प्रशासनिक अनुभव के लिए एसडीएम राजस्व से लेकर सहायक कलेक्टर या फिर जिला पंचायतों का मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाया जाता है। कई बार आईएएस अधिकारियों को संचालनालय में ऐसे पद पर बैठाया जाता है, जो सीधे जनता से या विकास कार्यो से जुड़े होते हैं, जिससे उन्हें पब्लिक जिम्मेदारियों की सीख मिलती है। निकायों में भी आईएएस अधिकारियों को भेजकर उन्हें विकास कार्यो के तरीकों से अवगत कराया जाता है।

# सुप्रीम कोर्ट का फैसला विजयपुर में लोकतंत्र की जीतः पटवारी

## मल्होत्रा की विधायकी बरकरार रखने के निर्णय का स्वागत



**जागरण, भोपाल।** कांग्रेस के प्रदेश मुखिया जीतू पटवारी ने कहा कि विधायक मुकेश मल्होत्रा मामले में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय विजयपुर में लोकतंत्र की विजय है।

उन्होंने यह फैसला सत्य, न्याय और संविधान की जीत है। पटवारी ने मल्होत्रा की विधायकी बरकरार रखने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह फैसला जनता के जनमत, लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की गरिमा की रक्षा का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका ने एक बार फिर साबित कर दिया कि देश में संविधान सर्वोपरि हैऔर किसी भी प्रकार के राजनीतिक षडयंत्र के आगे न्याय नहीं झुकता। पटवारी ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह पहला मौका नहीं है जब भाजपा के सियासी षडयंत्र बेनकाब हुए हों। इसके पहले भी राज्य में जनप्रतिनिधियों को डराने, दबाव बनाने और जनादेश को पलटने की कोशिशें सामने आई हैं। भाजपा सरकार लगातार जनभावनाओं के खिलाफ कार्य करती रही हैं, जबकि कांग्रेस ने हमेशा संविधान, लोकतंत्र और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया है।

### केंद्रीय मंत्री चौहान से पटवारी ने पूछे 7 सवाल

जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया एक्स के जरिए केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से 7 सवाल किए है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भले ही 207 बार किसानों का नाम लिया हो, लेकिन उनके लिए काम क्या। एमएसपी की कानूनी गांरटी का क्या हुआ। किसान संगठन स्वामीनाथन आयोग के फॉमूले के तहत एमएसपी की कानूनी गांरटी की मांग कर रहे हैं,उसका क्या हुआ। एमएसपी पर सभी फसलों की खरीद सुनिश्चित नहीं होती। पिछले दशक में डीजल, खाद, कीटनाशक और बीज की कीमतों में वृद्धि हुई। जिसके कारण खेती की बढ़ती लागत बढ़ी, लेकिन उसके अनुपात में फसलों के दाम नहीं बढ़े हैं। तीन विवादित कानून को सरकार को वापस क्यों लेना पड़ा। किसानों की आय दोगुनी करने के झूठ की वजह से किसान पहले से ज्यादा कर्ज में क्यों डूब रहे है। अनिश्चित मौसम की वजह से खराब होती फसलों को मुआवजा मिलने में देरी की वजह क्या है और अस्थिर सरकारी नीतियां से किसानों का मुनाफा सीमित क्यों हो रहा है।

# प्रशिक्षण महाअभियान पर भाजपा का मंथन

**विसं, भोपाल।** भाजपा प्रदेश मुख्यालय में गुरुवार को पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को लेकर मंथन किया गया। अभियान के प्रदेश संयोजक आलोक संजर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। भोपाल नगर के विभिन्न मंडलों में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण वर्गो के बारे में संजर ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्गो के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, इतिहास, कार्यपद्धति और वर्तमान दायित्वों की गहन जानकारी दी जाएगी, जिससे कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। इस मौके पर भोपाल जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति ने कहा कि जिला स्तर से लेकर मंडल स्तर तक एक मजबूत समन्वय स्थापित किया गया है, जिससे हर प्रशिक्षण वर्ग सुव्यविस्थत ढंग से संचालित हो सके। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अधिक से अधिक कार्यकर्ता इन वर्गो में सक्रिय रुप से भाग लें और उन्हें संगठन के विभिन्न आयामों, बूथ प्रभंधन, जनसंपर्क, सेवा कार्य और नेतृत्व विकास का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त हो। जिला प्रभारी जसवंत हाड़ा ने कहा कि महाअभियान संगठन की कार्यशैली को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह अभियान केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है,बल्कि इसके माध्य से कार्यकर्ताओं में वैचारिक प्रतिबद्धता, अनुशासन और सेवा भाव को और अधिक मजबूत किया जा रहा है। सभी मंडलों में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण वर्गो के लिए सुव्यवस्थित योजना बनाई गई है, जिसमें विषयवार सत्र,अनुभवी वक्ताओं का मार्गदर्शन और व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल है। बैठक में जिला महामंत्री, जिला प्रशिक्षण टोली के सदस्य, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एंव मंडल स्तर के प्रशिक्षण टोली के सदस्य मौजूद रहे।

**भोपाल के हर भाजपा मंडल में होगा प्रशिक्षण वर्ग**

### पीएलआई फैसले के खिलाफ बैंक अधिकारी हुए लामबंद

**जागरण, भोपाल।** बैंकों के संघ यूएफबीयू से जुड़े अधिकारियों ने पीएलआई पर लिए गए एकतरफा फैसले का विरोध किया है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यह फैसला उस समय लिया गया है कि पूरा मामला मुख्य श्रमायुक्त के समक्ष विचाराधीन है। केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन ने इस फैसले का विरोध करते हुए कहा कि नए फैसले से अधिकारियों के बीच असमानता बढ़ेगी,जिससे वरिष्ठ अधिकारियों को इसका लाभ अधिक मिलेगा,जबकि कनिष्ठ व अन्य कर्मचारियों को इससे सीमित फायदा ही मिल पाएगा। जिससे कर्मचारियों के बीच असंतोष बढ़ेगा। एसोसिएशन ने कहा कि इस योजना से बैंक पर अतिरिक्त बोझ आएगा। ऐसे में यह फैसला किसी भी तरह से सुशासन के सिद्धांतों के अनुरुप नहीं है। एसोसिएशन के उपाध्यक्षके.के. त्रिपाठी,महासचिव के. रवि कुमार ने आईबीए ,सरकार और बैंकों से पीएलआई फैसले को रोककर उससे जुड़े मुद्दों पर आपसी बातचीत के बाद समाधान निकाला जाए।

# भारतीय समाज स्वस्फूर्ति, अनुशासितः सीएम

## कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य नाटक का हुआ मंचन

**जागरण, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय समाज स्वस्फूर्त और अनुशासित है। हमने हमेशा जियो और जीने दो सहित सबको लेकर चलने की भावना से जीना सीखा है। सम्राट विक्रमादित्य ने लोकतंत्र को बढ़ावा दिया, इसी से लोकतंत्र के सूत्र हम भारतीयों के शरीर में रक्त की तरह प्रवाहित हैं और अब यह हमारे अस्तित्व की पहचान भी बन गया है। मुख्यमंत्री गुरुवार को रवीन्द्र भवन में आयोजित विक्रमोत्सव-2026 के अंतर्गत कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। गुड़ी पड़वा से नव संवत्सर एवं नववर्ष का प्रारंभ हो गया है। एक नए संवत् और भारतीय नववर्ष का प्रारंभ हो गया है। हमारे यहां संवत् सृष्टि के साथ, प्रकृति के सानिध्य में और शासक के पुरुषार्थ से प्रारंभ होता है। सम्राट विक्रमादित्य ने शकों को परास्त किया। तत्कालीन समाज के अराजक तत्वों और आततायियों का दमन किया। उन्होंने अपनी संपूर्ण प्रजा को कर्जमुक्त बनाया। सच्चे अर्थों में सामाजिक सद्भाव की नींव रखी। वे लोकतंत्र के महानायक थे। उनके पुरुषार्थ से ही प्रारंभ किया गया विक्रम संवत् आज 2083 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। हमारी सरकार ने सम्राट विक्रमादित्य के ओजस्वी शासन उनके शौर्य, साहस, पराक्रम एवं न्याय के प्रतिमानों को आत्मसात करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का प्रयास किया। आज यदि दो हजार साल बाद भी सम्राट विक्रमादित्य को याद कर रहे हैं, तो इसके पीछे यह भाव परिलक्षित होता है कि भारत राष्ट की सरकार और राज्य सरकारें, वीर विक्रमादित्य की शासन व्यवस्था को अंगीकृत करना चाहती हैं। उन्होंने ब्रम्ह ध्वज की स्थापना कर कहा कि यह ध्वज हमें सदैव एकजुट रहकर देश-प्रदेश की सेवा करने की प्रेरणा देता है। विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन के नए प्रतिमान स्थापित किए जा रहे हैं। उज्जैन से देश में लोकतंत्र का दीप प्रज्ज्वलित हुआ और मुख्यमंत्री डॉ. यादव उसी दीप को और अधिक प्रकाशमान बना रहे हैं।



# विश्व में नेतृत्व की क्षमता भारत में होनी चाहिए: तोमर

## राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 का उद्घाटन, हमारी युवा आबादी का भविष्य उज्जवल

**विसं, भोपाल।** विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि हमारे देश में युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार काम हो रहा है। हमारा प्रयास यह है कि जब हम विकसित भारत का स्वरूप लें, तब विश्व में नेतृत्व करने की क्षमता हमारे पास होनी चाहिए। तोमर गुरुवार को विधानसभा के मानसरोवर सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में तोमर ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार इस बात पर काम हो रहा है कि हमारी युवा आवादी का भविष्य उच्जवल हो, हर क्षेत्र में हमारे नौजवान उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करें और देश का नाम रोशन करें। इस दृष्टि से चाहे खेल, स्टार्टअप, व्याख्यानमाला, ज्ञान माला का क्षेत्र हो हर क्षेत्र में भारत सरकार ने यह प्रयत्न किया है कि हमारा देश विकसित बनें,लेकिन यह विकसित भारत केवल अधोसंरचना और विज्ञान की दृष्टि से नहीं हो, बल्कि हमारे पास विश्व का नेतृत्व करने की क्षमता भी विद्यमान होनी चाहिए। तोमर ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी आने वाले कल का भविष्य है,जिसका सर्वांगीण विकास हो इस दिशा में काम किया जा रहा है। यह भारत सरकार, राज्य सरकार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की लगातार कोशिश रहती है। स्पीकर तोमर ने प्रतिभागियों से कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना और भारत सरकार लगातार देश की आधी से अधिक युवा आबादी के लिए समय-समय अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करती रही है।



### महाविद्यालयीन छात्र ले रहे भाग

राष्ट्रीय सेवा योजना और मेरा युवा भारत के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के सभी महाविद्यालयीन छात्र प्रतिभागी के रूप में भाग ले रहे हैं । इस मौके पर डॉ अशोक कुमार श्रोती, उप कार्यक्रम सलाहकार क्षेत्रीय निदेशालय, कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार, राष्ट्रीय सेवा योजना की स्टेट डायरेक्टर श्रीमती तारा पारही, डॉ राजकुमार वर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना मध्य प्रदेश/छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा एवं प्रतिभागी मौजूद रहे।

# शिक्षकों के लिए आइडी कार्ड व ड्रेस कोड जरूरी किया जाए

**जागरण, भोपाल।** प्रदेश के शिक्षकों ने लोक शिक्षण संचालनालय को पत्र लिखकर आईडी कार्ड और ड्रेस कोड लागू करने की मांग की है। इसमें उन्होंने कहाकि शासकीय ड्यूटी पर लगे शिक्षकों की स्पष्ट पहचान नहीं होने से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्हें अनावश्यक रूप से रोका जाता है। इससे उनका कार्य काफी प्रभावित होता है। इसके अभाव में अन्य अधिकारियों द्वारा दबाव और अपमानजनक व्यवहार किया जाता है, जो उनके मनोबल को गिरता है। ऐसी स्थिति से बचने के लिए प्रदेश के सभी शासकीय शिक्षकों को फोटोयुक्त विभागीय आइडेंटी कार्ड अनिवार्य रूप से आवंटित होना चाहिए। शिक्षकों का कहना है कि वह प्रायमरी, मिडिल और हाई सेकेंडरी स्कूलों में पदस्थ शिक्षक शिक्षा के साथ कई शासकीय दायित्वों का निर्वाहन कर रहे हैं। सर्वेक्षण, आपदा प्रबंधन, चुनाव कार्य, जनगणना के अलावा अन्य प्रशासनिक कार्यक्रमों में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसके बाद भी उनके साथ दुर्व्यवहान किया जाता है, तो अपमानित करता है। ऐसे व्यवहार से बचने के लिए फोटोयुक्त आइडेंटी कार्ड की डिमांड बढ़ रही है। गुरुजी अध्यापक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष राकेश पटेल ने कहा कि शिक्षक स्कूल, चुनाव ड्यूटी के अलावा अन्य सरकारी कार्यक्रमों के दौरान अपना आईडेंटी कार्ड होगा, तो उन्हें अपनी पहचान करना काफी सहज हो जाएगा।

**लोक शिक्षण संचालनालय को पत्र लिखकर उठाई मांग**

**अनदेखी** — री-डिजाइन की फाइल पर दो माह से निर्णय नहीं कर पाया है रेलवे, बेकार पड़ा है आरओबी

# डीआरएम के पास अटकी 90 डिग्री आरओबी की फाइल

**जागरण, भोपाल।** ऐशबाग में बने 90 डिग्री मोड़ वाले रेलवे ओवरब्रिज के टर्निंग वाले हिस्से का विस्तार होने पर रेलवे की तरफ से लेटीतीफी हो रही है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने ऐशबाग आरओबी का चौथी बार री-डिजाइन कर दो माह पहले प्रस्ताव तैयार कर रेलवे को भेज दिया था। दो माह में रेलवे निर्णय नहीं कर पाया है। इससे करोड़ों रुपये से तैयार आरओबी उपयोगी साबित नहीं हो पा रहा है। जबकि पीडब्ल्यूडी कई बार रेलवे को स्मरण पत्र भेज चुका है, लेकिन रेलवे के अधिकारी मौन साधे हुए हैं। देशभर चर्चित रहा आरओबी का विस्तार करने पीडब्ल्यूडी दो माह से रेलवे की मंजूरी का इंतजार कर रहा है। पीडब्ल्यूडी ने जनवरी में री-डिजायन का प्रस्ताव तैयार कर जबलपुर जोन भेज दिया था। जबलपुर जोन ने उक्त प्रस्ताव और डिजाइन को भोपाल रेल मंडल भेज दिया है। अब यह प्रस्ताव भोपाल डीआरएम के पास अटका हुआ है। डीआरएम की स्वीकृति लेने के लिए पीडब्ल्यूडी लगातार रेलवे को स्मरण पत्र भेजा जा रहा है। भोपाल डीआरएम कोई सुनवाई ही नहीं कर रहे हैं।



### रेलवे ने अपना हिस्सा पहले बना दिया था

90 डिग्री आरओबी को तैयार करने को लेकर रेलवे ने अहम भूमिका निभाई है। क्योंकि आरओबी तैयार होने के पहले रेलवे ने अपनी तरफ का हिस्सा पूरा बनाया दिया था। इसके बाद पीडब्ल्यूडी ने दोनों तरफ से आरओबी को जोड़ दिया। इससे आरओबी 90 डिग्री के आकार में आ गया। इसके चलते पीडब्ल्यूडी के आधा दर्जन इंजीनियर निलंबित कर दिए गए। उन्होंने आरोप पत्र का जवाब भी दे दिया है, लेकिन शासन अंतिम निर्णय नहीं कर सका है। अधिकारियों का कहना है आरओबी को 90 डिग्री का आकार देने में रेलवे अधिकारियों की खास भूमिका रही है, लेकिन उनकी खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है।

### भविष्य में नहीं होगी कोई समस्या

पीडब्ल्यूडी ने चौथी बार आरओबी को री-डिजाइन कर रेलवे को भेजा है। इसके पहले पीडब्ल्यूडी ने आरओबी को री-डिजाइन कर इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालाजी (आईआईटी) इंदौर से परीक्षण करा लिया है। इसके बाद पीडब्ल्यूडी ने री-डिजाइन को रेलवे को भेजा है। यहां से सहमति मिलने के बाद ही पीडब्ल्यूडी आरओबी के विस्तार पर कार्य करेगा। इसमें रेलवे द्वारा आधा मीटर ही जमीन दी जाएगी। इसमें करीब दो प्लर खड़े किए जाएंगे। इससे ढाई मीटर का आरओबी का टर्निंग प्वाइंट तीन मीटर का हो जाएगा। इसके बाद आरओबी के विस्तार का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। रेलवे द्वारा दिए गए निर्देश के मुताबिक आरओबी को तीन वैकल्पिक डिजाइन में तैयार किया गया है। इससे भविष्य में आने वाली समस्याओं का निराकरण आसानी से हो सकेगा। यहां तक ज्यादा से ज्यादा लोग आरओबी का उपयोग सुरक्षित तरीके से कर पाएंगे। री-डिजाइन आरओबी से रेलवे के साथ मेट्रो और सड़क तीनों प्रभावित नहीं होंगे। री-डिजाइन आरओबी का वक्र बढ़ जाएगा। इससे मोड़ पर वाहनों का टकराव नहीं होगा।

# इंदौर में आग की घटना को लेकर मैनिट करेगा रिसर्च

## मैनुयल पढ़ने से ईवी वाहन के उपयोग करने से रुकेंगी घटनाएं

**जागरण,भोपाल।** इंदौर के ग्रेटर ब्रजेश्वरी एनएक्स में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) को चार्ज के दौरान आग लगने की घटना का मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) रिसर्च करेगा। इसका उद्देश्य ईवी वाहनों में दोबारा ऐसी घटना को रोका जा सके। उक्त घटनाक्रम से एक ही परिवार के दो बच्चों और तीन महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई। इससे ईवी वाहनों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े होने लगे हैं। घटनाक्रम का मुख्य कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है, जबकि ईवी वाहनों में बैटरी फुल होने के बाद आटो पावर कट हो जाता है। सवाल यह है कि जब आटो पावर कट का सिस्टम ईवी वाहनों में रहता है, तो आग कैसे लग सकती है। मैनिट में इलेक्ट्रिकल विभाग के प्रोफेसर शैलेंद्र जैन का कहना है कि ईवी वाहनों का उपयोग करने वालों को दिए गए मैनुयल को अच्छे से पढ़ना चाहिए। मैनुयल के हिसाब से ईवी वाहनों का उपयोग करना चाहिए। इसके अलावा वाहनों के उपयोग के समय रख रखाव को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। कंपनी द्वारा दिए गए समय पर वाहनों की सर्विसिंग करना चाहिए। इससे उक्त घटनाएं कभी भी नहीं होंगी।

### कक्षाओं में कराया जाएगा इंदौर की घटना का अध्ययन

प्रो जैन का कहना है कि इंदौर की घटना ईवी वाहनों के उपयोग का एक सबक देकर गई है। इसलिए इलेक्ट्रिकल विभाग में प्रवेशरत विद्यार्थियों को उक्त घटना का अध्ययन भी कराया जाएगा, ताकि वे अपनी सर्विस के दौरान वाहनों की फीचर के संबंध में सुरक्षा दे सकें। मैनिट के विद्यार्थी उक्त घटना की रिसर्च करने इंदौर भी जाएंगे। वहां के घटनाक्रम का पूरा मुआयना करेंगे। घटनाक्रम का बरीकी से परीक्षण भी किया जाएगा। विद्यार्थियों को नये इलेक्ट्रिकल वाहन को डिजाइन करने में फीचर तैयार करने में सहयोग मिलेगा।



गुड़ी पड़वा त्यौहार हिंदू नव वर्ष के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर मुंबई के गिरगांव में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। फोटो में एक बड़ी और रंगीन रंगोली है, जो त्योहारों का एक पारंपरिक हिस्सा है। ढोल-ताशों की थाप के साथ पारंपरिक वेशभूषा में लोग इस उत्सव में उत्साह के साथ भाग लेते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम ने 24 घंटे में 4 राष्ट्राध्यक्षों से बात की



**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से फोन पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में तनाव कम करने, संवाद बढ़ाने और शांति बहाली की जरूरत पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि उन्होंने मैक्रों से बातचीत में कहा कि पश्चिम एशिया में हालात चिंताजनक हैं और तनाव कम करने के लिए बातचीत और कूटनीति जरूरी है। दोनों नेताओं ने शांति और स्थिरता के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई। पीएम के मुताबिक, उन्होंने ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक को ईद की बधाई दी और क्षेत्रीय हालात पर चर्चा की।

### राष्ट्रपति ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए



**अयोध्या, जेएनएन।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नवरात्रि के पहले दिन अयोध्या के राम मंदिर पहुंचीं। उन्होंने रामलला के दर्शन किए। दूसरे फ्लोर पर बने राम दरबार में श्रीराम यंत्र की स्थापना की। उन्होंने राम मंदिर परिसर को भी देखा। सीएम योगी ने राष्ट्रपति को मंदिर निर्माण से जुड़े कार्यों की जानकारी दी। राष्ट्रपति ने कहा- अयोध्या में प्रभु श्रीराम ने जन्म लिया था। इस पवित्र भूमि पर कदम रखना ही मेरे लिए सौभाग्य की बात है। राष्ट्रपति करीब साढ़े 10 बजे दिल्ली से अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचीं। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम ने उनका स्वागत किया। वहीं, सीएम योगी ने कहा- दुनिया के तमाम देशों में उथल-पुथल मची हुई है। युद्ध चल रहा है। जबकि भारत में शांति है। ये नया और बदलता हुआ भारत है।

### नीले ड्रम का खौफ! पत्नी को किया आशिक के हवाले




**बुलंदशहर, जेएनएन।** बुलंदशहर के कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव दौलतपुर में राजकुमार नाम के एक मजदूर ने अपनी जान बचाने के लिए अपनी पत्नी को उसके प्रेमी के हवाले कर दिया। राजकुमार की शादी सात साल पहले हुई थी, लेकिन उसकी पत्नी की सोशल मीडिया के जरिए एक युवक से दोस्ती हो गई। अफेयर का पता चलने पर जब पति ने विरोध किया, तो पत्नी ने उसे नीले ड्रम में सीमेंट भरकर मार देने की धमकी दी। इस दहशत के चलते मामला पुलिस तक पहुंचा। महिला मेडिएशन सेल में हुई काउंसलिंग के दौरान पत्नी ने प्रेमी के साथ रहने की इच्छा जताई, जिसके बाद राजकुमार ने उसे प्रेमी को सौंप दिया। राजकुमार को अपनी पत्नी के मोबाइल से प्रेमी के साथ कुछ आपत्तिजनक फोटो मिले थे। इसके बाद से घर में कलह शुरू हो गई।

### वीजा के लिए अमेरिका ने 12 देशों से 15 हजार डालर मांगे



**वाशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी विदेश विभाग का कहना है कि वह उन देशों की बढ़ती सूची में 12 और देशों को जोड़ रहा है जिनके नागरिकों को यूएस वीजा के लिए आवेदन करने हेतु 15,000 यूएसडालर तक के बॉन्ड जमा करने होंगे। 2 अप्रैल से प्रभावी, कंबोडिया, इथियोपिया, जॉर्जिया, ग्रेनाडा, लेसोथो, मॉरीशस, मंगोलिया, मोज़ाम्बिक, निकारागुआ, पापुआ न्यू गिनी, सेशेल्स और ट्यूनीशिया के पासपोर्ट धारकों को यह बॉन्ड जमा करना होगा। यह बॉन्ड तब वापस कर दिया जाता है जब वीजा आवेदन अस्वीकार हो जाता है, या यदि वीजा मिल जाता है, तो वह व्यक्ति वीजा की शर्तों का पालन करता है। यह जानकारी बुधवार को विदेश विभाग की वेबसाइट पर जारी एक नोटिस के अनुसार है।

## 48 उड़ानों का संचालन करेंगी एयर इंडिया और इंडिगो

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच एयरलाइन कंपनियां सीमित और चरणबद्ध तरीके से अपनी उड़ानों का संचालन कर रही हैं। एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो ने बुधवार को दुबई के लिए अपनी सेवाएं फिर से शुरू करने का निर्णय लिया है। एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस पश्चिम एशिया के लिए कुल 48 उड़ानों का संचालन करेंगी। इनमें 16 नियमित और 32 विशेष उड़ानें शामिल होंगी, जो दुबई के लिए भी उपलब्ध रहेंगी। इंडिगो ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी दी कि दुबई नागर विमानन प्राधिकरण के ताजा दिशानिर्देशों के बाद 18 मार्च को दुबई के लिए उड़ानें बहाल कर दी गई हैं। **अबू धाबी, दोहा और कुवैत की उड़ानें निलंबित:** हालांकि, अबू धाबी, दोहा और कुवैत के लिए कंपनी की उड़ानें 21 मार्च तक निलंबित रहेंगी। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच 28 फरवरी से शुरू हुए संघर्ष और हवाई क्षेत्र के प्रतिबंधों के कारण विमानन सेवाएं प्रभावित हुई हैं। इस अवधि के दौरान अब तक लगभग 2.6 लाख लोग पश्चिम एशिया से भारत लौट चुके हैं।



**अकासा भी शुरू करेंगी चुनिंदा सेवाएं**
अकासा एयर ने भी सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के बाद चुनिंदा सेवाएं शुरू करने की घोषणा की है। एयरलाइन के अनुसार, रियाद और मुंबई के बीच उड़ानें आज से शुरू हो जाएंगी, जबकि जेद्दा से अहमदाबाद, बेंगलुरु, मुंबई, कोच्चि और कोझिकोड के लिए सेवाएं जारी रहेंगी।

# कमजोर हो चुका ईरान जंग को महंगा बनाकर अमेरिका-इजराइल को झुकाने की फिराक में

**तेहरान/तेल अवीव/वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** ईरान इस समय अब तक के सबसे बड़े खतरे का सामना कर रहा है। इसके बावजूद वह अमेरिका और इजराइल के साथ चल रहे संघर्ष को लंबा खींचने में लगा हुआ है। पिछले कुछ हफ्तों में ईरान को भारी नुकसान हुआ है। उसके कई बड़े नेता और सैन्य कमांड ढांचे के अहम लोग मारे गए हैं। इससे उसकी नेतृत्व व्यवस्था को गंभीर झटका लगा है। ईरान के अंदर भी हालात अच्छे नहीं हैं। लोगों को जरूरी सामान की कमी, बुनियादी ढांचे के नुकसान और सख्त सुरक्षा माहौल झेलना पड़ रहा है। इसके बावजूद ईरान की बची हुई लीडरशिप लगातार आक्रामक बयान दे रही है। वे यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि ईरान लंबे समय तक संघर्ष झेल सकता है। वे इस युद्ध को लंबा खींचने के लिए तैयार हैं, चाहे इसका असर पूरे क्षेत्र और दुनिया पर क्यों न पड़े। हालांकि यह साफ नहीं है कि ईरान की यह रणनीति सफल होगी या नहीं। अब तक ज्यादातर खाड़ी देश इस युद्ध में सीधे शामिल नहीं हुए हैं, हालांकि उन पर हमले हुए हैं। ऐसे में कई देशों ने साफ कर दिया है कि वे अमेरिका और इजराइल के साथ अपने रिश्ते और मजबूत करेंगे।



**ईरान मकसद दुश्मनों को डराना**
एक्सपर्ट्स का कहना है कि ईरान का मकसद इस युद्ध में जीत हासिल करना नहीं है। उसका असली मकसद है अपने अस्तित्व को बचाना, दुश्मनों को डराना और ऐसी स्थिति बनाना जिसमें वह युद्ध के बाद की शर्तें तय कर सके। वह संघर्ष बढ़ा रहा है ताकि बाकी देशों के लिए इसे जारी रखना बहुत महंगा हो जाए और वे समझौता करने पर मजबूर हो जाएं।

### जंग खत्म करने के लिए हर्जाना चाहता है ईरान

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान से सरेंडर करने को कहा है, लेकिन ईरान खुद को मजबूत स्थिति में दिखा रहा है। वह कह रहा है कि वह इस संघर्ष में टिके रहने में सफल रहा है और अब शांति के लिए अपनी शर्तें रख रहा है। वह युद्ध के नुकसान की भरपाई (मुआवजा) भी मांग रहा है और खाड़ी देशों और अमेरिका के बीच लंबे समय से चले आ रहे रिश्तों में बदलाव चाहता है। ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा कि युद्धविराम तभी संभव है, जब यह सुनिश्चित हो जाए कि दुश्मन दोबारा हमला नहीं करेगा।

- **होर्मुज स्ट्रेट के लिए नया नियम बने:** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि युद्ध के बाद होर्मुज स्ट्रेट के लिए नया नियम बनाया जाना चाहिए, जिसमें ईरान के हितों को ध्यान में रखा जाए। उन्होंने कहा कि जहाजों की सुरक्षित आवाजाही कुछ खास शर्तों के तहत ही होनी चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान आगे चलकर अपने विदेशों में फंसे पैसे को छुड़ाने की मांग कर सकता है या इस समुद्री रास्ते का इस्तेमाल करने वाले देशों से टैक्स भी ले सकता है।
- **एक्सपर्ट बोले- ईरान जीत नहीं रहा:** जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर बाजोगली का कहना है कि पारंपरिक युद्ध के हिसाब से ईरान जीत नहीं रहा है, लेकिन उसे उसी तरह जीतने की जरूरत भी नहीं है। ईरान एक अलग रणनीति अपना रहा है, जिसमें वह युद्ध को इतना महंगा बना देना चाहता है कि सामने वाला देश उसे जारी न रख सके।

### 7000 ठिकानों पर हमला किया: अमेरिका

अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ ने ईरान की तुलना गाजा में हमास से करते हुए कहा कि ईरान ने सुरंगों, रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन पर भारी पैसा खर्च किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना इन सबको पूरी ताकत से निशाना बना रही है, जैसा दुनिया की कोई दूसरी सेना नहीं कर सकती। हेगसेथ ने कहा कि अब तक अमेरिका, ईरान में 7,000 से ज्यादा ठिकानों पर हमला कर चुका है।
**ईरान के इंटेलिजेंस मंत्री की मौत:** इजराइल की एयरस्ट्राइक में ईरान के इंटेलिजेंस मंत्री इस्माइल खातिब की मौत हो गई है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने इसकी आधिकारिक पुष्टि की है। मसूद पजशकियान इसे कायराना हत्या बताया। पजशकियान ने कहा कि यह हमला ईरान के शीर्ष नेतृत्व को निशाना बनाने की साजिश का हिस्सा है। इससे पहले इजराइल ने ईरान के सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी और बसीज कमांडर गुलामरेजा सुल्तानी को निशाना बनाया था, जिसमें दोनों अधिकारियों की मौत हो गई।

# बीवाईडी की ईवी का तहलका, 9 मिनिट में चार्ज, 620 किमी रेंज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कार कंपनियां एक से बढ़कर एक इलेक्ट्रिक कारें लॉन्च कर रही हैं, जो शानदार खूबियों से लैस होती हैं। लेकिन, चीनी कंपनी की एक ईवी ने सभी इलेक्ट्रिक कारों को पीछे छोड़ दिया। चीन की दिग्गज इलेक्ट्रिक कार कंपनी बीवाईडी ने अपनी नई एसयूवी फेंग चेंग बाओ टीआई3 का फ्लैश चार्जिंग एडिशन पेश किया है। इस कार ने पूरे इलेक्ट्रिक कार मार्केट में तहलका मचा दिया है। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसकी सुपर-फास्ट चार्जिंग स्पीड है। यह इलेक्ट्रिक एसयूवी सिर्फ 9 मिनट में फुल चार्ज हो सकती है और 620 किलोमीटर की रेंज देती है। यह उतना ही समय है जितना किसी कार में पेट्रोल भरवाने में लगता है। रॉकेट जैसी चार्जिंग स्पीड के लिए इस इलेक्ट्रिक कार में बीवाईडी की नई ब्लेड बैटरी 2.0 का इस्तेमाल किया गया है, जो बहुत सुरक्षित और पावरफुल है। सामान्य टेम्परेचर में यह कार मात्र 5 मिनट में 10 प्रतिशत से 70 प्रतिशत तक चार्ज हो सकती है। लगभग 9 मिनट में इसकी बैटरी 97प्रतिशत तक चार्ज हो जाती है।

**कड़ाके की ठंड भी बेअसर**
अक्सर देखा जाता है कि बहुत ज्यादा ठंड में इलेक्ट्रिक कारों की बैटरी की परफॉर्मेंस में कमी आ जाती है। लेकिन इस कार की बैटरी पर कड़ाके की ठंड का भी कोई असर नहीं होता। अगर टेम्परेचर माइनस 30डिग्री तक का भी हो, तो भी इस कार की चार्जिंग स्पीड में केवल 3 मिनट का ही फर्क पड़ता है। इसकी चार्जिंग में केवल 3 मिनट का अतिरिक्त समय लगता है।



### कितनी दूर तक चलेगी+फीचर

- **रियर-व्हील ड्राइव-** एक बार फुल चार्ज होने पर यह लगभग 620 किलोमीटर (385 मील) की दूरी तय करेगी।
- **फोर-व्हील ड्राइव-** यह मॉडल सिंगल चार्ज में लगभग 565 किलोमीटर (351 मील) की रेंज देगा।
- **ड्राइवर असिस्टेंट -** इसमें गॉड्स आई नाम का ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम लगा है, जो सेंसर और कैमरों की मदद से सड़क पर होने वाले खतरों को पहचानता है और गाड़ी को सुरक्षित रखता है।
- **एक्स्ट्रा पावर -** इस इलेक्ट्रिक कार से आप बिजली की अन्य उपकरण भी चला सकते हैं और सामान रखने के लिए इसमें आगे की तरफ एक छोटा ट्रंक (डिग्गी) भी दिया गया है।

# 40 प्रतिशत मुख्यमंत्रियों और आधे माननीयों पर दर्ज हैं क्रिमिनल केस

## राज्यसभा के 73 सांसदों पर क्रिमिनल केस



**नई दिल्ली, जेएनएन।** राज्यसभा के 73 सांसदों पर क्रिमिनल केस चल रहे हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने गुरुवार को राज्यसभा के 229 सांसदों की एक रिपोर्ट जारी की। इसमें हाल ही में चुने गए 37 सांसद भी शामिल हैं। राज्यसभा में 245 सदस्य होते हैं। राज्यसभा के 73 सांसदों में से 36 (16 प्रतिशत) पर गंभीर आरोप हैं। एक सांसद पर मर्डर का केस है। वहीं चार सांसदों पर हत्या की कोशिश और तीन पर महिलाओं से जुड़े अपराध के केस हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि करीब 31 सांसद (14 प्रतिशत) सांसदों ने खुद को अरबपति घोषित किया है। बड़ी पार्टियों में कई सांसदों ने 100 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति बताई है।

### आप सांसदों के पास औसतन 574.09 करोड़

भाजपा के 6, कांग्रेस के 5, वाईआरसीपी के 4,आप के 2, बीआरएस के 2, एनसीपी के 3 और अन्य दलों के 9 सांसद इस लिस्ट में हैं। एक राज्यसभा सांसद के पास औसतन करीब 120.69 करोड़ रुपए की संपत्ति है। पार्टियों के हिसाब से औसत संपत्ति अलग-अलग है। भाजपा के 99 सांसदों के पास औसतन 28.29 करोड़, कांग्रेस के 28 सांसदों के पास 128.61 करोड़, टीएमसी के 13 सांसदों के पास 17.70 करोड़ और आप के 10 सांसदों के पास 574.09 करोड़ रुपए हैं। डीएमके के 8 सांसदों के पास औसतन 11.90 करोड़, वाईएसआरसीपी के 7 सांसदों के पास 522.63 करोड़, समाजवादी पार्टी के 4 सांसदों के पास 399.71 करोड़, बीजेडी के 6 सांसदों के पास 105.63 करोड़ रुपए की संपत्ति है।

### 30 में से 12 मुख्यमंत्रियों पर आपराधिक मामले

देश के 30 मुख्यमंत्रियों में से 12 यानी 40 प्रतिशत मुख्यमंत्रियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 10 यानी 33 फीसदी पर हत्या की कोशिश, किडनैपिंग और रिश्वतखोरी जैसे गंभीर केस हैं। एडीआर रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में 45 प्रतिशत विधायकों ने अपने ऊपर क्रिमिनल केस घोषित किए हैं, जबकि 29 प्रतिशत गंभीर मामलों का सामना कर रहे हैं। वहीं 46 प्रतिशत सांसदों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। महिलाओं से जुड़े अपराधों की बात करें तो इसमें पश्चिम बंगाल सबसे आगे है।

### पाक में तेज बारिश-तूफान से 16 मौतें

**कराची, जेएनएन।** पाकिस्तान के कराची में बुधवार रात को हुई भारी बारिश और तूफान की वजह से 16 लोगों की मौत हो गई। मृत लोगों की पहचान करने के लिए उनके शव को सिविल हॉस्पिटल और जिन्ना हॉस्पिटल ले जाया गया है। रेस्क्यू में जुटे एक सामाजिक संस्था इधि फाउंडेशन ने बताया कि शवों की पहचान के बाद परिवार वालों को सौंपे जा रहे हैं। जिन शवों की पहचान नहीं हो पाई है उन्हें संस्था के मुर्दाघर में ले जाया जाएगा। तेज बारिश की वजह से पूरे शहर में बाढ़ और ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई है। कई इलाकों में बिजली सप्लाई भी ठप हो गई। तेज हवा की वजह से कई जगह पेड़ गिर गए जिससे शहर के मुख्य सड़कें बंद हो गई। फिलहाल बचाव कार्य जारी हैं ताकि प्रभावित लोगों की मदद की जा सके।

## 41 की उम्र में मां बनेंगी दिव्यांका त्रिपाठी



दिव्यांका त्रिपाठी और विवेक दहिया टीवी इंडस्ट्री के सबसे चहेते कपल्स में से हैं। दोनों 2016 में शादी के बंधन में बंधे थे, यानी दोनों की शादी को 10 साल हो चुके हैं। पिछले दिनों ही दिव्यांका ने सोशल मीडिया पर कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर करते हुए अपनी सगाई के 10 साल पूरे होने का जश्न मनाया था। जब से दिव्यांका और विवेक शादी के बंधन में बंधे हैं, फैंस गुड न्यूज का इंतजार कर रहे हैं। अक्सर एक्ट्रेस के फैंस उनसे पूछते रहते हैं कि वह कब गुड न्यूज देंगी? इस बीच चर्चा है कि दिव्यांका अपना पहला बेबी एक्सपेक्ट कर रही हैं। चर्चा है कि दिव्यांका त्रिपाठी और विवेक दहिया शादी के 10 साल बाद अपने पहले बच्चे का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। ये हैं मोहब्बतें में ईशी मां का किरदार निभाकर दिव्यांका त्रिपाठी ने दर्शकों के दिल में खास जगह बनाई थी। ऐसे में अब जब उनकी प्रेग्नेंसी के चर्चे हो रहे हैं तो एक्ट्रेस के फैंस बेहद खुश हैं। रिपोर्ट के अनुसार, दिव्यांका त्रिपाठी प्रेग्नेंट हैं। दिव्यांका और विवेक अपनी जिंदगी का नया चैप्टर शुरू करने के लिए तैयार हैं। उनकी प्रेग्नेंसी की खबर से उनके परिवार और दोस्तों के बीच खुशी का माहौल है। इस न्यूज के बाद दिव्यांका के फैंस की भी खुशी का ठिकाना नहीं है। हालांकि, अब तक दिव्यांका और विवेक की ओर से इस खबर की पुष्टि नहीं की है। दिव्यांका और विवेक के करीबी सूत्रों ने बताया कि उनके परिवार बेहद खुश हैं और नए सदस्य के स्वागत की तैयारियां भी शुरू कर दी हैं।

### केरल विस चुनाव: भाजपा की दूसरी लिस्ट जारी

**नई दिल्ली।** केरल विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में 39 उम्मीदवारों के नाम का एलान किया गया है। कोल्लम सीट से बीजेपी ने डॉ. एन प्रताप कुमार को चुनाव मैदान में उतारा है। कोंगद से रेनू सुरेश को टिकट मिला है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने आज गुरुवार, 19 मार्च को धर्मदम विधानसभा क्षेत्र से एलडीएफ उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल कर दिया है।

## एनबीसीसी द्वारा 5,800 करोड़ की राजस्थान मंडपम और संबद्ध अवसंरचना परियोजना निष्पादित की जाएगी




**जयपुर।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में, सीएम भजनलाल शर्मा ने राजस्थान अंतरराष्ट्रीय केंद्र जयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कर्नल राजवर्धन राठौर, कैबिनेट मंत्री, उद्योग एवं वाणिज्य, कृष्ण कुमार विश्नोई, राज्य मंत्री, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, वी. श्रीनिवास, मुख्य सचिव, राजस्थान, शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं अध्यक्ष, राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लिमिटेड (आरआईआईसीओ), डॉ. केपी महादेवास्वामी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनबीसीसी तथा अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में, वीडियो प्रस्तुतिकरण के माध्यम से राजस्थान मंडपम और संबद्ध अवसंरचना के सचित्र डिजिटल दृश्यों का अनावरण किया। इस अनावरण ने विश्वस्तरीय अवसंरचना निर्माण और इसे प्रगतिशील तथा निवेश के लिए तैयार गंतव्य के रूप में उसकी स्थिति को और मजबूत करने की दिशा में राज्य की यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि को चिह्नित किया। जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास स्थित यह महत्वाकांक्षी परियोजना जयपुर में 94.53 लाख वर्ग फुट के कुल निर्मित क्षेत्रफल (बीयूए) सहित 90 एकड़ से अधिक के भूखंड पर बनने की संभावना है। एनबीसीसी द्वारा इसका निष्पादन किए जाने के साथ इस संपूर्ण परियोजना का विकास आरआईआईसीओ द्वारा किया जा रहा है। एनबीसीसी एक सुदृढ़, स्व-वित्तपोषित मॉडल के माध्यम से परियोजना को कार्यान्वित करेगा, जिससे पारदर्शिता और दक्षता के उच्च मानकों को बनाए रखते हुए वित्तीय संधारणीयता सुनिश्चित होगी। राजस्थान मंडपम और उससे संबंधित विकास कार्यों के विस्तारित पैमाने और व्यापक दायरे को देखते हुए, परियोजना के कुल मूल्य का आकलन 5800 करोड़ से अधिक का किया गया है। यह परियोजना इस क्षेत्र पर दूरगामी आर्थिक और सामाजिक प्रभाव डालने वाले सबसे महत्वपूर्ण शहरी अवसंरचना पहलों में स्थापित हो जाती है।

**साइबर क्राइम** मेटा की रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा, साइबर ठग एआई का इस्तेमाल कर एकसाथ लाखों को फंसा रहे

# दुनिया में भारत साइबर ठगों का दूसरा सबसे बड़ा शिकार बना

**नई दिल्ली, जेएनएन।** फेसबुक-इंस्टाग्राम की मालिक कंपनी मेटा की नई रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि भारत अब दुनिया के अंतरराष्ट्रीय स्कैम गिरोहों का दूसरा सबसे बड़ा शिकार बन गया है। सिर्फ अमेरिका के अंग्रेजी बोलने वाले यूजर्स के बाद भारत टॉप पर है। ये ठग अब इतने पेशेवर और संगठित हो गए हैं कि वे एआई टूल्स का इस्तेमाल करके लाखों लोगों को एक साथ फंसाने लगे हैं।



### एआई से बने सुपर ठग

मेटा की सेमीएनुअल एडवरसैरियल थ्रेट रिपोर्ट बताती है कि स्कैमर अब साधारण ठग नहीं रहे। वे फेक अकाउंट्स बनाते हैं जिनमें पूरा बैकस्टोरी, असली जैसी प्रोफाइल फोटो, वीडियो और यहां तक कि कल्चरली फिट बातचीत होती है। ये मैसेज इतने पर्सनलाइज्ड होते हैं कि पढ़ने वाला सोचता है। ये तो मेरे लिए ही लिखा है। रिपोर्ट में के अनुसार, अपराधी स्कैम सिंडिकेट सबसे पहले अमेरिका के अंग्रेजी बोलने वाले यूजर्स को निशाना बनाते हैं, उसके ठीक बाद भारत के यूजर्स आते हैं। इसके बाद मंदारिन बोलने वाले जैसे चीन, ताइवान, हांगकांग, सिंगापुर और फिर जापान-दक्षिण कोरिया के लोग टारगेट होते हैं।

### पुराने स्कैम के नए रूप

रिपोर्ट में स्कैम आर्कटाइप्स की लिस्ट दी गई है, जिसमें एडवांस पेमेंट स्कैम, इन्वेस्टमेंट स्कैम, गैंबलिंग स्कैम, रोमांस स्कैम, यूजर सपोर्ट स्कैम शामिल हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया में तो रोमांस और इन्वेस्टमेंट स्कैमर पहले शानदार लाइफस्टाइल की फोटो-वीडियो दिखा भरोसा बनाते हैं, फिर चैट को व्हाट्सएप या दूसरे प्लेटफॉर्म पर ले जाते हैं।

### आप क्या कर सकते हैं?

मेंटा की रिपोर्ट का सबसे बड़ा संदेश यही है कि अब स्कैमर सिर्फ पैसे नहीं, आपका पूरा भरोसा चुरा रहे हैं। इसलिए अनजान लिंक न खोलें, किसी से पैसे न भेजें, और अगर कोई बहुत अच्छा ऑफर आए तो दो बार सोचें। क्योंकि आजकल ठग एआई की मदद से इतने स्मार्ट हो गए हैं कि आपके सबसे करीबी दोस्त लगते हैं।

### भारत को टारगेट कर रहा पाकिस्तानी गिरोह पकड़ाया

मेटा ने हाल ही में एक पाकिस्तान आधारित ऑपरेशन को तोड़ा जो भारत को ही टारगेट कर रहा था। ये गिरोह ऑफ-प्लेटफॉर्म वेबसाइट्स पर चलता था और एआई की मदद से अलग-अलग भाषाओं में कंटेंट बनाता था। चोरी की फोटो लगाकर खुद को लोकल दिखाता था। रिपोर्ट कहती है कि ऐसे सिंडिकेट अब ट्रेनिंग, स्पेशलाइजेशन और सिक्योरिटी के साथ बिजनेस की तरह काम करते हैं। कंपनी ने बताया कि इस साल उसने फ्रॉड और स्कैम के खिलाफ 1.09 करोड़ फेसबुक-इंस्टाग्राम अकाउंट्स, 6 लाख पेज और 1.12 लाख ऐड अकाउंट्स हटाए। इसके अलावा ड्रग कार्टेल और तस्करी वाले गिरोह भी प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल भर्ती, ब्लैकमेल और प्रचार के लिए कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### रेप-ब्लैक मेलिंग पर ज्योतिषी गिरफ्तार

**मुंबई/नासिक, जेएनएन।** महाराष्ट्र के नासिक में 35 साल की महिला से बार-बार रेप और ब्लैकमेल करने के आरोप में पुलिस ने बुधवार को मशहूर ज्योतिषी अशोक खरात (67) को गिरफ्तार किया। ज्योतिषी कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न कर चुका है। एफआईआर के अनुसार, खरात खुद को कैप्टन कहता था, वह रिटायर्ड मर्चेंट नेवी अफसर है। वह महिलाओं को उनकी समस्याएं हल करने का झांसा देकर ऑफिस बुलाता था। वहां पहुंचने के बाद वह उन्हें नशीला पदार्थ देकर सम्मोहित करता था। वह महिलाओं को डराकर खासकर उनके पति की मौत की धमकी देकर या तंत्र-मंत्र के डर का हवाला देकर रेप करता था। जांच में सामने आया कि खरात ने ऑफिस में हिडन सीसीटीवी कैमरे लगा रखे थे। पुलिस को एक पेन ड्राइव मिली है, जिसमें 58 अलग-अलग महिलाओं से जुड़े आपत्तिजनक वीडियो होने की बात कही जा रही है।

### शोकसभा में भाजपा-आप कार्यकर्ताओं में झड़प

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली अग्निकांड में मारे गए 9 लोगों की गुरुवार को शोकसभा हुई। पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल भी इसमें शामिल होने के लिए पहुंचे। दिल्ली अग्निकांड में मारे गए 9 लोगों की शोकसभा में आम आदमी पार्टी (आप) और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झड़प हुई। इस घटना के वायरल वीडियो में कुर्सी फेंकते और धक्का-मुक्की करते लोग दिखे। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि भाजपा के विधायक कुलदीप सोलंकी के गुंडो ने मुझे कुर्सी फेंककर मारी। पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा को पीड़ितों की चिंता नहीं है। कोई पीडितों से सहानुभूति जताने आता है तो भाजपा के लोग उनसे मिलने भी नहीं देते। दरअसल, बुधवार को पालम इलाके की चार मंजिला इमारत में आग लग गई थी। इसमें 3 नाबालिग लड़कियों समेत 9 लोगों की जान चली गई थी।

**पश्चिम एशिया में जंग : ईरान ने बदले की कार्रवाई में पड़ोसियों पर किया हमला, तेल और गैस फील्ड पर निशाना**

# सऊदी, कतर, यूएई, कुवैत व इजराइल में रिफाइनरी तबाह

### सऊदी बोला-ईरान सब्र का इम्तिहान न लें

**तेहरान/तेलअवीव, जेएनएन।** ईरान पर अमेरिका और इजराइल के बाद पश्चिम एशिया में हालात बदल रहे हैं। इस संघर्ष की आग अब खाड़ी देशों तक पहुंच चुकी है। बुधवार को ईरान ने अपने गैस फील्ड पर हमलों के बाद खाड़ी देशों के तेल और गैस ठिकानों पर हमलों की चेतावनी दी और देर शाम मिसाइल हमले कर दिए। तेल और गैस रिफाइनरियों पर हुए व्यापक हमलों से वैश्विक ऊर्जा बाजार में भारी उथल-पुथल मची है।

**सऊदी अरब:** ईरान ने सऊदी की सबसे महत्वपूर्ण रासतनूरा तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया, जिसे दुनिया की तेल आपूर्ति की धड़कन कहा जाता है। राजधानी रियाद में भी रिफाइनरियों और गैस प्लांटों पर ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों से हमले किए गए।

**कतर:** ईरान ने रासलफान गैस प्लांट पर हमला किया, जिससे कतर ने एलएनजी उत्पादन अस्थायी रूप से रोक दिया है। यह हमला ईरान के अपने 'साउथ पार्स' गैसफील्ड पर हमले का बदला बताया।

**यूएई:** यूएई की फुजैराह तेल सुविधा अल हसन गैस फील्ड को भी ईरानी ड्रोन और मिसाइलों द्वारा निशाना बनाया गया।

**कुवैत:** मीना अल-अहमदी, मीना अब्दुल्ला रिफाइनरी पर हमले हुए हैं।

**इजराइल:** इजराइल के हाइफा रिफाइनरी, लेविथान गैस फील्ड पर हमलों के बाद परिचालन बंद करना पड़ा।

**ईरान:** इससे पहले अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान के विशाल साउथ पार्स गैस फील्ड पर हमले किए गए थे, जिसके जवाब में ईरान ने अन्य खाड़ी देशों पर हमले शुरू किए।



फुजैराह में हमले के बाद तेल स्टोरेज फैसिलिटी से आग और धुएं का गुबार उठता हुआ।

**हमलों के वैश्विक प्रभाव:** हमलों से कच्चे तेल की कीमतें 118 डॉलर से 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं। वैश्विक बाजारों सहित भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए इन देशों पर निर्भर है, इसलिए देश में एलपीजी और पेट्रोल-डीजल के संकट की आशंका बढ़ गई है।

### यूएस विदेश-रक्षा मंत्री के घर के ऊपर संदिग्ध ड्रोन दिखे

वॉशिंगटन में अमेरिकी सेना के अहम बेस के ऊपर संदिग्ध ड्रोन देखे गए। विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ सैन्य बेस फोर्ट लेसली मैकनेयर के अंदर रह रहे हैं। इस मामले की जानकारी रखने वाले तीन लोगों ने बताया कि ड्रोन की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और यह भी साफ नहीं कि वे कहां से आए थे। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमलों के कारण सुरक्षा अलर्ट पहले से बढ़ा हुआ है। इसी वजह से सेना संभावित खतरों पर कड़ी नजर रख रही है। 10 दिनों में एक रात के दौरान फोर्ट लेसली मैकनेयर के ऊपर कई ड्रोन देखे गए, जिसके बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई और व्हाइट हाउस में इस मुद्दे पर इमरजेंसी बैठक भी हुई।

### एफ-35 फाइटर को नुकसान पहुंचाया: ईरान

ईरान की आईआरजीसी ने कहा कि उसने अमेरिकी एफ-35 फाइटर जेट पर हमला कर उसे नुकसान पहुंचाया। आईआरजीसी ने हमले का वीडियो भी जारी किया है, जिसमें जेट को निशाना बनाते हुए दिखाया गया है। हालांकि इस वीडियो की पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने स्वीकार किया कि एक एफ-35 जेट को ईरान के ऊपर मिशन के दौरान इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान को मिडिल-ईस्ट के किसी देश में उतारा गया है। रिपोर्ट के अनुसार, यह पहली बार हो सकता है जब इस जंग के दौरान ईरान ने किसी अमेरिकी सैन्य विमान को निशाना बनाया हो। एफ-35 दुनिया के सबसे एडवांस लड़ाकू विमानों में गिना जाता है और इसकी कीमत 100 मिलियन डॉलर से अधिक होती है।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने पहले कलाई काटी, फिर गला काटकर दे दी जान

### वीडियो भी बनाया, जॉब छोड़कर दो साल कर रहा था पिता की सेवा



**जागरण, धार।** जॉब छोड़कर दो साल से पिता की सेवा कर रहे एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने बड़ा वीभत्स तरीका अपनाकर खुदकुशी कर ली। बीच सड़क पर पैदल चलते हुए युवक की वीभत्सता आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। राह चलते हुए इस सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने धारदार चाकू से पहले अपनी कलाई काट डाली। फिर एक चबूतरे पर बैठकर प्राइवेट पार्ट पर चाकू से कई वार किए। इसके बाद चलते-फिरते ही गले पर चाकू के लगातार वार कर डाले। वहशियाना तरीके से खुदकुशी का यह दर्दनाक मंजर धार के आनंद चौपाटी इलाके में अलसुबह साढ़े पांच बजे का है। युवक की पहचान कुणाल जोशी (३५) के रूप में हुई है। गुरुवार को मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने खून से लथपथ शव देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम और फॉरेंसिक टीम ने आसपास के सीसीटीवी खंगाले तो फुटेज देख वे भी हैरान रह गए। पूछताछ में पड़ोसियों ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था। पहले वह इंदौर की कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर जॉब करता था,दो साल पहले जॉब छोड़कर आ गया और लकवाग्रस्त पिता सूर्यनारायण जोशी की सेवा कर रहा था।

#### खुद को दी ऐसी दर्दनाक मौत

आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में साफ दिखा कि युवक पैदल ही आनंद चौपाटी पहुंचता है। कुछ देर चौराहे पर खड़े रहने के बाद वह यहां-वहां देखता है। फिर जेब से चाकू निकालकर खुद पर ताबड़तोड़ हमले शुरू कर देता है। पहले वह कलाई पर कई बार चाकू मारकर नस काटता है, इसके बाद पेंट उतारकर चबूतरे पर बैठ जाता है और प्राइवेट पार्ट जख्मी कर लेता है। वहीं बैठे-बैठे अपने गले पर चाकू मारने लगता है। अंत में नग्न अवस्था में ही खड़े होकर गले में फिर चाकू घोंपने लगता है।

### बैंक फ्रॉड: अनिल से सीबीआई ने की 8 घंटे से ज्यादा पूछताछ



**नई दिल्ली, जेएनएन।** सीबीआई ने गुरुवार को उद्योगपति अनिल अंबानी से उनकी रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) से जुड़े 2,929.05 करोड़ के बैंक फ्रॉड केस के सिलसिले में ८ घंटे से ज्यादा पूछताछ की। जांच एजेंसी ने अंबानी को आगे की पूछताछ के लिए शुक्रवार को फिर से पेश होने का निर्देश दिया है। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा, हेडक्वार्टर में पूछताछ में अधिकारियों ने पब्लिक सेक्टर बैंकों के एक ग्रुप से मिले लोन फंड के कथित डायवर्जन और गलत इस्तेमाल के बारे में अंबानी का बयान रिकॉर्ड किया। मामला 2013 और 2017 के बीच आरकॉम और उसके पूर्व डायरेक्टरों से जुड़ी संदिग्ध फाइनेंशियल गड़बड़ियों की सीबीआई की बड़ी जांच का हिस्सा है। सीबीआई ने इस बारे में पहला क्रिमिनल केस 21 अगस्त, 2025 को एसबीआई की शिकायत पर दर्ज किया था। एसबीआई, बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक, यूनियन बैंक, केनरा बैंक, आईडीबीआई और दूसरे 11 लेंडर्स के ग्रुप का लीड बैंक है। इन बैंकों ने आरकॉम को 19,694.33 करोड़ का लोन दिया था, जिसमें से एसबीआई ने आरोप लगाया कि 2,929.05 करोड़ का गलत इस्तेमाल किया।

### टॉप-10 खुशहाल देशों में एक भी अमीर देश नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** संयुक्त राष्ट्र ने बुधवार को वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2026 जारी की है। इसमें लगातार 9वीं बार फिनलैंड को दुनिया का सबसे खुशहाल देश बताया गया है। 147 देशों की सूची में पाकिस्तान 104वें नंबर पर है। वहीं भारत 116वें स्थान पर है। 2025 में भारत की रैंकिंग 118वीं थी। वहीं ढाई साल से जंग में फंसा इजराइल दुनिया का 8वां सबसे खुशहाल देश बताया गया है।

लिस्ट में सबसे नीचे संघर्ष वाले देश हैं। अफगानिस्तान फिर से सबसे कम खुशहाल देश रहा, उसके ऊपर सिएरा लियोन और मलावी हैं। इस बार भी कोई भी अंग्रेजी बोलने वाला देश टॉप 10 में नहीं है। अमेरिका 23वें, कनाडा 25वें और ब्रिटेन 29वें स्थान पर हैं। फिनलैंड जैसे देशों की खुशी का कारण अच्छी आर्थिक स्थिति, बराबरी से संसाधनों का बंटवारा, मजबूत वेलफेयर सिस्टम और बेहतर जीवन स्तर है। रिपोर्ट के मुताबिक ज्यादा सोशल मीडिया इस्तेमाल से कई देशों में युवाओं की खुशी और मानसिक स्थिति पर बुरा असर पड़ रहा है।

**टॉप-10 देश**
फिनलैंड
आइसलैंड
डेनमार्क
कोस्टा रिका
स्वीडन
नॉर्वे
नीदरलैंड
इजराइल
लक्जमबर्ग
स्विट्जरलैंड

**पुलिस से अनोखी शिकायत...**

# लापता हो गए मेरे लड्डू गोपाल, कोई ढूंढकर ला दे, इनाम दूंगी

### तनाव में महिला, मां की थी 30 साल पुरानी निशानी



**जागरण, ग्वालियर।** आमतौर पर पुलिस थाने में लोग इंसानों की गुमशुदगी और लापता होने की शिकायत लेकर पहुंचते हैं, लेकिन ग्वालियर के कोतवाली थाने में एक महिला ऐसी शिकायत लेकर पहुंची कि पुलिस भी अपने लिए चुनौती मान रही है। महिला ने यह भी ऐलान किया है कि उसका सामान ढूंढने वाले को उचित इनाम भी वह देगी। महिला की अपील ने पुलिस को पहले से ही भावुक कर दिया था, फिर महिला ने एफआईआर दर्ज करने से रोकते हुए जो कारण बताया, उसे सुनकर पुलिस अधिकारी-कर्मचारी भी अपनी आंखों में नमी आने से नहीं रोक सके। असल में यह महिला अपने भगवान लड्डू गोपाल के गुमने की शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची थी। अलका पुरी में रहने वाली विजया शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह करीब तीन महीने पहले अपनी बहन के साथ महाराज बाड़े बाजार में खरीदारी करने पहुंची थी। साथ में उसके लड्डू गोपाल की छोटी मूर्ति भी लाई थी। बाजार की भीड़-भाड़ के बीच अचानक वह मूर्ति कहीं गिर गई या खो गई, जिसका उसे तुरंत पता नहीं चल पाया। जब महिला को मूर्ति के गायब होने का एहसास हुआ तो उसने आसपास काफी तलाश की, लेकिन मूर्ति का कोई सुराग नहीं मिल सका। इसलिए अब वह पुलिस के पास पहुंची है। महिला ने कहा कि जो भी उसके लड्डू गोपाल को ढूंढकर लाएगा, वह उसे उचित इनाम भी देगी।

### इसलिए किया एफआईआर से मना

थाने के स्टॉफ ने एफआईआर दर्ज कराने की बात कही तो महिला ने तत्काल मना कर दिया, उसका कहना था कि अगर कानूनी कार्रवाई होगी तो हमारे भगवान को दो दिन थाने या कोर्ट में पेश होना पड़ेगा। वह नहीं चाहती कि भगवान को इस तरह का कोई भी कष्ट हो। इसलिए लिखित में शिकायत नहीं की है। महिला ने बताया कि यह मूर्ति उसके लिए सिर्फ एक धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि उसकी मां की यादों से जुड़ी अनमोल धरोहर है। करीब 30 साल पहले उसकी मां ने उसे यह लड्डू गोपाल की मूर्ति दी थी, जिसे वह बड़े स्नेह और श्रद्धा से संभालकर रखती थी। पांच साल पहले उसकी मां का निधन हो गया, जिसके बाद यह मूर्ति ही उनके साथ जुड़ी सबसे खास निशानी बन गई थी। मूर्ति खोने के बाद महिला मानसिक रूप से काफी परेशान हो गई है, उसका कहना है कि उसे इस बात का गहरा दुख है कि वह अपनी मां की आखिरी निशानी को संभाल नहीं पाई। पुलिस ने महिला को आश्वासन दिया है कि आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाने की कोशिश की जाएगी।

# भोजशाला मंदिर या मस्जिद नहीं गुरुकुल, जैन समाज की याचिका

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश की धार भोजशाला की धार्मिक संरचना को लेकर हाई कोर्ट में नया पेंच आ गया है। भोजशाला को लेकर जैन समाज की ओर से नई जनहित याचिका प्रस्तुत हुई है। इसमें दावा किया है कि भोजशाला मंदिर, मस्जिद नहीं बल्कि जैन समाज का गुरुकुल है। पुरातत्व विभाग के सर्वे में मिली मूर्तियां जैन तीर्थंकरों की हैं। जनहित याचिका पर शुक्रवार को हाईकोर्ट की युगलपीठ सुनवाई करेगी। जैन समाज इसके पहले भी इसी तरह की जनहित याचिका प्रस्तुत कर चुका है, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। याचिकाकर्ता सलेकचंद जैन की ओर से प्रस्तुत इस जनहित याचिका में कहा है कि हाई कोर्ट ने पूर्व में याचिका निरस्त करते हुए जैन समाज से कहा था कि वह चाहे तो भविष्य में दोबारा याचिका दायर करने के लिए स्वतंत्र हैं। याचिकाकर्ता ने बताया कि चूंकि सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश के बाद अब भोजशाला मामले में दोबारा सुनवाई शुरू हुई है, इसलिए उन्होंने दोबारा याचिका दायर की है। 20 मार्च को न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति राजेंद्र कुमार गुप्ता की पीठ के समक्ष सुनवाई होना है।

### भोजशाला का निरीक्षण करने पहुंची हाईकोर्ट की टीम

ऐतिहासिक भोजशाला में गुरुवार को इंदौर हाई कोर्ट का एक प्रतिनिधिमंडल कड़ी सुरक्षा के बीच पहुंचा। दल ने परिसर का निरीक्षण किया और वापस लौट गया। यह दौरा आगामी सुनवाई से पहले जमीनी स्थिति का आकलन करने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मामले की अगली सुनवाई 2 अप्रैल को निर्धारित की है। इससे पहले, हाई कोर्ट के न्यायाधीश स्वयं भी भोजशाला पहुंचकर जमीनी हकीकत का जायजा लेंगे।

# राजस्थान के ड्राइवर की रतलाम में पीट-पीटकर हत्या, 8 हिरासत में

### ट्रक से गिरे पानी के छींटे को थूक समझकर लाठी-टामी से सामूहिक हमला कर ली जान



**जागरण, रतलाम।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के दो सगे ट्रक ड्राइवर भाइयों के साथ रतलाम में मारपीट हुई। इसमें एक भाई की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल है। दोनों महाराष्ट्र से अलग-अलग ट्रकों में पपीता और कपास लेकर राजस्थान जा रहे थे। रास्ते में ट्रक से उड़े पानी के छींटों को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। घटना बुधवार देर रात बिलपांक थाना क्षेत्र में हुई। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें दोनों पक्ष मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार, चित्तौड़गढ़ जिले के छोटी सादड़ी क्षेत्र के रहने वाले उदयसिंह तंवर (42) पपीता से भरा ट्रक लेकर महाराष्ट्र से निकले थे। वहीं उनके छोटे भाई भगवानसिंह तंवर (39) कपास से भरा ट्रक लेकर खंडवा के सनावद से रवाना हुए थे। दोनों की मुलाकात मानपुर में हुई, जिसके बाद वे साथ-साथ ट्रकों से राजस्थान की ओर निकल गए। उदयसिंह ट्रक में पपीता लेकर राजस्थान के पुष्कर जा रहा था। वहीं छोटा भाई भगवानसिंह कपास लेकर भीलवाड़ा जा रहा था।

रतलाम के पास फोरलेन पर चलते समय आगे चल रहे पपीते से भरे ट्रक से पानी के छींटे पीछे आ रहे बाइक सवारों पर पड़े। बाइक सवारों ने इसे थूकना समझ लिया और ट्रक को रोकने की कोशिश की, लेकिन ड्राइवर नहीं रुका। इसके बाद कुछ दूरी पर चिकलिया टोल नाके के पहले एक होटल पर ट्रक रुका। पीछे आ रहे बाइक सवार भी वहां पहुंच गए और विवाद शुरू हो गया। इसी दौरान छोटा भाई भगवानसिंह भी वहां पहुंचा। विवाद बढ़ते-बढ़ते मारपीट में बदल गया। बताया जा रहा है कि बाइक सवारों ने अपने अन्य साथियों को भी मौके पर बुला लिया।

### लारेंस गैंग : व्यापारी के घर फायरिंग कर 10 करोड़ मांगे

**जागरण, खरगोन।** प्रदेश के खरगोन जिले में एक व्यापारी के घर पर फायरिंग कर 10 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। घटना कसरावद थाना क्षेत्र के भीलगांव में हुई, जब अज्ञात बदमाशों ने व्यापारी दिलीप राठौर के घर पर गोलियां चलाईं। इस वारदात का लॉरेंस बिश्नोई गैंग कनेक्शन सामने आ रहा है। मालूम हो कि वारदात के समय राठौर का परिवार इंदौर में था, जिससे किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मामले में व्यापारी के बेटे सत्येंद्र राठौर की शिकायत पर केस दर्ज किया है। एसपी रवींद्र वर्मा ने बताया कि फायरिंग की घटना की पुष्टि हुई है और पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। शिकायत के अनुसार, घटना के बाद अज्ञात लोगों ने व्हाट्सऐप कॉल और वॉइस नोट के जरिए धमकियां दीं।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, भवन/सड़क संभाग शहडोल (म.प्र.)**

निविदा सूचना 19/एस.ए.सी.निविदा/ वर्ष 2025-26/ शहडोल, दिनांक 17/03/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र | टेण्डर क्रमांक | जिला | निविदा आमंत्रण | कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि (लाख में) | ई.एम.डी. की राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWDRB_491639_1 | शहडोल | तृतीय | मेंटोला से बिजहा मार्ग लम्बाई 4.00 किमी. में मजबूतीकरण का कार्य। | 373.88 | 373880/- | 15000/- | 05 माह वर्षाऋतु सहित |
| 2 | 2026_PWDRB_491649_1 | शहडोल | तृतीय | श्यामढीह से सीतामढ़ी कनवाही बरनी मार्ग लम्बाई 3.00 किमी. का निर्माण कार्य। | 393.74 | 393740/- | 15000/- | 05 माह वर्षाऋतु सहित |

ऑनलाईन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने का समय दिनांक 17.03.2026 सुबह 10:30 से अन्तिम दिनांक 30.03.2026 शाम 17:30 तक एवं निविदा डाउनलोड करने का समय दिनांक 17.03.2026 सुबह 10:30 से अन्तिम दिनांक 30.03.2026 शाम 17:30 तक है।

**टीप:**-निविदाकारों का लोक निर्माण विभाग (भ/स) मे पंजीयन अनिवार्य है।
निविदाकारों का पैन कार्ड आधार कार्ड से लिंक होना अनिवार्य है।
मूल शपथ पत्र निविदा खुलने की दिनांक के पूर्व कार्यालय मे प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
शहडोल संभाग शहडोल (म.प्र.)

G-27644/25


# 1 लाख फॉलोअर्स पर हजार डॉलर!

**नई दिल्ली, जेएनएन।** फेसबुक क्रिएटर फास्ट ट्रैक नाम से नया प्रोग्राम शुरू हो रहा है। यह उन स्थापित क्रिएटर्स के लिए है, जो यूट्यूब, इंस्टा जैसे प्लेटफॉर्म्स पर हैं, लेकिन फेसबुक पर नहीं या बहुत कम मौजूदगी। फेसबुक ने कहा है कि वह उन क्रिएटर्स को रीच बढ़ाने में मदद करेगा। पहले दिन से ही कमाई के योग्य रखा जाएगा। अगर किसी क्रिएटर के 1 लाख फॉलोअर्स हैं और वह फेसबुक पर जुड़ता है तो 1 हजार डॉलर तक की कमाई कर सकता है। फेसबुक, क्रिएटर फास्ट ट्रैक नाम से नया प्रोग्राम लॉन्च कर रहा है। इसका मकसद यूट्यूब, इंस्टा और टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्म्स के स्थापित क्रिएटर्स को अपने प्लेटफॉर्म पर लाना है। उन्हें गारंटीड पेमेंट देने के साथ ही उनके कंटेंट की रीच को बढ़ाकर फेसबुक पर उन्हें ग्रो करने में मदद करना है। फेसबुक ने बताया है कि पिछले साल उसने अपने मॉनटाइजेशन प्रोग्राम के तहत क्रिएटर्स को लगभग 3 बिलियन डॉलर यानी 25 हजार करोड़ रुपए का पेमेंट किया, जो पहले से 35 फीसदी ज्यादा है और अब तक का सबसे बड़ा वार्षिक नंबर है। रिपोर्टों के अनुसार, नए प्रोग्राम को लॉन्च करके कंपनी उन क्रिएटर्स को लुभाना चाहती है, जो यूट्यूब और टिकटॉक जैसे अन्य प्लेटफॉर्म्स पर पॉपुलर हैं। 3 महीने की गारंटीड पेमेंट: फेसबुक ने बताया है कि क्रिएटर्स को उसके प्लेटफॉर्म पर आकर जीरो से शुरुआत करने की जरूरत नहीं है। उनकी एलिजिबल रील्स को ज्यादा लोगों तक पहुंचाया जाएगा जिससे उन्हें फॉलोअर्स बढ़ाने में मदद मिलेगी। फेसबुक पर एलिजिबल रील्स को शेयर करने के लिए कंपनी 3 महीने की गारंटीड पेमेंट भी देने जा रही है।




### 3 महीने की गारंटीड पेमेंट के बाद क्या?

अगर आप यूट्यूब या इंस्टाग्राम पर स्थापित क्रिएटर हैं, लेकिन फेसबुक पर नहीं तो आपको फेसबुक पर अपनी ऑडियंस बनाने दी जाएगी। 3 महीने तक फेसबुक सपोर्ट करेगा यानी गारंटीड पेमेंट दी जाएगी। उसके बाद गारंटीड पेमेंट बंद हो जाएगी, लेकिन फेसबुक आपकी रीच को तब तक बढ़ाता रहेगा जबतक आपकी ऑडियंस तैयार नहीं हो जाती।

### नया कंटेंट बनाना जरूरी नहीं

क्रिएटर्स को नया या एक्सक्लूसिव कंटेंट बनाने की जरूरत नहीं है। हालांकि, कंपनी चाहती है कि क्रिएटर नया और बेहतरीन कंटेंट लेकर आएं, लेकिन अगर वह पुराना हिट कंटेंट भी फेसबुक पर डालते हैं तो उसे भी पसंद किया जाएगा। प्रोग्राम में शामिल किया जाएगा। कुल मिलाकर कंपनी दूसरे प्लेटफॉर्म्स के हिट क्रिएटर्स को अब अपने यहां लाना चाहती है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग अनूपपुर (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 14/ एस.ए.सी./अनूपपुर/2025-26 अनूपपुर, दिनांक 13/03/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु.राशि (रु.लाख) | टेण्डर फार्म की राशि | धरोहर की राशि | समय | ऑनलाईन एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2026_PWDRB_490310_1 | अनूपपुर | प्लान मद | अमगंवों पोड़ी मार्ग लंबाई 7.00 कि.मी. में विशेष मजबूतीकरण का कार्य | प्रथम | 237.49 | 15000/- | 237490/- | 03 माह | मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग रीवा परिक्षेत्र रीवा |
| 2 | 2026_PWDRB_490311_1 | अनूपपुर | प्लान मद | अनूपपुर जैतहरी मुख्य मार्ग से तजहा तालाब प्रथम दुलहा मार्ग लंबाई 5.00 कि.मी. के 2.90 कि.मी. में विशेष मजबूतीकरण का कार्य | प्रथम | 131.55 | 12500/- | 131550/- | 03 माह | मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग रीवा परिक्षेत्र रीवा |
| | | | | कुल योग 02 नग | | 369.04 | | | | |

उपरोक्त वेबसाइटलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि दिनांक 16.03.2026 (17.30 पी.एम.) से अंतिम तिथि 30.03.2026. (17.30 पी.एम.) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाईन स्केन कर डाउनलोड किये जावें।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ./स.)
संभाग अनूपपुर (म.प्र.)

G-27632/25

## जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ शुभारंभ

# जल ही जीवन है, इसका सदुपयोग करें



### जिपं सीईओ श्री गुर्जर के नेतृत्व में जेलुका तालाब परिसर में हुआ सामूहिक श्रमदान

**आंचलिक डेस्क।** जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के उद्देश्य से जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ हुआ। यह अभियान 19 मार्च से 30 जून तक संचालित होगा, जिसके अंतर्गत जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए जनभागीदारी से कार्य कराए जाएंगे।

इसी क्रम में रीवा जनपद के ग्राम पंचायत अगडाल में जल गंगा संवर्धन अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर के नेतृत्व में जेलुका तालाब परिसर में सामूहिक श्रमदान किया गया। लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में फैले इस तालाब के संरक्षण का संकल्प लेते हुए उपस्थित ग्रामीणों को जल बचाने और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि जल ही जीवन है। इसका सदुपयोग करना आवश्यक है। यदि हम अभी सचेत नहीं हुए तो आने वाले समय में पानी की बड़ी समस्या सामने आएगी। अतः सभी का दायित्व है कि जल संरक्षण व संवर्धन के लिए आगे आएं और अपनी सहभागिता निभाएं। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए श्रमदान किया और तालाब संरक्षण में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत रीवा की अध्यक्ष संगीता राजेश यादव, उपाध्यक्ष सुनीता बृजेंद्र द्विवेदी,परियोजना अधिकारी शिव सोनी, सीईओ पूनम दुबे, सहायक यंत्री अनिल तिवारी, उपयंत्री अरुण पटेल, ग्राम पंचायत अगड़ाल के सरपंच अरविंद दुबे सहित रामलाल गौतम और डॉ. लालबिहारी मिश्रा उपस्थित रहे।

जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के ग्राम पंचायत गेरूई में जनपद स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य लालमणि त्रिपाठी ने किया। इसी प्रकार जनपद त्योंथर के चुनरी ग्राम पंचायत में जनपद स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन किया गया। सिरमौर जनपद के खैरहन पंचायत अंतर्गत देमान तालाब में आयोजित जल संरक्षण के कार्य में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों सहित ग्रामीणजनों ने अपनी सहभागिता निभाई। सभी के सहयोग से तालाब से गाद निकालकर जल संरक्षण अभियान की शुरूआत की गई। जवा जनपद के जल संरक्षण अभियान कार्यक्रम में अधिकारियों और ग्रामीणजनों ने मिलकर झलवा गांव में अमृत सरोवर में जल संरक्षण के कार्य में अपनी सहभागिता निभाई।

## खरहरी में ली जलसंरक्षण की शपथ



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत खरहरी में जल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जल ही जीवन का आधार है। इसके संरक्षण के लिए अपना पूरा योगदान दें। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को जल संकल्प एवं जल शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य गीता मिश्रा, ग्राम सरपंच उमेशदत्त शुक्ला, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान प्रदीप दुबे, महाप्रबंधक जल निगम चित्रांशु, प्रबंधक नीतेश सिंह, प्रबंधक जन सहभागिता डॉ. नन्दकिशोर पचौरी, सहायक प्रबंधक आशुतोष तिवारी, रूपेन्द्र सिंह, कोमल अग्रवाल, शिवम नामदेव सहित एसक्यूसी, आईएसए के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## झाऊ तालाब में शुरू हुए जल संवर्धन कार्य



**अतरैला नि प्र।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत जोन्हा में जल गंगा संरक्षण कार्यक्रम किया गया। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत की ऐसी जल संरचनाएं पुराने तालाब, खेत तालाब, बावली,नालों में बोरी बंधान, साफ सफाई सहित अन्य जल संवर्धन के कार्यों का शुभारंभ 19 मार्च को झाऊ तालाब में किया गया एवं समापन 30 जून तक किया जायेगा। उक्त अवसर वरिष्ठ सचिव नारायण दत्त तिवारी, रोजगार सहायक रावेन्द्र गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी राजेश्वर मिश्रा, कपिल मिश्रा, चेतन मिश्रा, स्वतंत्र दुबे,छेदीलाल चर्मकार,ददूली चर्मकार सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## नवरात्रि के प्रथम दिवस ही लगा भक्तों का तांता

**चाकघाट ।** नवरात्रि के प्रथम दिवस ही जगत जननी मां जगदम्बा के इस पावन नौ दिवसीय विशेष पर्व पर देश -प्रदेश एवं ग्रामीण अंचलों के समस्त देवी मंदिरों पर भक्तों की अपार भीड़ लगने लगी है । इसी क्रम में चाकघाट नगर के मध्य स्थापित जालपा देवी मंदिर (महारानी चौरा) में गुरुवार को नवरात्रि के प्रथम दिवस से ही माता रानी के भक्तों का जमावड़ा देखने को मिल रहा है, सभी भक्तों ने माता रानी की भव्य आरती -पूजन एवं वंदना करके अपने एवं अपने परिजनों तथा देश की रक्षा, सुख, शांति व अमन चैन और आपसी सौहार्द की माता रानी से प्रार्थना की । महारानी चौरा के पुजारी मंदिर में सभी को मातारानी का भव्य दर्शन व पूजन में किसी को कोई दिक्कत न हो ऐसी व्यवस्था बनाने में संलग्न दिखे ।



## हर्षोल्लास और गौरव के साथ मनाया गया विक्रमोत्सव

**मऊगंज।** भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के गौरवशाली प्रतीक विक्रम संवत नववर्ष के उपलक्ष्य में विक्रमोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक देवतालाब गिरीश गौतम रहे। विक्रमोत्सव 2026 में सूर्य उपासना एवं सम्राट विक्रमादित्य के नाट्य मंचन का आयोजन लोगों के दिल को छू गया। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में गिरीश गौतम ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा का विक्रम संवत नववर्ष गौरवशाली इतिहास है। नववर्ष का शुभारंभ आज से ही होता है। सम्राट विक्रमादित्य के जीवन, उनकी न्यायप्रियता, वीरता, और जनकल्याणकारी नीतियों पर चलकर ही सशक्त समाज की स्थापना संभव है। उन्होंने विकसित भारत के निर्माण में समवेत होने का आह्वान किया। कार्यक्रम का माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख एवं ध्वज के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ हुआ। नाट्य दल द्वारा महाराजा विक्रम सिंह के नाट्यकला एवं विक्रमोत्सव कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कलाकारों का शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र मिश्र ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष बृजवासी पटेल, कलेक्टर संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर एपी द्विवेदी, महाविद्यालय के प्राचार्य सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

## नईगढ़ी स्वास्थ्य शिविर में 400 लोगों की हुई जांच




### 400 से अधिक लोगों को मिला नि:शुल्क इलाज

**आंचलिक डेस्क।** स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक सराहनीय और प्रभावशाली पहल करते हुए मिनर्वा द मेडिसिटी हॉस्पिटल एवं इंडियन रेड क्रॉस ने संयुक्त रूप से मऊगंज जिले के नईगढ़ी क्षेत्र में एक भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। उक्त शिविर में 400 से अधिक लोगों को विभिन्न प्रकार की जांच, परामर्श एवं दवाइयों का लाभ प्रदान किया गया। आयोजित स्वास्थ्य शिविर श्रीनाथ शिक्षा मंदिर, इटहाई (नईगढ़ी, जिला मऊगंज) में डॉक्टर धर्मेश कुमार पटेल, डॉक्टर शिरीष मिश्रा, डॉ अरविंद गुप्ता, डॉक्टर प्रतीक्षा शुक्ला तथा मिनर्वा नर्सिंग व फार्मेसी टीम के उपस्थिति में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित हुआ, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें उचित चिकित्सा परामर्श दिया। इस शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, सामान्य रोगों की जांच सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान किया गया। दूर-दराज के क्षेत्रों से आए लोगों के लिए यह शिविर किसी राहत से कम नहीं रहा। शिविर में उपस्थित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि मिनर्वा हॉस्पिटल परिवार का स्वस्थ समाज की दिशा में अच्छी पहल है, मानव सेवा में ऐसी सोच अन्य सामाजिक संस्थाओं सहित स्वास्थ्य केंद्र संचालकों को भी करनी चाहिए।

## विधायक ने किया 315 लाख रु. की सड़क का भूमिपूजन



**त्योंथर ब्यूरो।** विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ ग्राम पंचायत ऊंचीऔनी के बनसाती में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण सड़क का शिलान्यास किया गया। क्षेत्रीय विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने 351.6 लाख रुपए की भारी-भरकम लागत से बनने वाली घोड़सार से बहेरा (लंबाई 6 कि.मी.) नवीन सड़क का विधि-विधान से भूमि पूजन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक श्री तिवारी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का विशेष आभार व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के संवेदनशील नेतृत्व में त्योंथर विधानसभा क्षेत्र आज प्रगति के नए सोपान तय कर रहा है। उन्होंने बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए इस बड़ी राशि को स्वीकृत किया है, जिसके लिए समूचा क्षेत्र उनका आभारी हैं। हमारा लक्ष्य केवल सड़क बनाना नहीं, बल्कि हर गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना और ग्रामीणों की आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करना है। इस 6 किमी लंबी सड़क के निर्माण से ऊंचीऔनी पंचायत सहित आधा दर्जन गांवों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होगी और हजारों ग्रामीणों का सफर सुगम हो जाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा और आतिशबाजी के साथ विधायक का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष समीर सिंह , घनश्याम यादव,कौशलेश द्विवेदी, गंगा द्विवेदी,जिला पंचायत सदस्य दीपक वर्मा, सरपंच मोहन लाल आदिवासी,अनुपम उपाध्याय, रामबदन साहू, जैनेन्द्र मिश्रा, बृजेश मौर्या एवं रजनीश सोनी समेत भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## स्मार्ट क्लब ने 6 ओवर में जीता मुकाबल



### केपीएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

**सेमरिया।** ग्राम पंचायत खारा में आयोजित केपीएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के 11वें दिन का खेल बेहद रोमांचक रहा लेकिन इस मुकाबले में सबसे ज्यादा चर्चा तिरंगा क्लब के गेंदबाज सुधीर सिंह और शिवेंद्र सिंह की रही, जिन पर स्मार्ट क्लब खारा के बल्लेबाज पूरी तरह हावी नजर आए। पहला मैच स्मार्ट क्लब खारा और तिरंगा क्लब खारा के बीच खेला गया। तिरंगा क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 78 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया जिसमें टीम को अच्छे मुकाबले की उम्मीद थी लेकिन इसके बाद जो हुआ उसमें सुधीर सिंह और शिवेंद्र सिंह की गेंदबाजी मैच का टर्निंग पॉइंट बन गई। स्मार्ट क्लब के बल्लेबाजों ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और खासकर सुधीर सिंह और शिवेंद्र सिंह के ओवरों में जमकर रन बटोरे। इन दोनों गेंदबाजों की गेंदों पर लगातार चौके लगते रहे जिससे तिरंगा क्लब पूरी तरह दबाव में आ गयी। सुधीर सिंह और शिवेंद्र सिंह के महंगे ओवरों ने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया और तिरंगा की पकड़ कमजोर होती चली गई। स्मार्ट क्लब ने महज 6 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और शानदार जीत दर्ज की। इस जीत में तिरंगा के गेंदबाज सुधीर सिंह और शिवेंद्र सिंह की महंगी गेंदबाजी निर्णायक साबित हुई। मैच के हीरो रहे विकास सिंह जिन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 21 रन बनाए और साथ ही एक विकेट भी लिया, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## कलेक्टर ने अवैध उत्खनन पर अर्थदण्ड अधिरोपित किया

**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने स्वीकृत क्षेत्र के बाहर बोल्डर पत्थर का उत्खनन किए जाने पर एक करोड़ 68 लाख एक हजार रुपए का अर्थशास्ति एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि जमा करने का आदेश दिया है। सोनभद्र उत्तरप्रदेश के ओबरा निवासी आशीष कुमार सिंह को ग्राम सरदमन तहसील हनुमना में स्वीकृत क्रेशर आधारित पत्थर को स्वीकृत क्षेत्र से बाहर उत्खनित किए जाने पर 84 लाख रुपए की अर्थशास्ति राशि एवं 84 लाख रुपए की पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि व एक हजार रुपए प्रशमन राशि को 15 दिवस में जमा करने का आदेश दिया है। नियत समय तक राशि जमा न करने पर वसूली की कार्यवाही भू राजस्व संहिता के उपबंधों के तहत की जाएगी।

## नवीन तहसील भवन चालू करने हुई चर्चा

**त्योंथर।** त्योंथर तहसील का नवीन भवन बनकर पूरी तरह से तैयार हो चुका है किन्तु अधिकारियों की उदासीनता के चलते नवीन भवन में कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाने के कारण आम जन मानस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस सन्दर्भ में अधिवक्ता संघ त्योंथर के पूर्व अध्यक्ष ब्रम्हनारायण शर्मा वरिष्ठ समाजसेवी गंगा प्रसाद द्विवेदी ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पीएस त्रिपाठी को क्षेत्रीय समस्यायों सहित नवीन तहसील के बन रहे बाउंड्रीवाल की गुणवत्ता को लेकर भी अवगत कराया गया। बताया गया कि गुणवत्तापूर्ण बाउंड्री वॉल नहीं बनायी जा रही है। इस सन्दर्भ में क्षेत्रीय विधायक को भी अवगत कराया जाएगा ।

## अस्पताल निर्माण को लेकर आमरण अनशन जारी

### 21 को अतरैला में करेंगे चकाजाम



**जवा ब्यूरो।** जवा तहसील के ग्राम पंचायत बसरेही में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन का निर्माण ग्राम बसरेही की शासकीय आराजी नंबर 174 में कराये जाने, वृद्धा पेंशन, हैंडपंप मरम्मत, मनमानी तरीके से भेजा जा रहा बिजली का बिल सुधार की मांगों को लेकर वयोवृद्ध रामसजीवन कहार उम्र 80 वर्ष निवासी बसरेही एवं कामता प्रसाद वर्मा गत 15मार्च से ग्राम बसरेही में आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। पांच दिन बीतने के बाबजूद एसडीएम, तहसीलदार जवा सहित अन्य किसी भी प्रशासनिक अधिकारियों ने आमरण अनशनकारियों से मिलना तक उचित समझा, जबकि आमरण अनशनकारियों की हालत लगातार बिगड़ रही है। प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता के चलते आमरण अनशनकारी सहित अन्य ग्रामीणों ने तहसीलदार जवा को ज्ञापन सौंपकर मांगों के समर्थन में 21तारीख को अतरैला बाजार में जाने के सामने धरना प्रदर्शन कर चकाजाम की सूचना दी गई है। जिला कलेक्टर का ध्यानाकर्षण करते हुए कहा कि यदि मांगों का निराकरण शीघ्रता के साथ नही किया गया तो 21 मार्च को बसरेही से अतरैला तक की पदयात्रा निकाल कर अतरैला थाना के सामने चकाजाम जाम किया जायेगा। आंदोलन का समर्थन करने वालों में मध्य प्रदेश किसान सभा के तहसील अध्यक्ष योगेंद्र तिवारी, कृष्ण बिहारी मिश्रा,मनोज सोनी,कालिका माझी, राधेश्याम मिश्रा, धनेंद्र द्विवेदी, राम सुशील तिवारी, ननकू पाल, लालता प्रसाद कोल,भूआल प्रजापति, राज नारायण सिंह,छेदीलाल कोरी, राजू वर्मा,गुलजार वर्मा, पगुल कोल, मोहम्मद सदीक सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं।

## जिला पंचायत के तत्वावधान में हुआ कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



**आंचलिक डेस्क।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत नवाचार एवं पारम्परिक खेल प्रोत्साहन के तहत गत दिवस एक दिवसीय जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन टीआरएस कॉलेज इनडोर कैंपस में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान, द्वितीय स्थान पर जनपद पंचायत रीवा एवं तृतीय स्थान पर जनपद पंचायत गंगेव की टीम रहीं। जिन्हें क्रमशः 21 हजार, 11 हजार, 51 सौ रुपए का पुरस्कार दिया गया। रनरअप में जनपद पंचायत सिरमौर, त्योंथर, मऊगंज की टीमों को सांत्वना पुरस्कार के तौर पर 1100-1100 रुपए की राशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई। जिला पंचायत सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी डॉ. संजय सिंह, लेखाधिकारी नीलम राय, समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन फरहत जैव, सीईओ जनपद रीवा पूनम दुबे, सहायक परियोजना अधिकारी विनोद पाण्डेय, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के जिला कार्यक्रम प्रबंधक गौरव वर्मा, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के जिला समन्वयक प्रवीण सोनी उपस्थित उपस्थित रहे।

# भारत 2047 तक दुनिया का नेतृत्व करने को तैयार है

### रायपुर कर्चुलियान मंडल में भाजपा का प्रशिक्षण महाअभियान

**आंचलिक डेस्क।** भाजपा रायपुर कर्चुलियान मंडल दो दिवसीय पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत कार्यशाला का शुभारंभ बृहस्पतिवार को रायपुर कर्चुलियान के काकू बारात घर में शुरू हुआ जिसे विधायक नागेंद्र सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता सम्बोधित किया। विधायक नागेंद्र सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सत्ता के लिए नहीं, बल्कि विचारधारा के लिए जाने जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यों से भारत वर्ष 2047 तक दुनिया का नेतृत्व करने को तैयार है। श्री सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण से पार्टी का सक्षम कार्यकर्ता तैयार होता है। भाजपा के प्रतिष्ठ नेता कमलेश्वर सिंह ने कार्य पद्धति पर विचार रखते हुए कहा कि ने कहा किभाजपा ने हमेशा अपनी विचारधारा और संगठनात्मक पद्धति को सर्वोपरि रखा है । उन्होंने कहा कि वर्ष 1985 में भाजपा मात्र दो सीटों पर सिमट गई थी तब भी हमने अपने विचारधारा से समझौता नहीं किया और प्रशिक्षण के बल पर आगे बढ़ते हुए भाजपा आज देश की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बनी है।



### कार्यकर्ताओं को ऑलराउंडर बनाना है : वीरेंद्र

भाजपा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग पार्टी की विचारधारा और कार्य पद्धति को आगे बढ़ाने के लिए है। भाजपा का कार्यकर्ता विचारधारा से प्रेरित है। हमें खुद को और तैयार करने की आवश्यकता है, ताकि हम हर स्तर पर सफलता प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को ऑलराउंडर बनाना है। हमें भाजपा के संविधान और देश के संविधान के साथ साथ केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं की पूरी जानकारी होनी चाहिए।

पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी ने कहा कि प्रशिक्षण महाअभियान का मूल उद्देश्य व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण और संगठन निर्माण से राष्ट्र निर्माण के सिद्धांत को साकार करना है, जिसकी वैचारिक प्रेरणा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानव दर्शन और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से प्राप्त होती है। योगेंद्र शुक्ला ने मन की बात और बूथ प्रबंधन पर बोलते हुए कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं में समाज के प्रति संवेदनशीलता और दायित्वबोध को जागृत करने का कार्य किया जाता है, अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में बूथ के कार्यकर्ताओं की सबसे बड़ी भूमिका होती है। प्रशिक्षण वर्ग में पूर्व प्रदेश मंत्री राजेश पांडे प्रज्ञा त्रिपाठी ने भी सत्र के माध्यम से कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया ।कार्यक्रम में मंडल प्रभारी राजेश गुप्ता मंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह सुरेश सिंह सुरेश तिवारी अजय तिवारी अनिस सिंह सरोज शर्मा शिवेंद्र उपाध्याय धर्मेंद्र प्रताप सिंह अनुज प्रताप सिंह ममता यादव गीतांजलि मिश्रा अनीश सिंह आशा पटेल सहित अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज कार्नर

### संजीव ने बढ़ाया विंध्य का मान



**बैकुंठपुर।** जिले के बैकुंठपुर क्षेत्र के नदना गांव निवासी सूबेदार मेजर कमलेश पांडेय ग्राम कसहाई के पुत्र संजीव पांडेय का चयन ओटीए चेन्नई से बीते 7 मार्च 2026 को आर्मी ऑफिसर्स लेफ्टीनेंट पद पर हुआ है। उनके चयन से जिला सहित विंध्य क्षेत्र का मान बढ़ा है। उनके चयन पर सार्जेंट रमेश पांडेय, मेजर आनंद सिंह, कर्नल शिवानंद मिश्रा, पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी, कैप्टन बीजी शर्मा, कैंप्टन अनिल सिंह, संतराज सिंह, जेके तिवारी, सूबेदार मेजर रमेश तिवारी, अनुज सिंह, नायब सूबेदार संतोष मिश्रा, संतोष तिवारी सहित अन्य ने शुभकामनाएं दी हैं।

### अर्पिता ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में किया टॉप



**गुढ़ (नि. प्र)।** नगर परिषद गुढ़ वार्ड क्रमांक 11 निवासी कमलेश कुमार गुप्ता की पुत्री अर्पिता गुप्ता ने जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100 में से 98.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सामान्य वर्ग में प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। अर्पिता की इस शानदार सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। अर्पिता गुप्ता की इस उपलब्धि पर अखिल भारतीय श्री खरे वैश्य समाज एवं भारतीय जनता पार्टी गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि बाबूलाल यादव, भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि गुढ़ एडवोकेट अनंत कुमार गुप्ता, पूर्व जिला मंत्री भाजपा राजेश कुमार गुप्ता, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बी.एल. मिश्रा, अंजू मिश्रा, विश्वंभर नाथ पटेल, नारायण मिश्रा, जितेन्द्र मिश्रा, मुनिराज पटेल, माया सिंह पटेल, राज कुमार मिश्रा, अरूण सिंह, डॉ. ज्ञानेश्वर द्विवेदी, अनिल सिंह, एडवोकेट के.टी. निवास मिश्रा, काशीनाथ पटेल, बी.के. पाण्डेय, कपूरचंद्र सोनी, मंडल उपाध्यक्ष गीता मुंद्रिका तिवारी, कपिल पयासी, रावेंद्र मिश्रा, भूपेंद्र प्रताप सिंह, आलेश पयासी, महामंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ला, मंतु यादव, मंत्री धनपत लाल गुप्ता, अभिषेक सिंह, प्रकाश सोनी, रामबाई कोल, सूर्यप्रकाश पाण्डेय, लीलावती द्विवेदी, संतोषी महेंद्र जायसवाल, दिलीप दुबे, प्रवीण गुप्ता,बालेंद्र त्रिपाठी, राजबहोर कुशवाहा, धीरू शुक्ला, सनत कुमार शुक्ला, प्रभात तोमर, डॉ. भृगुनाथ पाण्डेय, पार्षद ओम त्रिपाठी, बबिता आनंद यादव, अशोक कचेर, अर्चना नितेश साकेत, रामसेवक पटेल, विमला रावत, जगदीश गौटिया,रक्षारानी पटेल, सरजू माली, विजय विश्वकर्मा शामिल हैं।

### सिरमौर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने बृजेश



**सिरमौर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा सिरमौर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय की नियुक्ति की है। श्री पाण्डेय के अध्यक्ष बनने पर सज्जन पटेल, गिरीश सिंह, चक्रधर सिंह, विधानसभा प्रभारी राजेंद्र मिश्रा, एड गणेश प्रसाद पाण्डेय, उदय प्रकाश पाण्डेय, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विष्णु शुक्ला,सिद्ध नाथ पाण्डेय, रमाकांत द्विवेदी,जय प्रकाश मिश्रा, अनिल द्विवेदी, कमलेश कुशवाहा, अरविंद मिश्रा, राम करण मिश्रा, पार्षद अनिल सोनी, केशव तिवारी , राम सखा पाण्डेय अंशुमान मिश्रा, शारदा सोनी, नन्दू सोनी , राजेश पाण्डेय राजू ,चरण सिंह, संतोष सिंह, लक्षिमन कुशवाहा ,अशोक पाण्डेय,अमृतांश तिवारी,राम प्रकाश तिवारी, गोविंद नारायण मिश्रा, सुरेश उर्मलिया, लल्लू प्रसाद लोधी, सुरेश पाठक,राज कुमार नामदेव, सुनील कुमार गुप्ता,जमुना कोल, सुशील पांडेय, राम सूरत द्विवेदी सतीश चतुर्वेदी, बांके लाल शुक्ला,रज्जब खान,दिनेश मिश्रा,राम शरण साकेत,आनंद त्रिपाठी, कैलाश गौतम, राकेश पाण्डेय ने बधाई दी है। नगर अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बृजेश पाण्डेय ने पीसीसी चीफ जीतू पटवारी,रीवा जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, जिला संगठन महा सचिव रवि तिवारी, तथा प्रदेश तथा जिले के तमाम वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए अपने सहयोगियों एवं शुभचिंतकों को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा की पार्टी के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए नगर में पार्टी की मजबूती के लिए काम करते रहेंगे।

# मेसी @900, फुटबॉल इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाले दूसरे खिलाड़ी बने

## कॉनकाफ चैंपियंस कप: इंटर मियामी के खिलाफ मैच ड्रॉ, नैशविले क्वार्टर फाइनल में

जेएनएन, फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)

स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने अपने करियर का 900वां गोल करके अपनी कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ दिया। मेसी ने इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए बुधवार की रात को नैशविले के खिलाफ कॉनकाफ चैंपियंस कप राउंड ऑफ 16 मैच के शुरुआती मिनटों में गोल करके यह उपलब्धि हासिल की। लगातार दो बार मेजर लीग सॉकर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, आठ बार बैलोन डीओर विजेता और विश्व कप चैंपियन मेसी ने हमेशा की तरह अपने बाएं पैर से यह गोल किया। उन्हें खेल के सातवें मिनट में बॉक्स के बीच में पास मिला, उन्होंने गेंद को नियंत्रित किया और डिफेंडरों के बीच से उसे गोल पोस्ट के अंदर पहुंचा दिया। इसी के साथ वे क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बाद 900 गोल करने वाले दुनिया के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। नैशविले ने हालांकि मेसी को इस उपलब्धि का जश्न नहीं मानने दिया, क्योंकि उसने इंटर मियामी को 1-1 से ड्रॉ पर रोका और अपने प्रतिद्वंद्वी के घरेलू मैदान पर गोल करने के आधार पर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पिछले हफ्ते नैशविले में राउंड ऑफ 16 के पहले चरण में गोलरहित ड्रॉ खेला था। यह उपलब्धि मेसी के करियर में अनगिनत पुरस्कारों और उपलब्धियों में शामिल हो गई है। इनमें ला लीगा के शीर्ष स्कोरर के रूप में आठ ट्रॉफी, छह बार ला लीगा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार, तीन बार सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार, तीन बार यूईएफए पुरुष प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार, दो फीफा विश्व कप गोल्डन बॉल और 15 बार अर्जेंटीना का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाना शामिल हैं। मेसी ने क्लब और देश के लिए 47 ट्रॉफियां जीती हैं, जिनमें अर्जेंटीना के लिए 2022 विश्व कप और इंटर मियामी के साथ पिछले सत्र का एमएलएस खिताब शामिल है। इस तरह वह पुरुष फुटबॉल के इतिहास में सबसे अधिक खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। मेसी लगभग दो दशक तक बार्सिलोना की तरफ से खेलते रहे और उन्होंने अपने आधे से अधिक गोल स्पेन के इस क्लब की तरफ से ही किए हैं।



**मेसी के 900 गोल**

| क्लब/टीम | गोल |
|---|---|
| बार्सिलोना | 672 |
| पीएसजी | 32 |
| इंटर मियामी | 81 |
| अर्जेंटीना | 115 |

**सबसे ज्यादा करियर गोल**

| खिलाड़ी | देश | गोल |
|---|---|---|
| क्रिस्टियानो रोनाल्डो | पुर्तगाल | 965 |
| लियोनल मेसी | अर्जेंटीना | 900 |
| पेले | ब्राजील | 762 |
| रोमारियो | ब्राजील | 756 |
| फेरेन्क पुस्कस | हंगरी/स्पेन | 725 |

**रोनाल्डो से तेज मेसी** रोनाल्डो ने यह उपलब्धि हासिल करने में मेसी से लगभग 100 मैच अधिक खेले। रोनाल्डो ने सितंबर 2024 में अपने करियर के 900 गोल पूरे किए। उस समय उनकी उम्र 39 वर्ष थी, जबकि मेसी जून में 39 वर्ष के होंगे। कुछ का मानना है कि ब्राजील के दिग्गज पेले ने अपने करियर में 1,000 गोल का आंकड़ा पार कर लिया था, हालांकि आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार उन्होंने लगभग 800 गोल किए थे। विभिन्न स्रोतों के अनुसार पेले ने लगभग 1300 गोल किए थे। इनमें से कुछ गोल उन्होंने निचले स्तर की टीमों के खिलाफ किए थे। पेले ने लीग मैचों में लगभग 650 गोल किए थे।

**चैंपियंस लीग में गोल की बरसात**

# बार्सिलोना, लिवरपूल और बायर्न क्वार्टर फाइनल में



● लिवरपूल ने एनफील्ड में गैलाटासराय पर 4-0 से आसान जीत हासिल की। वह इस्तांबुल में पहले चरण में एक गोल से हार गया था। मोहम्मद सलाह हालांकि पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी पर गोल नहीं कर पाए जब कुल स्कोर 1-0 था। सलाह ने दूसरे हाफ में इसकी भरपाई कर दी। उन्होंने ह्यूगो एकिटिके और रयान ग्रेवेनबर्च को गोल करने में मदद की और फिर एक शानदार गोल किया।

जेएनएन, लंदन

बार्सिलोना ने सात गोल किए और लिवरपूल ने चार गोल करके बुधवार को चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में बड़ी जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। एटलेटिको मैड्रिड ने टोटेनहम के पलटवार का अच्छी तरह से सामना करते दूसरे चरण में 2-3 से हार के बावजूद 7-5 से जीत दर्ज करके अंतिम आठ में अपनी जगह सुरक्षित की। बायर्न म्यूनिख के लिए क्वार्टर फाइनल में पहुंचना सबसे आसान रहा। उसने बुधवार को अटलांटा को 4-1 से और कुल मिलाकर 10-2 से हराकर रियाल मैड्रिड के खिलाफ रोमांचक क्वार्टर फाइनल की नींव रखी। चैंपियंस लीग में एक बार फिर गोल की बरसात हुई। इस प्रतियोगिता में इंग्लैंड की रिकॉर्ड छह टीमें शामिल थीं और सभी टीमें राउंड ऑफ 16 तक पहुंचीं, लेकिन केवल आर्सेनल और लिवरपूल ही आगे बढ़ पाईं। चेल्सी को मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। क्वार्टर फाइनल में रियाल मैड्रिड और बायर्न म्यूनिख आमने-सामने होंगे। लिवरपूल का सामना मौजूदा चैंपियन पीएसजी से, बार्सिलोना का एटलेटिको मैड्रिड से और आर्सेनल का स्पोर्टिंग लिस्बन से होगा।

▶▶ बार्सिलोना ने रोमांचक मुकाबले में न्यूकैसल को दूसरे हाफ में बुरी तरह से हरा दिया और 7-2 से जीत हासिल की। न्यूकैसल में खेले गए पहले चरण में 1-1 से बराबरी पर रहने के बाद बार्सिलोना ने पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में लामिन यामल के पेनल्टी किक पर किए गए गोल से 3-2 से बढ़त हासिल की। इसके बाद रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने दो गोल किए, फर्मिन लोपेज ने एक शानदार मूव को गोल में बदला, जबकि राफिन्हा ने अपना दूसरा गोल किया।



**मैदान से हटकर**

## कार्तिक के घर गूंजी किलकारी दीपिका ने दिया बेटी को जन्म

पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक एक बार फिर पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी दीपिका पल्लीकल ने बेटी को जन्म दिया है। दीपिका मशहूर स्क्वाश खिलाड़ी हैं। दोनों ने तीसरे बच्चे का स्वागत किया। 2021 में उनके जुड़वां बच्चे हुए। कार्तिक और पल्लीकल 2021 में जुड़वां बेटों के पिता बने थे, जिनका नाम कबीर और जियान है। कपल ने बेटी का नाम नाम राहा रखा है। कार्तिक ने गुरुवार (19 मार्च) को इंस्टाग्राम पर शेयर की गई पोस्ट में बताया, दिल में दुआओं और शब्दों से परे शुक्रिया के साथ हम खुशी-खुशी अपनी प्यारी बच्ची का इस दुनिया में स्वागत करते हैं। कबीर और जियान अपनी छोटी बहन राहा पल्लीकल कार्तिक को परिचित कराते हुए बहुत खुश हैं। प्यार, दीपिका और दिनेश। 40 वर्षीय कार्तिक की पोस्ट पर फैंस के जमकर रिएक्शन आ रहे हैं। कई बड़े क्रिकेटर ने भी उन्हें बेटी के जन्म पर शुभकामनाएं दीं। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कमेंट बॉक्स में हार्ट इमोजी शेयर की। पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने लिखा, बधाई हो भाई।ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने कमेंट किया, शुभकामनाएं अन्ना। कार्तिक आरसीबी के मेंटोर हैं। फ्रेंचाइजी ने कार्तिक को बधाई हुए लिखा, राहा के लिए ढेर सारा प्यार और एक छोटी सी आरसीबी जर्सी भेज रहे। बता दें कि कार्तिक और पल्लीकल साल 2015 में शादी के बंधन में बंधे थे। (जेएनएन)



**आईपीएल 28 मार्च से: सीएसके, पंजाब और राजस्थान को झटका**

# एलिस बाहर, कुरेन का खेलना मुश्किल लॉकी फार्ग्युसन शुरुआती मैच नहीं खेलेंगे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 28 मार्च से शुरू होने जा रहे आईपीएल 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स को झटका लगा है। ऑस्ट्रेलिया के नाथन एलिस आईपीएल से बाहर हो गए हैं, तो वहीं न्यूजीलैंड के लॉकी फार्ग्यूसन (पंजाब) और इंग्लैंड के सैम कुरेन (राजस्थान) की उपलब्धता पर संशय है। पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज एलिस हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। टीम के एक अधिकारी ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। 31 साल के एलिस से उम्मीद थी कि वह टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे, क्योंकि श्रीलंकाई गेंदबाज मथीशा पथिराना को केकेआर ने अपनी टीम में शामिल कर लिया है। सीएसके के अधिकारी ने बताया कि हां, वह बाहर हो गए हैं। हमने अभी तक उनके विकल्प के बारे में कोई फैसला नहीं किया है। एलिस ने 17 आईपीएल मैचों में 19 विकेट लिए हैं। उन्हें पंजाब के साथ चार सत्र बिताने के बाद 2025 की मेगा नीलामी में सीएसके ने दो करोड़ रुपए में खरीदा था और 2026 सत्र से पहले उन्हें टीम में बरक रार रखा गया था।



### परिवार के साथ समय बिताना चाहते हैं तेज गेंदबाज फार्ग्युसन

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फार्ग्युसन आईपीएल 2026 के शुरुआती चरण में पंजाब किंग्स के लिए नहीं खेल पाएंगे। हाल ही में पिता बने फार्ग्यूसन टूर्नामेंट के बाद के चरण में खेलने और सर्दियों के दौरों के लिए न्यूजीलैंड की टीम से जुड़ने से पहले अपने परिवार के साथ समय बिताने को प्राथमिकता देना चाहते हैं। फार्ग्यूसन की अनुपस्थिति में पंजाब अपने प्राथमिक 12 में बेन ड्वारशिवस को शामिल कर सकती है। पंजाब ने ड्वारशिवस को नीलामी में 4.2 करोड़ में खरीदा था। ड्वारशिवस के अलावा पंजाब के दल में अर्शदीप सिंह, मार्को यानसन, जेवियर बार्टलेट, यश ठाकुर, वैशख विजयकुमार और मार्कस स्टॉयनिस शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी-20 से पहले फार्ग्यूसन ने ऑकलैंड में कहा कि मेरा अभी बेटा हुआ है। मैं घर पर जितना संभव हो सके समय बिताने और अपनी पत्नी की मदद करने की कोशिश कर रहा हूं। इसके बाद मुझे कुछ हफ्तों का ब्रेक मिलेगा, जिसके बाद मैं आईपीएल के बाद के चरण और सर्दियों के दौरों के लिए रवाना हो जाऊंगा। ब्लैक कैप्स (न्यूजीलैंड) के लिए खेलना हमेशा से गर्व की बात रही है। भारत में इस समूह के साथ बिताए गए समय का मैंने काफी लुत्फ उठाया। लेकिन दुर्भाग्यवश मुझे सीजन की शुरुआत में चोट लग गई थी।

### इंग्लैंड के सैम कुरेन को ग्रोइन में चोट

ग्रोइन में चोट की आशंका के चलते राजस्थान रॉयल्स के सैम कुरेन का आईपीएल सीजन से बाहर होना तय माना जा रहा है। कुरेन ने पिछला मुकाबला 5 मार्च 2026 को भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप 2026 का सेमीफाइनल खेला था, जिसमें इंग्लैंड को हार मिली थी। कुरेन ने 2019 में पंजाब किंग्स के साथ अपने आईपीएल करियर की शुरुआत की थी और राजस्थान तीसरी टीम होती, जिनके लिए वह आईपीएल खेलते। 2020 और 2021 में सीएसके के लिए खेलने के बाद कुरेन को पंजाब ने 18.5 करोड़ में अपने दल में शामिल किया था और वह उस समय लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी भी बने थे। 2024 में कुरेन ने पंजाब के लिए ही खेला, लेकिन 2025 में सीएसके ने 2.4 करोड़ में नीलामी में खरीद लिया।



# इंग्लैंड दौरे से पहले आयरलैंड में टी-20 मैच खेलेगा भारत, स्टर्लिंग ने छोड़ी कप्तानी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इंग्लैंड के सफेद गेंद के दौरे से पहले विश्व चैंपियन भारत जून में टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए आयरलैंड का दौरा करेगा। आयरलैंड के हाई परफोरमेंस निदेशक ग्राहम वेस्ट ने इस सीरीज की पुष्टि तब की जब उन्होंने पॉल स्टर्लिंग के टी-20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान के पद से हटने के फैसले की घोषणा की। भारत 20 जून को खत्म होने वाली एक टेस्ट और तीन मैच की वनडे सीरीज के लिए अफगानिस्तान की मेजबानी कर रहा है। इसके बाद भारत एक जुलाई से 19 जुलाई तक पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे खेलने के लिए इंग्लैंड जाएगा, जबकि आयरलैंड सीरीज इंग्लैंड सीरीज से पहले होगी। ग्राहम वेस्ट ने कहा कि भारत के साथ होने वाली यह सीरीज उनकी आने वाली गर्मियों की योजनाओं का हिस्सा है। भारत ने पिछले सात साल में तीन बार (2018, 2022 और 2023) आयरलैंड का दौरा किया है। स्टर्लिंग वनडे में आयरलैंड की कप्तानी करना जारी रखेंगे और उन्होंने कहा कि वे सभी प्रारूपों में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



### तेंदुलकर के समर्थन से खुलेगी क्रिकेट अकादमी

**अहमदाबाद, जेएनएन।** सचिन तेंदुलकर के समर्थन से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस क्रिकेट अकादमी 10 अप्रैल से शुरू होगी, जिसमें पूर्व भारतीय खिलाड़ियों की एक टीम मार्गदर्शक के रूप में पांच वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण देगी। एसआरटी10 अल्टेवोल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस क्रिकेट अकादमी को पिछले साल लॉन्च किया जाना था, लेकिन अब वह संचालन के लिए तैयार है। इस अकादमी के बुनियादी ढांचे में पेशेवर क्रिकेट नेट, मैचों के आयोजन के लिए मैदान, आधुनिक साजो समान से सजा जिम और एक रनिंग ट्रैक शामिल हैं। एसआरटी10 ग्लोबल अकादमी पहले से ही नवी मुंबई स्थित डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में संचालित की जा रही है।

### अगरकर ने 2027 विश्व कप तक कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाने की मांग की

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट टीम के चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने बीसीसीआई से अपने कार्यकाल को 2027 वनडे विश्व कप तक बढ़ाने की औपचारिक गुजारिश की है। दरअसल, 2024 टी-20 वर्ल्ड कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी की खिताबी सफलता के बाद आईपीएल 2025 से ठीक पहले अगरकर का कॉन्ट्रैक्ट एक साल के लिए बढ़ाया गया था। अब घरेलू सरजमीं पर टी-20 वर्ल्ड कप खिताब बचाने के बाद उन्होंने अपने कार्यकाल को और लंबा करने की इच्छा जताई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस मुद्दे पर बोर्ड के अंदर शुरुआती स्तर पर चर्चा भी हो चुकी है। हालांकि, अंतिम फैसला अभी बाकी है। यह निर्णय ऐसे समय में लिया जाना है, जब भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अहम चरण में है और साथ ही 2027 वनडे विश्व की तैयारियों का रोडमैप भी तैयार किया जा रहा है। अगरकर जून 2023 से मेंस सीनियर चयन समिति के चेयरमैन हैं।

### 2028 विश्व इंडोर एथलेटिक्स की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत को गुरुवार को पोलैंड में हुई विश्व एथलेटिक्स परिषद की बैठक में प्रतिष्ठित विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी के अधिकार सौंपे गए, जिसका आयोजन भुवनेश्वर में किया जाएगा। यह फैसला पोलैंड के तोरून में 2025 विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप शुरू होने से ठीक एक दिन पहले अंतरराष्ट्रीय संस्था की बैठक में लिया गया। विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष आदिल सुमारिवाला ने बताया कि भारत को साल 2028 के लिए विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी गई है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने इस साल की शुरुआत में विश्व इंडोर चैंपियनशिप के लिए अपनी दावेदारी पेश की थी।

# बबलेश की तूफानी पारी से विदिशा ने ग्वालियर को हराया, साहेब एकादश 7.3 ओवर में जीता

**भोपाल, खेप्र।** विदिशा और साहेब एकादश ने स्व. कैलाश नारायण सारंग की स्मृति में आयोजित नौवें मास्टर्स कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में आसान जीत दर्ज की। विदिशा ने ग्वालियर को 24 रन से हाराया। साहेब एकादश की टीम आठ विकेट से जीती। ओल्ड कैंपियन मैदान पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी विदिशा की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 164 रन बनाए। एक समय टीम 45 रन पर 7 विकेट गंवा चुकी थी। बबलेश ने 36 गेंद पर 81 और नीलेश ने 24 रन का योगदान दिया। जवाब में ग्वालियर की टीम 140 रन ही बना सकी। हिमांशु तिवारी ने 48 और शैलेष शुक्ला ने 40 रन बनाए। विदिशा के नीलेश ने 3 विकेट लिए। गुंजन और प्रहलाद सिंह को दो-दो सफलता मिली।

**ऑल इंडिया मास्टर्स कप क्रिकेट टूर्नामेंट**



शेडो हॉक्स 13.1 ओवर में 89 रन पर सिमट गई। कान्हा मित्तल ने 27 और अमन सिंघई ने 21 रन का योगदान दिया। साहेब एकादश के विनोद पाल ने 12 रन देकर 5 विकेट लिए। जवाब में साहेब एकादश ने 7.3 ओवर में 2 विकेट खोकर मुकाबला आसानी से जीत लिया। पीयूष टंडन ने 36 और कार्तिकेय दुबे ने 34 रन का योगदान दिया। आदित्य और इल्लू ने 1-1 विकेट लिया। प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड बबलेश और विनोद को प्रदान किया गया। इससे पहले टूर्नामेंट का उद्घाटन खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया।

**आईपीएल: चोटों के चलते पंजाब के लिए पिछले सीजन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए थे चहल**

# पंजाब किंग्स के लिए अपना 150 फीसदी देने मैंने फिटनेस पर काम किया, शराब भी छोड़ी: युजवेंद्र

जेएनएन, नई दिल्ली

पिछले सीजन चोटों से जूझने के बाद युजवेंद्र चहल ने अपनी फिटनेस पर काफी ध्यान दिया है और 35 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उन्होंने अपनी टीम पंजाब किंग्स के लिए अपना 150 फीसदी देने के लिए शराब भी छोड़ दी है। चहल ने एबीडी विलियर्स के यूट्यूब चैनल एबीडी विलियर्स 360 पर कहा कि केकेआर के मैच के बाद मेरा हिप फ्रैक्चर हो गया और बाद में मेरे उंगली का जोड़ भी फ्रैक्चर हो गया। इसलिए सेमीफाइनल (क्वालिफायर्स) और फाइनल में ढंग से अपनी लेग स्पिन नहीं डाल पा रहा था, लेकिन इस साल सबसे पहले मैंने अपने शरीर पर ध्यान देने का फैसला किया और मेरे पास आपके लिए एक अच्छी खबर है- मैंने शराब छोड़ दी है। इसे छह महीने से ज्यादा का समय हो चुका है। मैं अब 35 वर्ष का हो चुका हूं, मैं और अधिक सक्रिय होना चाहता हूं और टीम के लिए 150 फीसदी देना चाहता हूं। एक सीनियर खिलाड़ी और गेंदबाज के रूप में मुझे लोग देखेंगे और कहेंगे, हमें इस आदमी से कुछ सीखने की जरूरत है।



### कोच-कप्तान से संपर्क करना आसान

चहल पंजाब के कोच रिकी पोंटिंग और कप्तान श्रेयस अय्यर से दोबारा जुड़ने के लिए तैयार हैं, जिनके नेतृत्व में पंजाब ने 11 वर्षों में पहली बार फाइनल तक का सफर तय किया। चहल ने कहा, रिकी और श्रेयस ने आईपीएल में साथ में दिल्ली कैपिटल्स के लिए काम किया था। तो उनके बीच काफी मधुर संबंध हैं और मैं मुंबई इंडियंस में रहते हुए पोंटिंग साथ खेल चुका हूं। लेकिन जब मैं उनसे मिला तो वह खिलाड़ियों और उनकी भूमिका को लेकर स्पष्ट थे। एक खिलाड़ी के तौर पर आप यही चाहते हैं। उनसे संवाद स्थापित करना काफी सरल है- आप उनके पास जा सकते हैं- रिकी को कभी भी मेसेज कर सकते हैं और वह हमेशा उपलब्ध थे। यही चीज श्रेयस के साथ भी है। वह यह महसूस नहीं होने देते कि वह कप्तान हैं।

### क्षीरधारा ग्राम संयुक्त समन्वय समिति की बैठक 23 को

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में क्षीरधारा ग्राम संयुक्त समन्वय समिति की जिला स्तरीय बैठक 23 मार्च को टीएल बैठक के उपरांत कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने संबंधितों से बैठक में उपस्थिति की अपेक्षा की है।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए 20 मार्च तक अवसर

**रीवा।** संभागीय आईटीआई रीवा में प्राइवेट उम्मीदवार के रूप में संस्था में संचालित विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश के लिए पात्र उम्मीदवार 20 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में प्राचार्य सोनम पाण्डेय ने बताया कि आवेदक पात्रता की शर्तों, शैक्षणिक योग्यता तथा अन्य विवरण के लिए कार्यालयीन समय में संभागी आईटीआई कार्यालय रीवा से संपर्क कर सकते हैं।

# कलश यात्रा के दौरान हर्ष फायर फोटोग्राफर के पैर में लगी गोली

## समान थाना क्षेत्र के गुलाब नगर की घटना, गोली चालन की तीन अन्य घटनाओं से रीवा में डर का माहौल



जागरण, रीवा

गुरुवार नव संवंत्सर के पहले दिन रीवा जिले में गोली चालन की चार घटनाओं ने डर का माहौल पैदा कर दिया है। एक घटना हर्ष फायर दौरान घटित हुई तो तीन अन्य में किसी को धमकाने के लिए गन शॉट स्थिति निर्मित रही। बढ़ते अग्नेय अस्त्रों का उपयोग रीवा के शांति माहौल को प्रभावित कर रहे हैं जिस पर रोकथाम जरूरी है।

पहली घटना में शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत गुलाब नगर में गोली चालन से हड़कंप मच गया। चर्चा है कि हर्ष फायर के दौरान युवक के पैर के पंजे में गोली लगी जिसे उपचार के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल युवक पवन सेन निवासी गुलाब नगर कलश यात्रा की फोटोग्राफी कर रहा था। बताया गया कि दो राउंड पहले फायर किया गया, जिसके बाद तीसरा फायर पवन के पैर में हो गया, जिससे उसके पंजे पर गोली धंस गई। घटना की जानकारी के बाद समान थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। समान थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर पहले दिन गुलाब नगर से पचमठा तक कलश यात्रा का आयोजन किया गया था। कलश यात्रा पचमठा से वापस लौट रही थी, जैसे ही गुलाब नगर पहुंची कलश यात्रा में शामिल एक युवक ने हर्ष फायर किया। दो राउंड आसामान में फायर किया गया जबकि तीसरी गोली फोटोग्राफी कर रहे युवक के पैर के पंजे में लग गई। चर्चा है कि गोली चलाने वाला युवक यूपी का है। समान थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि घायल युवक को उपचार के लिए शहर के प्रार्थना हास्पिटल में लाया गया जहां चिकित्सक उसकी सर्जरी कर रहे हैं, घायल के बयान के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

### कट्टा के साथ सोशल मीडिया में दिखाई धौंस

जिले में गोली चालन की घटनाएं एक ओर लगातार बढ़ रही है, वहीं अवैध पिस्टल, देशी कट्टा आसानी से अपराधियों के हाथों में पहुंच रहे हैं, पुलिस अवैध हथियारों के सप्लायरों तक नहीं पहुंच पा रही। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में युवक यह कहता सुनाई पड़ रहा है कि प्रशासन मुझसे परेशान है और उसका कुछ नहीं कर सकता। शहर में उसका नाम चलता है। सोशल मीडिया पर एक युवक का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जो अवैध कट्टा लहराते हुए खुद को अभिषेक ठाकुर बता रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वीडियो कब और कहां का है, लेकिन युवक का इस तरह हथियार के साथ सार्वजनिक रूप से धमकाना कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है।

### स्विफ्ट कार में गोली चालन की चर्चा

शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत भी गोली चालन घटना की चर्चा है, पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है। स्विफ्ट कार सवार आयुष त्रिपाठी के ऊपर फायरिंग की बात कही जा रही है। बताया गया कि गोली कार में लगी, जिसके बाद युवक ने पेट्रोल पंप में पहुंचकर अपनी जान बचायी। घटना की शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की है। आरोप है कि केवट परिवार के कुछ युवक पुरानी रंजिश को लेकर अवैध पिस्टल से फायरिंग किए हैं।

### इन घटनाओं ने भी फैलाई दहशत



बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के मझगवां पठकन टोला में गुरुवार को भू माफिया द्वारा जमीन की रजिस्ट्री करवाने को लेकर एक परिवार को गोली मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पीड़ित परिवार ने घटना का वीडियो भी बनाया है। जिसमें आधा दर्जन लोग मौके पर पहुंचे थे, जिसमें कुछ बंदूकधारी भी नजर आ रहे हैं। घटना को लेकर समय लाल तिवारी ने बताया कि उनकी एक एकड़ पांच डिसमिल जमीन खमरिया में थी। पैसे की किल्लत से वो पचास डिसमिल की रजिस्ट्री करवाने के लिए एग्रीमेंट करवाए लेकिन एक एकड़ का करवा लिया गया, जिसकी रजिस्ट्री वो करवा दिए। पांच डिसमिल उनकी जमीन शेष है जिसे वो नहीं देना चाहते लेकिन भू माफिया बंदूक की नोक पर पांच डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री करवाने का दबाव बना रहे हैं। पिछले पंद्रह दिन से लगातार भू माफिया दबंगों को उनके घर भेज रहे हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे उनके घर हर्षित मिश्रा, रीतेश अग्निहोत्री, अभय मिश्रा व अतुल तिवारी सहित लोग पहुंचे, दो लोग बंदूक लिए थे। पीड़ित ने बताया कि उनकी बेटी छत में थी जिसने पूरी घटना का वीडियो भी बनाया। पीड़ित के मुताबिक राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस मामले में उनकी मदद नहीं कर रही। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधिकारियों से जान माल की सुरक्षा के लिए मदद की गुहार लगाई है।




# दुकान का शटर तोड़कर लाखों के आभूषण चुरा ले गए बदमाश

## सिविल लाइन थाना क्षेत्र के छोटी पुल के पास की घटना



**जागरण, रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटी पुल ढेकहा के समीप सिटी सुपर बाजार के सामने जेके ज्वेलर्स के नाम से संचालित सराफा दुकान में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने धावा बोला। बदमाशों ने दुकान के शटर का ताला तोड़कर अंदर से दो से ढाई लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए। घटना की जानकारी गुरुवार की सुबह दुकान संचालक को हुई जिसके बाद उसने सूचना पुलिस को दी। सिविल लाइन पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण कर अज्ञात चोरों की तलाश कर रही है। जेके ज्वेलर्स के संचालक जितेंद्र सोनी ने बताया कि बीते दिन उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं था, जिसके चलते वो दोपहर में ही दुकान का शटर बंद कर घर चले गए थे। गुरुवार सुबह फोन आया कि उनकी दुकान की शटर का ताला टूटा हुआ है, वो दुकान पहुंचे तो देखा दुकान की काउंटर में रखे आभूषण चोरी है, जिसकी शिकायत पुलिस से की गई। पीड़ित के मुताबिक आरोपी शटर का ताला तोड़कर दुकान के अंदर घुसे और लॉकर को तोड़ने का भी प्रयास किया लेकिन लॉकर नहीं तोड़ पाए लेकिन चोरों ने काउंटर में रखे हुए तकरीबन ढाई लाख रुपये कीमत के सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए है।

# मारपीट कर व्यापारी से रुपए छीनने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार



**जागरण, रीवा।** ठेला व्यापारी से मारपीट कर रुपए छीनने वाले आरोपी को सिरमौर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है। घटना के बाद से आरोपी फरार था, जिसकी तलाश में पुलिस लगी हुई थी। सिरमौर पुलिस के मुताबिक ठेला व्यापारी से आरोपी ने शराब पीने के लिए पैसे मांगे, जब उसने देने से इंकार किया तो आरोपी ने मारपीट कर रुपए छीन लिये। शिकायत के बाद मामला पंजीबद्ध किया गया था, घटना के बाद से आरोपी फरार था, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। फरार आरोपी प्रभाकर रावत उर्फ लाली के विरुद्ध पीड़ित ठेला व्यापारी रामबाबू यादव ने शिकायत दर्ज करवाई थी। पीड़ित के साथ 9 मार्च की रात करीबन 10 बजे जब वह अपने घर जा रहा था तभी प्रभाकर द्वारा रास्ते में शराब पीने के लिए पैसे मांगे, मना किया तो गाली गलौज करते हुए लात घूंसे व डंडे से हमला कर दिया। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 296,119(1),115(2),351(3)मामला पंजीबद्ध किया था जिसे गुरुवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# मधुमक्खियों के हमले से दर्जनभर महिला-पुरुष और बच्चे घायल

## माता के मंदिर और मुक्तिधाम के सामने आई घटना



**जागरण, रीवा।** मधुमक्खियों के हमले से गुरुवार को दर्जनभर लोग घायल होकर संजय गांधी अस्पताल पहुंचे जिनका उपचार चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है। पहली घटना सेमरिया थाना क्षेत्र के खड्डा गांव में स्थित माँ की प्राचानी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए चैत्र नवरात्र के पहले दिन पहुंचे थे, तभी मधुमक्खियों ने हमला कर दिया जिससे कई महिला पुरुष और बच्चे घायल हुए हैं। वहीं दूसरी घटना शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बंदरिया मुक्तिधाम में गुरुवार को कई लोगों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई। इसे लेकर माता के दरबार समिति ने जिला प्रशासन एवं नगर निगम आयुक्त से मधुमक्खियों से बचाव के लिए उचित प्रबंध की मांग की है, लोगों का कहना है कि आए दिन संस्कार के लिए लोग यहां पहुंचते हैं, ऐसे में यहां मधुमक्खियों का खतरा बना रहता है।



### पीपल के पेड़ के नीचे चल रही थी पूजा तभी मधुमक्खियों ने किया हमला

सेमरिया के खड्डा गांव में स्थित मंदिर में मां काली के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं के मुताबिक मंदिर परिसर में पीपल के पेड़ के नीचे बैठकर वो पूजापाठ के साथ हवन कर रहे थे, कुछ महिलाएं माता को जल चढ़ा रही थीं। तभी धुआं मधुमक्खियों के छत्ते तक पहुंच गया जिससे मधुमक्खियों ने लोगों पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से मंदिर परिसर में अफरातफरी मच गई। इस दौरान कई श्रद्धालु घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में राजकुमार पांडे की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिनका इलाज अस्पताल में जारी है। वहीं इस घटना में 10 वर्षीय बच्ची नव्या सिंह भी घायल हुई है जो खड्डा गांव की रहने वाली बताई जा रही है।

# ड्यूटी से लौट रहे आरक्षक को अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर, मौत



**रीवा।** ड्यूटी पूरी कर घर लौट रहे आरक्षक की सड़क हादसे में बुधवार को मौत हो गई। आरक्षक बेला चौकी में पदस्थ था। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बेला पुलिस चौकी में पदस्थ आरक्षक विकास चतुर्वेदी निवासी ग्राम पड़री थाना सिरमौर बुधवार रात्रि तकरीबन 10 बजे डायल 112 में ड्यूटी पूरी कर बाइक से अपने कमरे रामपुर बघेलान जा रहे थे, इसी दौरान ग्राम उमरी के समीप ढाबा के सामने वो सड़क हादसे का शिकार हो गए। घटना दिनांक को यह स्पष्ट नहीं हो पाया था कि आरक्षक की मौत कैसे हुई। पीएम के बाद यह बात सामने आई है कि आरक्षक विकास की मौत किसी वाहन की ठोकर मारने से हुई है। गंभीर रूप से घायल आरक्षक को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया जहां जांच उपरांत चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि आरक्षक विकास चतुर्वेदी पूर्व में सेना में सेवारत थे, जहां से सेवानिवृत्त होने के बाद वो पुलिस विभाग में सेवा दे रहे थे, हादसे के बाद परिजनों का रो रोकर बुराहाल था। घटना के बाद रामपुर बघेलान पुलिस इस पूरे मामले में मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन की पहचान व उसकी तलाश में लगी हुई है।




















## डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस के मिलते-जुलते नामों से प्रोडक्ट बेचने वालों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी

जागरूक रहें, आजकल सस्ती व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के मद्देनज़र कुछ दुकानदार **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** के मिलते-जुलते नामों से अन्य गद्दे बेच रहे हैं। इस संदर्भ में उन पर आवश्यक कानूनी कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है। आज की इस पब्लिक नोटिस से यह स्पष्ट माना जाए कि प्रसिद्ध ब्रांड **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** को यदि कोई भी व्यक्ति, फर्म, संस्था अथवा कम्पनी किसी भी रूप में नकल करता या बेचता है, उन सभी पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

सभी उपभोक्ता एवं दुकानदार कृप्या यह ध्यान दें कि **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** रेंज के सभी प्रोडक्ट्स केवल **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** के नाम से ही आते है। इसलिए मिलते-जुलते नामों से धोखा न खाएं व पूरा नाम पढ़कर ही प्रोडक्ट खरीदें। यदि आपको कोई प्रोडक्ट **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** के मिलते जुलते नाम से बाजार में मिलता है तो इसकी सूचना तुरन्त हमारी **Email: info@drorthooil.com** या **Helpline No.: 8264822252** पर दें।

आपके द्वारा दी गई सूचना पर यदि कोई दुकानदार अथवा निर्माता पकड़ा जाता है तो आपको ₹ 1,00,000/- का नकद इनाम दिया जाएगा एवं आपका नाम गुप्त रखा जायेगा। जागरूक रहें- डा. ऑर्थो मैट्रेस का पक्का बिल अवश्य लें।




### शोक संदेश



महानुभाव,
अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी पूज्यनीय माता जी

**श्रीमती प्रेमा सिंह परिहार**
(धर्मपत्नी स्व.श्री हीरालाल सिंह परिहार)

का बैकुण्ठ गमन दिनांक : 13 मार्च 2026, शुक्रवार को हो गया है दिवंगत आत्मा की शांति हेतु वैदिक विधि से कार्यक्रम निम्नानुसार है-

कार्यक्रम विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 22 मार्च 2026 रविवार | - | दशगात्र (शुद्ध) |
| 23 मार्च 2026 सोमवार | - | एकादशाः (कर्म) |
| 25 मार्च 2026 बुधवार | - | त्रयोदशाः (तेरहवीं) |

अतः उपस्थित होकर ब्रम्हलीन आत्मा को शांति प्रदान करें।

शोक संतप्त परिवार : - राजेन्द्र सिंह, नारेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सिंह, सिद्धार्थ सिंह, विधान सिंह, गौरव प्रताप सिंह (यश)

शोकाकुल: दिवाकर सिंह, बृजेन्द्र सिंह

कार्यक्रम स्थल :- निज-निवास ग्रह ग्राम बरहदी, तह. रायपुर कर्चु. रीवा
संपर्क करें : 9993599022, 8718819555

संस्थान : ♦ लैण्डमार्क, रीवा ♦ लैण्डमार्क TVS निराला नगर


जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः-** **मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com